देश का Darpan News TV
Comming Soon
काम करने के लिए सम्पर्क करें

दैनिक समाचार पत्र

देश का दर्पण न्यूज

राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, हरियाणा, दिल्ली व महाराष्ट्र से प्रकाशित

अब आपके मोबाइल पर डिजिटिल अखबार
प्रदेश के ताजा समाचार
अपने लेख एवं समाचार भेंजे
सम्पादक : उमेन्द्र राजपूत
7014997449, 9636058201
Email : deshkadarpannews@gmail.com
web.: www.deshkadarpannews.co

वर्ष-5, अंक:141 | जयपुर, गुरुवार, 31 जुलाई 2025 | मूल्य : 5.00 पेज:

जनता दर्शन में सीएम योगी ने सुनीं समस्याएं, कहा- जरूरतमंद को आवास दिलाएंगे, इलाज भी कराएंगे

एजेंसी

गोरखपुर । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने आवास के लिए जरूरतमंद लोगों को आवास दिलाने और गंभीर बीमारियों से पीड़ितों के इलाज में भरपूर आर्थिक सहायता देने का आत्मीय संबल दिया। उन्होंने कहा कि सरकार हर जरूरतमंद और पात्र व्यक्ति को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने तथा हर समस्या के प्रभावी निस्तारण के लिए संकल्पित है। जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जन समस्याओं पर त्वरित संवेदनशीलता दिखाएं।

बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 200 लोगों से मुलाकात की। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में बैठाए गए लोगो तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक-एक कर उनकी समस्याओं को सुना। ध्यान से बात सुनते हुए उनके प्रार्थना पत्र लिए और निस्तारण के लिए संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को संदर्भित कर निर्देशित किया कि सभी समस्याओं

का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और सन्तुष्टिपरक होना चाहिए। जनता दर्शन में एक महिला ने आवास की समस्या बताई। मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि उन्हें सरकार की योजना के तहत आवास दिलाया जाएगा। इसे लेकर उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित भी किया। कहा कि सरकार की मंशा है कि हर जरूरतमंद के पास पक्का आवास हो। जनता दर्शन में हर बार की तरह इस बार भी कुछ लोग इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए थे। मुख्यमंत्री ने उन्हें भरोसा दिया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अफसरों को निर्देश दिया कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का इस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए। इस्टीमेट मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी। जमीन कब्जा किए जाने से संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस को निर्देश दिया कि यदि कोई दबंग किसी की जमीन जबरन कब्जा कर रहा हो तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। जनता दर्शन में परिजनों के साथ आए बच्चों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खूब दुलारा और आशीर्वाद दिया। साथ ही उन्हें खूब पढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए चॉकलेट गिफ्ट किया।

संघ के वरिष्ठ प्रचारक माणकचंद का निधन

एजेंसी

जयपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक और पाथेय कण पत्रिका के संरक्षक माणकचंद (भाई जी) का 12:15 बजे यहां के एसएमएस अस्पताल में निधन हो गया। वे 83 वर्ष के थे और पिछले एक माह से किडनी संबंधी बीमारी से ग्रस्त थे। संघ के प्रचार विभाग के मुताबिक, मानकचंद पिछले 60 वर्षों से संघ के प्रचारक के थे। उन्होंने 34 वर्षों तक पाथेय कण पत्रिका के प्रबंध संपादक के रूप में कार्य किया। वे आपातकाल के दौरान जेल भी गए। संघ कार्य के प्रति उनका समर्पण, अनुशासन और वैचारिक स्पष्टता उन्हें प्रचारकों की नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा है। पाथेय कण के माध्यम से उन्होंने वैचारिक जागरूकता का जो कार्य किया, वह लंबे समय तक स्मरणीय रहेगा। उनके निधन से संघ परिवार, पाथेय परिवार एवं भारतीय विचार की पत्रकारिता जगत में शोक की लहर है।

वायनाड हादसे के पीड़ितों का कर्ज माफ करे केंद्र: प्रियंका गांधी

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने वायनाड क्षेत्र में पिछले साल हुए हादसे पर केंद्र सरकार के रवैये पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि एक साल बाद भी वायनाड हादसे के पीड़ित लोग संघर्ष कर रहे हैं। यह बेहद दुखद है कि सरकार ने पीड़ितों के लिए भेजी गई सहायता को ऋण के रूप में भेजा। पीड़ितों का कर्ज माफ किया जाना चाहिए। प्रियंका गांधी ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा, वह लोग उस ऋण को कैसे चुकाएंगे? केंद्र सरकार के लिए यह एक छोटी सी राशि है, प्रधानमंत्री को यह पैसा माफ कर देनी चाहिए। प्रियंका ने कहा कि वह संसद में चल रही बहस के कारण वायनाड नहीं पहुंच सकीं, लेकिन उन्होंने वहां के लोगों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। यह वायनाड के लोगों के लिए बहुत कष्टदायक रहा है और वह उनके दुःख को

बहुत गहरे से महसूस करती हैं, क्योंकि उन्हें वहां के लोगों से अपार प्रेम मिला है। प्रियंका ने कहा कि वायनाड के लोग इस त्रासदी से जल्दी उबरेंगे और अपने जीवन को आगे बढ़ा सकेंगे।

राज्यसभा में चर्चा : मनोज झा ने कहा पहलगाम आतंकवादी हमला देश की सामूहिक पीड़ा

नई दिल्ली ।राज्यसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान राष्ट्रीय जनता दल के सांसद मनोज झा ने पहलगाम आतंकवादी हमले को देश की सामूहिक पीड़ा बताया। उन्होंने कहा कि यह केवल हमले में मारे गए 26 व्यक्तियों के परिवारों की पीड़ा नहीं, बल्कि पूरे देश की पीड़ा है। मनोज झा ने ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा को आगे बढ़ाते हुए कहा कि एक परिपक्व लोकतंत्र में यह अंतर स्पष्ट होना चाहिए कि सैन्य सेवा और राजनीतिक नेतृत्व अलग-अलग चीजें हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा में प्रधानमंत्री को सरकार का पक्ष रखना चाहिए था, लेकिन पीएम ने कहा कि वे भारत का पक्ष रखने सदन में आए हैं। झा ने कहा कि हमने प्रश्न सरकार से किए हैं; हमारा प्रश्न भारत माता से नहीं है, न ही सेना से। मनोज झा ने कहा कि 'गवर्नमेंट एज नॉट द नेशन' चाहे कोई भी सरकार हो, वह राष्ट्र की पर्याय नहीं है। उन्होंने कहा कि कल हममें से बहुत सारे लोग नहीं होंगे। सरकार भी बदल जाएगी। पार्टियां विलुप्त हो जाएंगी, लेकिन देश तो तब भी रहेगा।उन्होंने संसद की चर्चाओं का जिक्र करते हुए कहा कि नेहरू का नाम बार-बार घसीटा जाता है। अगर इतने बरसों बाद भी नेहरू आपको परेशान कर रहे हैं तो इसका मतलब है कि कुछ तो बात थी उस बंदे में। वहीं जम्मू कश्मीर को लेकर भी उन्होंने

सरकार से मांग की। मनोज झा ने कहा कि वह सरकार के समक्ष अर्जी लगाते हैं कि जम्मू कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल किया जाए। उन्होंने राज्य सभा में कहा कि देश की इतनी मित्र मित्रविहीनता कभी नहीं रही है। मनोज झा ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद विदेशों में गुडविल मिशन भेजे गए। यह एक अच्छा कदम था। ऐसे मिशन लगातार भेजें, लेकिन ऐसे गुडविल मिशन देश के भीतर भी भेजें। उन्होंने कहा कि देश में एक कर्नल को उसके नाम, सरनेम के आधार पर एक मंत्री उनके लिए अपशब्द कहता है। राज्यसभा सभा में बोलते हुए उन्होंने कहा कि हम प्रधानमंत्री के साथ हैं। मैं प्रस्ताव करता हूं कि हम सामूहिक रूप से अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के बयान का खंडन करें। इससे पहले उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप लगातार यह कह रहे हैं कि उन्होंने भारत व पाकिस्तान के बीच युद्ध रुकवाया है। झा ने कहा कि सदन एक स्वर में अमेरिकी राष्ट्रपति के इस बयान को खारिज कर इसे झूठ करार दे।

पुंछ में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में दो आतंकवादियों को किया ढेर

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में भारतीय सेना के जवानों ने बुधवार को दो आतंकवादियों को ढेर करके घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया। रक्षा प्रवक्ता ने कहा, एक घुसपैठ विरोधी सफल अभियान में भारतीय सेना के सतर्क जवानों ने नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए दो आतंकवादियों को मार गिराया। उन्होंने कहा कि त्वरित कार्रवाई और सटीक गोलाबारी ने आतंकवादियों के नापाक मंसूबों को नाकाम कर दिया

और मौके से तीन हथियार भी बरामद किए गए हैं। नगरोटा स्थित व्हाइट नाइट कोर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी पुष्टि की। रक्षा अधिकारी ने कहा कि हमारी खुफिया इकाइयों और जम्मू-कश्मीर पुलिस से मिली समन्वित और समन्वित खुफिया सूचनाओं के आधार पर एक सफल अभियान चलाया गया, जो अभी चल रहा है।

कान खोलकर सुन लें, 22 अप्रैल से 16 जून तक पीएम मोदी–ट्रंप में कोई बातचीत नहीं हुई : जयशंकर की विपक्ष को दो टूक

एजेंसी

नई दिल्ली । राज्यसभा में बुधवार को विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भारत की विदेश और रक्षा नीति पर विपक्ष के सवालों का करारा जवाब दिया। जयशंकर ने कहा कि भारत ने निर्धारित लक्ष्यों पर सटीक कार्रवाई की और ऑपरेशन सिंदूर को लेकर दुनिया के किसी भी नेता ने भारत पर दबाव नहीं डाला। इसी दौरान विदेश मंत्री जब संसद में ऑपरेशन सिंदूर को लेकर जवाब दे रहे थे, तभी विपक्षी नेता हंगामा करने लगे। इस दौरान उन्होंने विपक्षी दलों के नेताओं को टोकते हुए कहा, %%मैं उनको कहना चाहता हूं, वो कान खोलकर सुन लें। 22 अप्रैल से 16 जून तक, एक बार भी प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के बीच फोन पर बातचीत नहीं हुई थी।' उन्होंने कहा कि अमेरिका, सऊदी अरब और अन्य देशों से जो भी संवाद हुआ, वह पूरी तरह पारदर्शी और रिकॉर्ड में है। उन्होंने सोशल मीडिया पर साझा जानकारी का हवाला देते हुए कहा कि भारत ने स्पष्ट कर दिया कि पाकिस्तान यदि संघर्ष विराम चाहता है, तो उसे हमारे डीजीएमओ चैनल से संवाद करना होगा। चीन और पाकिस्तान को लेकर विपक्ष पर हमला बोलते हुए

जयशंकर ने कहा कि भारत की कूटनीतिक सफलता इस बात से साबित होती है कि यूएनएससी में भारत भले ही स्थायी सदस्य न हो, लेकिन सुरक्षा परिषद प्रमुख का बयान भारत के पक्ष में आया। रूस सहित कई देशों ने भारत का समर्थन किया। उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा, 'जो लोग मुंबई हमलों पर चुप रहे थे, आज वे हमें ज्ञान दे रहे हैं।' विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि भारतीय सेना को किसी के समर्थन की जरूरत नहीं है और उसने आतंकियों के ठिकानों पर खुद ही सफलतापूर्वक कार्रवाई की है। उन्होंने नूर खान एयरबेस सहित कई आतंकवादी और सैन्य ठिकानों पर की गई तबाही का जिक्र करते हुए कहा कि सेना का श्रेय किसी और को देना उसका अपमान होगा। 'न्यू नॉर्मल' और 'कांग्रेस नॉर्मल' की तुलना करते हुए जयशंकर ने पांच बिंदुओं पर आधारित भारत की नई रणनीति राज्यसभा में प्रस्तुत की। चीन-पाकिस्तान संबंधों पर बोलते हुए उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसा और कहा कि कुछ नेता 'ओलंपिक की क्लासरूम' में जाकर चीन का ज्ञान लेकर आए हैं और चीनी राजदूत से 'ट्यूशन' लेते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि 2006 में कांग्रेस सरकार ने हू जिंताओ की यात्रा के दौरान चीनी कंपनियों को 3जी और 4जी जैसे क्षेत्रों में आमंत्रित कर देश की सुरक्षा से समझौता किया।

अश्लील और असंवेदनशील सामग्री पर नकेल कसते हुए अब तक 43 ओटीटी प्लेटफॉर्म किए गए ब्लॉक: अश्विनी वैष्णव

एजेंसी

नई दिल्ली । केंद्र सरकार ने बुधवार को संसद को सूचित किया कि अश्लील, अडल्ट, हिंसक या सांस्कृतिक रूप से असंवेदनशील सामग्री के प्रसार को रोकने और कानूनी एवं नैतिक मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए अब तक 43 ओवर-द-टॉप (ओटीटी) प्लेटफॉर्म ब्लॉक किए गए हैं। सरकार ने आईटी अधिनियम, 2000 के तहत 25 फरवरी 2021 को सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया, आचार संहिता) नियम, 2021 को अधिसूचित किया है। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में बताया, नियमों के भाग-III में डिजिटल समाचार प्रकाशकों और ऑनलाइन क्यूरेटेड सामग्री (ओटीटी प्लेटफॉर्म) के प्रकाशकों के लिए एक आचार संहिता का प्रावधान है। ओटीटी प्लेटफॉर्म्स का दायित्व है कि वे ऐसी कोई भी सामग्री प्रसारित न करें, जो वर्तमान में लागू कानून द्वारा निषिद्ध है।÷

उन्होंने एक प्रश्न के लिखित

उत्तर में बताया कि ओटीटी प्लेटफॉर्म नियमों की अनुसूची में दिए गए सामान्य दिशानिर्देशों के आधार पर, सामग्री का आयु-आधारित स्व-वर्गीकरण करने के लिए बाध्य हैं, जिसमें नग्नता, यौन और हिंसा से संबंधित चित्रण से संबंधित प्रावधान शामिल हैं। केंद्रीय मंत्री के अनुसार, ओटीटी प्लेटफॉर्म बच्चों के लिए आयु-अनुचित सामग्री को प्रतिबंधित करने के लिए पर्याप्त सुरक्षा उपाय लागू करने के लिए भी बाध्य हैं, जिसमें पर्याप्त पहुंच नियंत्रण उपाय शामिल हैं। इसके अलावा, आईटी अधिनियम, 2000 की धारा 79(3)(बी) में संबंधित सरकारों द्वारा मध्यस्थों को गैरकानूनी कार्य या सामग्री की सूचना देने का प्रावधान है ताकि ऐसी सामग्री तक पहुंच को असक्षम किया जा सके।

सरकार ने ओटीटी प्लेटफॉर्म और ओटीटी प्लेटफॉर्म के स्व-नियामक निकायों को अपने प्लेटफॉर्म पर सामग्री की मेजबानी करते समय भारतीय कानूनों और आईटी नियम, 2021 के तहत निर्धारित आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करने के लिए पहले ही एक सलाह जारी कर दी है। केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने कहा, संबंधित मंत्रालयों के साथ उचित परामर्श के बाद अब तक 43 ओटीटी प्लेटफॉर्म को ब्लॉक कर दिया गया है। गैरकानूनी और अश्लील सामग्री पर नकेल कसने के लिए, सरकार ने पिछले सप्ताह इंटरनेट सेवा प्रदाताओं (आईएसपी) को उल्लू, एएलटीटी और देसीफ्लिक्स जैसे बड़े और लोकप्रिय नामों सहित 25 ओटीटी प्लेटफॉर्म्स तक पब्लिक एक्सेस को बंद करने का निर्देश दिया। इस कदम का उद्देश्य ऐसी सामग्री के प्रसार पर अंकुश लगाना था, जिसे यौन रूप से स्पष्ट और भारतीय कानूनी व सांस्कृतिक मानकों का उल्लंघन करने वाला माना जाता है।

प्रतिबंधित ऐप्स में बिग शॉट्स ऐप, बूमेक्स, नवरसा लाइट, गुलाब ऐप, कंगन ऐप, बुल ऐप, जलवा ऐप, वाउ एंटरटेनमेंट, लुक एंटरटेनमेंट, हिटप्राइम, फेनेओ, शोएक्स, सोल टॉकीज, अड्डा टीवी, हॉटएक्स वीआईपी, हलचल ऐप, मूडएक्स, नियॉनएक्स वीआईपी, फुगी, मोजफ्लिक्स और ट्राइफ्लिक्स शामिल हैं।

राहुल गांधी का बड़ा दावा: 'ट्रंप ट्रेड डील में पीएम मोदी को दबाएंगे'

एजेंसी

नई दिल्ली । कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोलते हुए दावा किया है कि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, संभावित ट्रेड डील के जरिए भारत के प्रधानमंत्री को दबाव में लाने की कोशिश करेंगे। राहुल गांधी ने कहा, प्रधानमंत्री ने ट्रंप का नाम नहीं लिया। ये सबको मालूम है क्या हुआ है, लेकिन प्रधानमंत्री कुछ बोल नहीं पा रहे हैं। अगर उन्होंने सच बोल दिया, तो ट्रंप खुलकर बयान देंगे और पूरी सच्चाई सामने रख देंगे। इसलिए प्रधानमंत्री चुप हैं। उन्होंने आगे कहा कि ट्रंप बार-बार एक ही बात को दोहरा रहे हैं ताकि वह भविष्य की ट्रेड डील में भारत को झुका सकें। आप देखिएगा, आने वाली ट्रेड डील में क्या शर्तें होती हैं। ट्रंप इस मुद्दे को अपने फायदे के लिए इस्तेमाल करेंगे। इसी मसले पर कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री दोनों ने गोलमोल तरीके से बात की है. उन्हें सीधा कहना चाहिए कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप झूठ बोल रहे हैं. जयशंकर ने जोर देते हुए कहा कि इस सैन्य कार्रवाई को रोकने का व्यापार से कोई संबंध



नहीं था. साथ ही यह भी बताया कि पीएम मोदी और ट्रंप के बीच 22 अप्रैल से 16 जून के बीच फोन पर कोई बातचीत नहीं हुई. पीएम मोदी ने भी कल लोकसभा में कहा था कि दुनिया के किसी नेता ने ऑपरेशन सिंदूर रोकने के लिए नहीं कहा था।

अब 15 अगस्त तक कर सकेंगे पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन

एजेंसी

नई दिल्ली । इस वर्ष के पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन/अनुमोदन जमा करने की अंतिम तारीख 31 जुलाई से बढ़ाकर 15 अगस्त, 2025 कर दी गई है। गृह मंत्रालय की विज्ञप्ति के अनुसार पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन/अनुमोदन केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल (https://awards.gov.in) पर ऑनलाइन प्राप्त की जाएंगी। गणतंत्र दिवस, 2026 के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कार-2026 के लिए नामांकन/अनुमोदन इस वर्ष की प्रक्रिया इस वर्ष 15 मार्च से चल रही थी, जो गुरूवार (31 जुलाई) को समाप्त होने वाली थी। पद्म पुरस्कार, अर्थात- पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल हैं। वर्ष 1954 में स्थापित इन पुरस्कारों की

घोषणा प्रतिवर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है। इन पुरस्कारों के अंतर्गत 'उत्कृष्ट कार्य' के लिए सम्मानित किया जाता है। पद्म पुरस्कार कला, साहित्य एवं शिक्षा, खेल, चिकित्सा, समाज सेवा, विज्ञान एवं इंजीनियरी, लोक कार्य, सिविल सेवा, व्यापार एवं उद्योग आदि जैसे सभी क्षेत्रों/विषयों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों/सेवा के लिए प्रदान किए जाते हैं। जाति, व्यवसाय, पद या लिंग के भेदभाव के बिना सभी व्यक्ति इन पुरस्कारों के लिए पात्र हैं। चिकित्सकों और वैज्ञानिकों को छोड़कर अन्य सरकारी सेवक, जिनमें सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में काम करने वाले सरकारी सेवक भी शामिल हैं, पद्म पुरस्कारों के पात्र नहीं हैं। गृह मंत्रालय के अनुसार सरकार पद्म पुरस्कारों को पीपल्स पद्म बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। अतः सभी नागरिकों से अनुरोध है कि वे नामांकन/सिफारिशें करें।

प्रधानमंत्री दो अगस्त को वाराणसी से जारी करेंगे किसान सम्मान निधि की अगली किस्त

एजेंसी

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी किसान सम्मान निधि की अगली किस्त 2 अगस्त को जारी करेंगे। प्रधानमंत्री इस बार अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में आयोजित एक समारोह में 20वीं किस्त में 9.7 करोड़ किसानों को करीब 20,500 करोड़ की राशि का हस्तांतरण करेंगे।

इस संबंध में बुधवार को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय बैठक हुई। बैठक में 2 अगस्त को प्रधानमंत्री के नेतृत्व में वाराणसी में आयोजित होने वाले कार्यक्रम और अधिक से अधिक किसानों तक लाभ सुनिश्चित करने की तैयारियों को लेकर व्यापक विचार-विमर्श हुआ। बैठक में देशभर के 731 कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके), भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) और कृषि

विश्वविद्यालयों के निदेशक, कुलपति एवं प्रमुख वर्चुअल माध्यम से शामिल रहे। केंद्रीय मंत्री चौहान ने वाराणसी में होने वाले आयोजन में राष्ट्रीय, राज्य, जिला और ग्रामीण स्तर पर किसानों को जोड़ने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और देशव्यापी स्तर पर अभियान के रूप में कार्यक्रम आयोजित करने के लिए रूपरेखा तय करने को कहा। उल्लेखनीय है कि किसान सम्मान निधि के अन्तर्गत 6 हजार रुपये की राशि 3 किस्तों में जारी होती है और प्रत्येक 4 माह में एक किस्त जारी की जाती है। वर्ष 2019 से शुरू हुई योजना के तहत अब-तक जारी 19 किस्तों में किसानों के खातों में 3.69 लाख करोड़ की राशि हस्तांतरित की जा चुकी है।

चार देशों के राजनयिकों ने राष्ट्रपति को परिचय पत्र प्रस्तुत किए

एजेंसी

नई दिल्ली । चार देशों डोमिनिकन गणराज्य, तिमोर-लेस्ते, श्रीलंका और गैबोनीज़ गणराज्य के राजदूतों तथा उच्चायुक्तों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को अपने परिचय पत्र प्रस्तुत किये। राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार इन राजनयिकों ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में अपने परिचय पत्र पेश किये। परिचय पत्र प्रस्तुत करने वालों में डोमिनिकन गणराज्य के राजदूत फ्रांसिस्को मैनुअल कॉम्प्रेस हर्नांडेज़, तिमोर-लेस्ते लोकतांत्रिक गणराज्य के राजदूत कार्लिटो नून्स, श्रीलंका की उच्चायुक्त सुश्री प्रदीपा महिशिनी

और गैबोनीज़ गणराज्य के उच्चायुक्त गाय रोड्रिग डिकाय शामिल थे।

एसआईआर विवाद : संसद के बाहर विपक्ष ने किया जोरदार विरोध, भाजपा का पलटवार

एजेंसी

नई दिल्ली । बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर संसद में लगातार गतिरोध बना हुआ है। बुधवार को कांग्रेस समेत विपक्ष के लगभग सभी दलों ने संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। सोनिया गांधी ने एसआईआर के खिलाफ इस प्रदर्शन में हिस्सा लिया। समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद धर्मेंद्र यादव ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष उसके मंसूबों को सफल नहीं होने देगा। वहीं, सपा सांसद आनंद भदौरिया ने मांग की कि सरकार चुनाव आयोग से कहे कि एसआईआर प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाई जाए और इस पर संसद में चर्चा कराई जाए। सीपीआई (एमएल) के सांसद राजा राम सिंह ने आरोप लगाया कि एसआईआर भाजपा की साजिश है, जिसके जरिए गरीबों, प्रवासी मजदूरों और महिलाओं के नाम मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं। उन्होंने मांग की कि इस प्रक्रिया को रद्द किया जाए और संसद में इस पर विस्तृत चर्चा हो।

सीपीआई सांसद पी. संतोष ने भी एसआईआर प्रक्रिया पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ बिहार का मुद्दा नहीं है, बल्कि इससे पूरे देश की चुनावी व्यवस्था प्रभावित होगी। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने चुनाव आयोग पर नियंत्रण कर रखा है और इसीलिए यह प्रक्रिया बंद की जानी चाहिए। विपक्ष के आरोपों पर केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने जवाब देते हुए कहा कि एसआईआर कोई नई प्रक्रिया नहीं है। 2003 और 2006 में भी यह प्रक्रिया अपनाई गई थी। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग एक स्वतंत्र संस्था है और वही इस प्रक्रिया का निर्णय करता है। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने विपक्ष की आलोचना करते हुए कहा, जो लोग संविधान को हाथ में लेकर घूमते हैं, वही संवैधानिक व्यवस्था का सबसे अधिक मजाक उड़ा रहे हैं। एसआईआर चुनाव आयोग की एक स्थापित प्रक्रिया है, जो दशकों से जारी है। इसका विरोध सिर्फ राजनीतिक स्वार्थ के तहत किया जा रहा है, जो निंदनीय है

रेटा सरपंच के पुत्र राजवीर ने की छात्रा के साथ छेड़छाड़ वअश्लील हरकत

सीकर । जयपुर से परीक्षा देकर बस डिपो से भाई के साथ घर जा रही छात्रा को शराब के नशे में दूत दो लड़कों ने छेड़ा और अश्लील हरकतें की। छात्रा सोमवार की रात करीब 11:40 बजे सीकर बस डिपो में जयपुर से परीक्षा देकर पहुंची वहां पर उसका भाई महेश उसे लेने आया जैसे ही दोनों भाई बहन बस डिपो से रवाना हुए तो एक स्कोडा गाड़ी में सवार शराब के नशे में दो लड़के बैठे थे जो छात्रा का पीछा करने लगे और छात्रा की तरफ गंदी-गंदी अश्लील हरकतें करने लगे ।गाड़ी में सवार दोनों लड़के छात्रा के निवास स्थान तक उनका पीछा किया ।जब दोनो भाई बहिन अपने निवास स्थान पर पहुचे तो छात्रा के भाई ने लड़कों से पूछा की आप हमारा पीछा क्यों कर रहे हो तो शराब के नशे में दोनों बोले तेरी बहन को हमारे साथ भेज दो तब छात्र के भाई ने दोनों लड़कों को धमकाया तब दोनों लड़कों ने छात्रा के भाई के साथ दखा मुखी करने लगे और मारपीट करने लगे। आरोपियों ने छात्रा का हाथ पकड़ लिया और छेड़छाड़ करने लगे।

पुलिस के अनुसार पीड़िता ने सोमवार देर रात आरोपियों के खिलाफ कोतवाली थाने में मामला दर्ज कराया है। दोनों आरोपियों ने पीड़िता के भाई के साथ भी मारपीट की एवं एक निजी अस्पताल के स्टाफ ने भाई बहन का बचाव किया । जिसमें एक आरोपी ग्राम पंचायत रेटा के सरपंच रणवीर सिंह बुरड़क का पुत्र राजवीर है तथा दूसरा आरोपी सांगलिया निवासी हरिराम माली है

पुलिस घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर मामले की पुष्टि करने में जुटी है व दोनों आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

निगम ग्रेटर सतर्कता शाखा की टीम द्वारा की गई कार्यवाही

जयपुर, 30 जुलाई। नगर निगम ग्रेटर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निदेर्शानुसार उपायुक्त सतर्कता श्री अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में बुधवार को सतर्कता शाखा की टीम द्वारा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में गांधी नगर मोड, नेहरू बाल उद्यान, कमल एण्ड कम्पनी के सामने एवं त्रिवेणी पुलिया के पास से अस्थाई अतिक्रमण को करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुये 2 केन्टर सामान जब्त किया गया।

उपायुक्त सतर्कता श्री अजय कुमार ने बताया कि नगर निगम ग्रेटर क्षेत्राधिकार में गांधी नगर मोड, नेहरू बाल उद्यान, कमल एण्ड कम्पनी के सामने एवं त्रिवेणी पुलिया के पास से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्यवाही के दौरान 2 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया

झुंझुनू सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में अग्रणी : गर्ग

झुंझुनू। जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सतत विकास लक्ष्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले की विकास योजनाओं की प्रगति पर चर्चा करते हुए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। डॉ गर्ग ने कहा कि सभी योजनाओं की निरंतर मॉनिटरिंग की जाए तथा संबंधित विभाग सटीक आंकड़े और जानकारी संख्याकी विभाग को समय पर उपलब्ध कराएं ताकि लक्ष्य निर्धारण और नीति निर्माण प्रभावी हो सके। उन्होंने जिले को क्ळे में अग्रणी बनाने के लिए अधिकारियों से समन्वित प्रयासों पर जोर दिया। कलेक्टर ने सभी हितधारकों से एसडीजीएस के 17 लक्ष्यों जैसे गरीबी उन्मूलन स्वास्थ्य शिक्षा और जलवायु कार्यवाई को गति देने का आह्वान किया। बैठक में संख्याकी विभाग की उपनिदेशक पूनम कटेवा ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताया कि झुंझुनू एसडीजी के 17 लक्ष्यों गरीबी का अन्त भूखमरी समाप्त आरोग्य, शिक्षा, लैंगिक समानता, शुद्व जल स्वच्छ उर्जा आर्थिक विकास उद्योग, असमानताओं में कमी, संधारणीय शहर उत्तरदायी उपभोग जलवायु जलीय जीवन, भूमि पर जीवन शान्ति एवं लक्ष्यों के प्रति भागीदारियों को प्राप्त करने में एसडीजी वर्जन 3.0 में झुन्झुनूं जिला 66.44 स्कोर के साथ राजस्थान में प्रथम स्थान पर रहा हैं। जिला सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में राज्य के अग्रणी जिलों में शामिल है। उन्होंने विभिन्न सूचकांकों पर जिले की उपलब्धियां और चुनौतियों को रेखांकित किया। बैठक में जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे ।

अंगदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा, इसके लिए संकल्प ले : डॉ अरुण गर्ग

झुंझुनू। अंगदान को प्रेरित करने के लिए भारत सरकार द्वारा जीवन संजीवनी अभियान शुरू करने किया जा रहा है। 3 अगस्त को 15 वा अंगदान दिवस मनाया जाएगा। जिला कलक्टर डॉ अरुण गर्ग ने अंगदान को मानवता की सबसे बड़ी सेवा बताते हुए जिले वासियों से इसके लिए ऑनलाइन संकल्प पत्र यानी पंजीयन कराने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा इसे प्राथमिकता से लिया जा रहा है। लोगो को अंगदान के लिए ऑनलाइन एनओओटीओ की वेबसाइट पर पंजीयन करने के बाद अपने जीवन के बाद किसी ओर के जीवन का वरदान देने के लिए अंग दान का संकल्प लेना चाहिए। इस बारे में संभागीय आयुक्त पूनम ने भी जिले में ज्यादा से ज्यादा लोगों को अंगदान के लिए प्रेरित कर संकल्प पत्र भरवाने के लिए कहा है। जिला कलक्टर डॉ गर्ग ने चिकित्सा विभाग सहित सभी विभागों के अधिकारियों से भी जीवन संजीवनी अभियान के तहत अंगदान के लिए ऑनलाईन पंजीयन कराने कहा है। उन्होंने 3 अगस्त को विश्व अंगदान दिवस पर जिलेभर में लोगों को प्रेरित कर व्यापक स्तर पर संकल्प पत्र भरवाने के लिए कहा है। कलक्टर डॉ गर्ग ने बताया कि पहले जागरूकता की कमी के चलते बल्ड डोनेशन के नाम से कतराते थे डरते थे आज बल्ड डोनेशन कि जागरूकता और महत्तव समझने के बाद लोग विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक कार्यक्रमों में आगे बढकर स्वेच्छा से बल्ड डोनेशन कैंप आयोजित करते है जिनसे अनगिनत लोगों कि जान बचाई जा रही हैं। ठीक ऐसे ही थोड़ी जागरूकता के बाद लोग अंगदान का महत्तव और उपयोगिता समझने लगेंगे तो मानवता की सेवा के लिए लोग स्वेच्छा से अंगदान करने आगे आयेंगे। सीएमएचओ डॉ छोटेलाल गुर्जर ने बताया कि जिले में अब तक 3 हजार 456 लोगों ने अंगदान के लिए ऑनलाइन संकल्प पत्र भरे जा चुके हैं। जिले के सभी सीएचसी पीएचसी पर अधिकारियों कर्मचारियों को अंगदान के लिए प्रेरित कर संकल्प पत्र भरवाने के कहा गया है।

खतरे के साए में शिक्षा : जर्जर कमरे और सिर पर दौड़ती 11 हजार की लाइन

झुंझुनू। उदयपुरवाटी विधानसभा क्षेत्र के गांव गढ़ला कला में स्थित वीरचक्र सिपाही हनुमाना राम राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल में विद्यार्थी और स्टाफ जान हथेली पर रखकर पढ़ाई करने को मजबूर हैं। स्कूल के गेट के ठीक ऊपर से 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन गुजर रही है, जो कभी भी जानलेवा हादसे का कारण बन सकती है। वहीं दूसरी ओर स्कूल के कई कमरे जर्जर हो चुके हैं और बारिश के दिनों में छत से पानी टपकता रहता है। इन हालातों में बच्चों का ध्यान पढ़ाई की बजाय अपनी सुरक्षा को लेकर रहता है। स्थानीय ग्रामीणों और स्कूल स्टाफ की ओर से कई बार इस समस्या को लेकर विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया गया। सहायक अभियंता ने करीब 16 महीने पहले विद्युत लाइन हटाने के लिए आदेश भी जारी कर दिए थे लेकिन आज तक इस पर कोई अमल नहीं हुआ है। हर साल बारिश के मौसम में खतरा और बढ़ जाता है, पर जिम्मेदारों की नींद नहीं खुल रही। स्कूल में नामांकन बढ़ाने के लिए सरकार भले ही प्रयास कर रही हो लेकिन जब तक आधारभूत संरचना दुरुस्त नहीं होगी, तब तक ग्रामीण अभिभावक अपने बच्चों को ऐसे स्कूलों में भेजने से कतराएंगे। कई माता-पिता तो स्कूल की हालत देखकर बच्चों को निजी स्कूलों में भेजने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वीरचक्र विजेता सिपाही के नाम से स्थापित यह स्कूल गांव के गौरव का प्रतीक है लेकिन सरकार और विभाग की अनदेखी से स्कूल की हालत बद से बदतर हो चुकी है। अगर जल्द हालात नहीं सुधरे तो ग्रामीण आंदोलन की राह पकड़ेंगे।

अब घडियाली आंसू नहीं बहाती सरकार

झुंझुनू। झालावाड़ के पीपलोदी में गत 25 जुलाई को हुए हादसे ने हर किसी को झकझोर कर रख दिया। हादसे की जांच रिपोर्ट आने के बाद ही वास्तविक कारणों का पता चल पाएगा क्योंकि प्रत्यक्षदर्शियों व स्थानीय लोगों के मुताबिक जो कमरा गिरा, वह जर्जर अवस्था में नहीं था। कारण चाहे कुछ भी रहे हो लेकिन 7 बच्चों की मौत निश्चित तौर पर बेहद दुखद है और सबक देने वाला है। हादसा होना बेहद दुःखद और दुर्भाग्यपूर्ण है। इसमें दोषियों के लिए माफी की कोई गुंजाईश नहीं है लेकिन कोई भी यह नहीं चाहता था कि ऐसा हादसा हो। समझने वाली बात यह है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने घडि?ाली आंसू बहाने की बजाय ऐसे हादसों की पुनरावृति नहीं हो इसके लिए ठोस कदम उठाए हैं। हादसे के तुरंत बाद मुख्यमंत्री ने वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए सभी कलक्टर के साथ बैठक लेते हुए उन्हें सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए और उसी दिन शाम को 6 बजकर 39 मिनट पर प्रदेश के 3688 आंगनवाड़ी केंद्रों की मरम्मत का बजट जारी किया। प्रदेश के 1936 विद्यालयों में मरम्मत, उन्नयन और विकास कार्यों के लिए 160 करोड़ रुपये भी स्वीकृत किए गए हैं। मेवात, डांग, मगरा क्षेत्र विकास कार्यक्रम और विधायक कोष से भी मरम्मत के लिए राशि को 15 से बढ़ाकर 20 प्रतिशत किया गया है। हर विधानसभा क्षेत्र में सरकारी कार्यालयों की मरम्मत के लिए 3 करोड़ रुपए मिलेंगे। यहां गौर करने वाली बात यह भी है कि अमूमन धीमे माने जाने वाले सिस्टम ने सीएम शर्मा के निर्देशन में कितनी तेजी से काम किया है कि सभी जिलों से जर्जर आंगनवाड़ी केंद्रों व अन्य भवनों की सूची भी तुरंत आई, उनकी मरम्मत के लिए कितनी राशि चाहिए इसका एस्टीमेट भी बनाया गया है। एस्टीमेट बनने के बाद वह अप्रूव भी हुआ है। फिर वित्त एवं अन्य विभागों से आवश्यक प्रक्रियाओं की पूर्ति होते हुए महज कुछ घंटों में ही यह स्वीकृत भी हुआ है। यह उदाहरण यह जताने के लिए काफी है कि हुए हादसे को तो बदल नहीं सकते, लेकिन आगे फिर से हादसे नहीं हो, इसके लिए सीएम भजनलाल शर्मा कितने प्रतिबद्ध हैं। गौरतलब है कि अजमेर जिले के 185, अलवर के 6, ब्यावर के 109, बारां के 48, भीलवाड़ा के 232, बीकानेर के 55, बूंदी के 22, चित्तौडगढ़ के 51, दौसा के 153, डीडवाना-कुचामन के 260, धौलपुर के 5, डूंगरपुर के 16, हनुमानगढ़ के 168, जयपुर के 123, जालौर के 132, झालावाड़ के 118, झुंझुनू के 289, करौली के 101, खैरथल-तिजारा के 24, कोटा के 37, कोटपुतली-बहरोड़ के 24, नागौर के 186,- पाली के 141, राजसमंद के 81, सलूंबर के 198, सवाई माधोपुर के 120, श्रीगंगानगर के 114, सिरोही के 317, टोंक के 129 व उदयपुर के 344 आंगनबाड़ी केंद्रों की मरम्मत के लिए बजट जारी किया गया है। ठीक इसी तरह सीएम शर्मा के निर्देशों पर राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद ने राज्य के 1936 विद्यालयों में मरम्मत, उन्नयन और विकास कार्यों के लिए 160 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। इस राशि से भवन मरम्मत, छत एवं दीवारों का सुदृढ़ीकरण, फर्श और शौचालय सुधार, बिजली एवं जल सुविधाओं का विकास, खेल मैदान का सुधार तथा कक्षाओं का आधुनिकीकरण किया जाएगा। इसके तहत अजमेर में 47, अलवर में 48, बालोतरा में 44, बांसवाड़ा में 57, बारां में 36, बाड़मेर में 60, ब्यवार में 29, भरतपुर में 35, भीलवाड़ा में 118, बीकानेर में 56, बूंदी में 35, चित्तौडगढ़ में 42, चूरू में 27, दौसा में 42, डीग में 30, धौलपुर में 59, डीडवाना-कुचामन में 59, डूंगरपुर में 46, गंगानगर में 37, हनुमानगढ़ में 31, जयपुर में 174, जैसलमेर में 31, जालौर में 50, झालावाड़ में 51, झुंझुनूं में 44, जोधपुर में 72, करौली में 41, खैरथल-तिजारा में 11, कोटा में 76, कोटपुतली में 28, नागौर में 49, पाली में 62, फलौदी में 19, प्रतापगढ़ में 33, राजसमंद में 33, सलूंबर में 16, सवाई माधोपुर में 39, सीकर में 42, सिरोही में 27, टोंक में 32 व उदयपुर में 68 विद्यालयों की मरम्मत के लिए बजट जारी किया गया है। पूरी मानव सभ्यता का क्रमिक विकास इसी गुण पर टिका हुआ है। कभी किसी वक्त इंसान का आग से हाथ भी जला होगा, तब उसने आग को नियंत्रण में करने के लिए विभिन्न तरीके खोजे और कालांतर में माचिस बनाई। इसी तरह नदी-समंदर के पानी में कितने इंसान डूबे होंगे, तब जाकर नाव और जहाज बनें होंगे। जिन इंसानों ने इस क्रमिक विकास यात्रा में अपनी जान गंवाई होगी, वह निश्चित तौर पर दुःखद रहा है लेकिन उनसे सीखकर फिर से कोई जान नहीं गंवाए, यह महत्वपूर्ण है। यही काम वर्तमान राज्य सरकार ने किया है। कोई भी सिस्टम 100 फीसदी सुरक्षित नहीं होता लेकिन प्रयास हमेशा 100 फीसदी होने चाहिए।

तम्बाकू वैण्डर लाइसेंस प्रणाली को लेकर टॉस्क फोर्स बैठक आयोजित

झुंझुनू। नगर परिषद झुंझुनू की ओर से तम्बाकू वैण्डर लाइसेंस प्रणाली को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। शहर में तम्बाकू विक्रय को नियंत्रण में रखने और युवाओं को नशे से दूर रखने के उद्देश्य से कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक में निर्णय लिया गया कि झुंझुनू शहर में तम्बाकू बेचने वाले सभी विक्रेताओं को 31 अगस्त 2025 तक लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। निर्धारित समय सीमा के पश्चात बिना लाइसेंस के तम्बाकू विक्रय करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में नगर परिषद की राजस्व अधिकारी नेहा चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि अब तक 50 से अधिक विक्रेताओं के लाइसेंस के लिए आवेदन प्राप्त हो चुके हैं, जिनका भौतिक सत्यापन कर एक सप्ताह के भीतर लाइसेंस जारी कर दिए जाएंगे। जिला शिक्षा अधिकारी (प्राथमिक) संतोष सोहू ने बैठक में कहा कि शहर के किसी भी विद्यालय से 100 गज की दूरी तक तम्बाकू उत्पाद की दुकान को लाइसेंस नहीं दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि निदेशालय के आदेशानुसार प्रत्येक विद्यालय में महीने में एक बार नो बैग डे के अवसर पर बच्चों को तम्बाकू के दुष्प्रभावों की जानकारी दी जाती है तथा इस विषय पर विविध गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। एसआरकेपीएस के राजन चौधरी ने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखने के लिए तम्बाकू विक्रेताओं को लाइसेंस लेना आवश्यक है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्धारित लाइसेंसधारी विक्रेता 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को तम्बाकू उत्पाद नहीं बेचेंगे, जिससे नई पीढ़ी को नशे से बचाया जा सकेगा। इस अवसर पर 8 तम्बाकू विक्रेताओं को लाइसेंस प्रदान किए गए तथा उन्हें शपथ दिलाई गई कि वे झुंझुनू शहर के युवाओं को नशे से दूर रखने में हर संभव सहयोग करेंगे। बैठक में वासिद अली, पूनम तंवर, श्रवण कुमार, कपिल कुमार, सुनिल कुमार व विकास सैनी सहित नगर परिषद के अनेक अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक के अंत में पूनम कंवर ने सभी का आभार प्रकट किया।

ज्ञापन : काटली नदी को पुनर्जीवित करने की मांग

झुंझुनू। शेखावाटी की जीवन रेखा काटली नदी को पुनर्जीवित कर इसके संरक्षण के लिए ज्ञापन दिया। राजस्थान सरकार में सामाजिक कल्याण एवं अधिकारिता मंत्री तथा चूरू व झुंझुनू के जिला प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत को उनके जयपुर स्थित राजकीय आवास पर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर काटली नदी में सिंधु जल समझौते के रद्द होने से उपलब्ध शेष जल को काटली में लाने की मांग की गई। सरस्वती रूरल एन्ड अरबन डवलपमेंट सोसाइटी की ओर से चलाए जा रहे काटली नदी बचाओ जन अभियान की ओर से अभियान संयोजक सुभाष कश्यप एवं भाजपा नेता मोहन सिंह मेहरा टोंक ने मंत्री को बताया कि इस बार प्रदेश में अच्छी वर्षा के कारण अधिकतर नदी नाले उफान पर हैं बावजूद इसके काटली नदी अभी तक बिलकुल रीती पड़ी हुई है। मंत्री अविनाश गहलोत ने ज्ञापन की प्रति मुख्यमंत्री को प्रेषित कर प्रभावी कदम उठाने का आग्रह किया। ज्ञापन पर डॉ शायर सिंह शेखावत, धन सिंह कश्यप, मोहर सिंह ककराना, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विक्रम सैनी, शंखनाद फाउंडेशन के वेद प्रकाश पटेल, बलबीर धायल, भाजपा नेता शीशराम राजोरिया झुंझुनू, युधिष्ठिर सारण चूरू, विक्रम सिंह शेखावत नंगली सलेदी सिंह, शिक्षाविद् जयपाल यादव सिंघाना, विनोद यादव श्रीकृष्ण नगर, रविन्द्र सिंह शेखावत मावता, प्रदीप सिंह मावता, जगदीश शर्मा अहीरों की ढाणी व नीरज वशिष्ठ जयपुर आदि ने हस्ताक्षर किए हैं।

बीसलपुर, कोटा बैराज ओवरफ्लो– राज्य में कई निचले इलाकों में जल भराव की स्थिति–

जयपुर, 30 जुलाई। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के निर्देश के बाद राज्य के आपदा प्रबंधन और राहत विभाग के अधिकारियों ने आम जन को मानसून जनित हादसों से सुरक्षित रखने के लिए युद्ध स्तर पर प्रयास शुरू कर दिए हैं। इसमें विभिन्न विभागों के ग्राम स्तरीय अधिकारियों तक को अलर्ट मोड पर रखकर समन्वय से कार्य करना, आमजन को जागरूक व सतर्क रखने के प्रयास शामिल हैं। मौसम विभाग के पूवार्नुमान को समय रहते आमजन तक पहुंचाया जा रहा है ताकि समय पर वे सुरक्षित इलाकों में पहुंच जाए। इस बीच मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि गुरूवार, 31 जुलाई को अजमेर, जयपुर, बीकानेर व जोधपुर संभाग के कुछ भागों में भारी व कहीं-कहीं अति भारी बारिश होने व कोटा, उदयपुर, भरतपुर संभाग में कहीं-कहीं मध्यम से भारी बारिश होने की संभावना है। दक्षिण-पूर्वी भागों में 1 अगस्त से भारी बारिश से सामान्य होने की संभावना है। शेखावाटी क्षेत्र व बीकानेर संभाग के कुछ भागों में भी 1 अगस्त को कहीं-कहीं भारी बारिश की गतिविधियां जारी रहने की प्रबल संभावना है।

अविनाश महला बने भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव

झुंझुनू। भारतीय युवा कांग्रेस में अविनाश महला को राष्ट्रीय सचिव बनाए जाने पर कांग्रेस कार्यकताओं और युवाओं में हर्ष की लहर दौड़ गई है। अविनाश महला ने इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी कृष्णा अल्लावारू तथा युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु चिब का ह्रदय से आभार व्यक्त किया है। एनएसयूआई के पूर्व जिलाध्यक्ष अंकित जाखड़ ने बताया कि पिछले एक दशक से युवा कांग्रेस के माध्यम से जिला स्तर से राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए अलग-अलग जिलों में प्रभारी व विभिन्न राज्यों में बतौर चुनाव प्रभारी संगठन की मजबूती के लिए लगातार काम करते हुए आज यह मुकाम हासिल किया है। महला की नियुक्ति से पूरे प्रदेश के युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। अविनाश महला ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा की मैं पार्टी नेतृत्व के विश्वास के लिए धन्यवाद देता हूँ और देशभर के युवाओं की आवाज को मजबूती से उठाने और संगठन को और अधिक मजबूत करने के लिए लगातार कार्य करता रहूंगा। प्रदेशभर के युवाओं और कार्यकर्ताओं ने अविनाश महला को बधाई देते हुए विश्वास जताया है कि उनकी नियुक्ति से संगठन को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी।

बीकानेर हाउस में आयोजित तीजोत्सव हैंडीक्राफ्ट और फूड मेले का हुआ समापन–

जयपुर, 30 जुलाई। नई दिल्ली के बीकानेर हाउस में आयोजित साप्ताहिक तीजोत्सव क्राफ्ट एवं फूड मेले का बुधवार को पूरे हर्षोल्लास के साथ समापन समाप्त। इस तीजोत्सव में राजस्थान के विभिन्न अंचलों से आए दस्तकारों, हस्तकलाकारों सहित विविध कलाओं के कलाकारों के और खानपान के स्टॉल्स पर लगभग 70 लाख रुपए की बिक्री हुई।

राजीविका की स्टेट प्रोजेक्ट प्रबंधक श्रीमती नीरू मीना ने बताया कि मेले में राजीविका के माध्यम से दिल्ली आए महिला स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित इन कलाकारों द्वारा 47 स्टॉल लगाए गए जिनमें हैंड ब्लॉक बेडशीट, सूट, साड़ी, कंगन और ज्वैलरी, मोजड़ी, लाख की वस्तु, चमड़े से बने सामान सहित राजस्थानी व्यंजनों के स्टॉल पर खूब बिक्री हुई। उन्होंने बताया कि राजीविका के स्टॉल्स पर लगभग 52 लाख से अधिक राशि के सामान की बिक्री हुई। सरस डेयरी के आवासीय प्रबंधक श्री सुरेश सेन ने बताया कि इस तीजोत्सव में सरस के दुग्ध उत्पादों को लोगों ने काफी पसंद किया। विभिन्न जिला दुग्ध संघों से प्राप्त मिठाईयों में अलवर का कलाकंद, बीकानेर का रसगुल्ला, गुलाब जामुन, सोहन पापड़ी, श्रीगंगानगर से गाय का घी, अलवर से छाछ, लस्सी और श्रीखंड ने लोगों मे अपनी अलग पहचान बनाई। उन्होंने बताया कि सरस के कांउटर पर लगभग 3 लाख रुपए की बिक्री हुई।

रूडा के श्री ओम प्रकाश ने बताया कि मेले में रूडा की तरफ से लगाए गए 16 राजस्थानी हस्तशिल्प और परिधानों से जुड़े स्टॉल्स पर लगभग 16 लाख रू. से अधिक की बिक्री हुई।

राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोहझ्र2025 की तैयारियों की गहन समीक्षा– संभागीय आयुक्त, जिला कलक्टर एवं पुलिस आयुक्त ने अधिकारियों के साथ जोधपुर में मुख्य समारोह स्थल का किया निरीक्षण

जयपुर, 30 जुलाई। राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोहझ्र2025 को गरिमामय एवं सुसंगठित रूप से आयोजित करने के लिए बुधवार को जोधपुर संभागीय आयुक्त डॉ. प्रतिभा सिंह, जिला कलक्टर श्री गौरव अग्रवाल एवं पुलिस आयुक्त श्री ओमप्रकाश ने तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। इस अवसर पर अधिकारियों ने बरकतुल्ला खां स्टेडियम स्थित मुख्य समारोह स्थल का निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। संभागीय आयुक्त डॉ. प्रतिभा सिंह ने निर्देश दिए कि स्वतंत्रता दिवस के आयोजन में सभी विभागीय प्रभारी सौंपे गए दायित्वों को समयबद्ध एवं गुणवत्ता के साथ पूरा करें। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक व्यवस्था, चाहे वह सुरक्षा हो अथवा आमजन की सुविधा, में किसी प्रकार की शिथिलता नहीं होनी चाहिए। सभी विभागों के बीच सतत समन्वय सुनिश्चित कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाए। निरीक्षण के दौरान पुलिस आयुक्त श्री ओमप्रकाश ने सुरक्षा संबंधी बिंदुओं, पार्किंग व्यवस्था, अतिथियों के आगमन एवं निकास मार्ग, बेरिकेडिंग तथा यातायात प्रबंधन से जुड़ी व्यवस्थाओं पर संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला कलक्टर श्री गौरव अग्रवाल ने सभी विभागीय प्रभारियों को कार्यक्रम से संबंधित दायित्वों तथा कार्ययोजना के अनुसार कार्य को नियत समयावधि में करने के निर्देश दिए। उन्होंने अतिथियों के स्वागत-सत्कार, बैठक व्यवस्था, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, पेयजल एवं स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था तथा आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं सहित सभी आवश्यक तैयारियों का विस्तृत आकलन किया।

सावन माह में सतरंगी लहरिया महोत्सव आयोजित– ऑपरेशन सिन्दूर देश की बहनों के रक्षा सूत्र की ताकत का परिचय-विधानसभा अध्यक्ष

जयपुर, 30 जुलाई। **विधान**सभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने बुधवार को अजमेर जिले में सावन मास में मातृशक्ति द्वारा आयोजित सतरंगी लहरिया महोत्सव में भाग लिया। उन्होंने मातृशक्ति का उत्साह बढ़ाते हुए उन्हें सम्मानित किया तथा उनके द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। सतरंगी लहरिया महोत्सव ने परम्परागत पहनावे के साथ उत्सव मनाने का एक अवसर प्रदान किया। श्री देवनानी ने कहा कि देश की महिलाएं आज पूरे विश्व में अपना परचम लहरा रही है। केन्द्र और राज्य सरकार हर कदम पर मातृशक्ति के साथ है।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय नारी संयम, शौर्य, साहस और बलिदान का प्रतीक है। ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता देश की बहनों की ओर से अपने जांबाज सैनिकों की कलाई पर बांधे गए रक्षा सूत्र की परिणीति है। भारतीय संस्कृति में सावन को त्यौहारों का मास कहा जाता है। इसमें सतरंगी लहरिया महोत्सव का आयोजन त्यौहरों की खुशी को और बढ़ाएगा। सावन मास में राखी भी आती है।

रक्षा बन्धन बहनों का ही त्यौहार है। आगामी रक्षा बन्धन में भी बहनें अपने भाईयों के हाथों में रक्षा सूत्र बांधेगी। महोत्सव में केन्द्र व राज्य सरकार की ओर से महिलाओं के स्वावलंम्बन और स्वाभिमान से जुड़ी प्रदर्शनी भी आयोजित की गई। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने रक्षा बन्धन के पवित्र त्यौहार को अपनत्व से जोड़ने के लिए स्वयं के हाथ से बनी रखी बांधने का आह्वान किया है। इससे रक्षा सूत्र के साथ अपनी भावनाएं भी जुड़ जाती है। इससे भाईयों को कार्य करने की शक्ति मिली है। इस प्रकार भाई और बहन साथ मिलकर भारत को गौरवान्वित करने की दिशा में कार्य करेंगे। साथ ही इस अभियान में अजमेर भी पीछे नहीं है। सैनिकों के साहस को सलाम करते हुए यहां की बहने भी निरंतर सैनिक भाईयों की कलाई पर सलामती की प्रार्थना और शौर्य की प्रेरणा के रूप में रक्षा सूत्र बांधती आई है और बाधंती रहेगी। उन्होंने कहा कि देश मौजूदा वक्त में आत्मनिर्भर बनने के साथ ही आत्मरक्षक भी बन रहा है। इसमें सबसे महती भूमिका हमारी बहनें निभा रही है। उन्होंने कहा कि संसार नारी शक्ति के बिना शून्य है। इसमें बहनों ने अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन किया। विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने उत्कृष्ट महिलाओं का सम्मान किया। सतरंगी लहरिया महोत्सव में सावन बाजार का भी आयोजन किया गया।

राजस्थान ऊंट अधिनियम, 2015 के बनेंगे नियम

जयपुर, 30 जुलाई, 25। पशुपालन विभाग, राजस्थान ऊंट (वध का प्रतिषेध और अस्थायी प्रव्रजन या निर्यात का विनियमन) अधिनियम, 2015 के नियम बनाएगा। इस संबंध में पशुपालन, गोपालन मंत्री श्री जोराराम कुमावत की अध्यक्षता में हुई बैठक में नियम बनाने को लेकर विभाग को निर्देश दिए गए। बैठक में पंचायतीराज और ग्रामीण विकास राज्यमंत्री श्री ओटाराम देवासी भी मौजूद थे। शासन सचिवालय में बुधवार को श्री कुमावत के कक्ष में हुई बैठक में नए नियम बनाने को अंतिम रूप दिया गया। इसके तहत ऊंट पालकों को अन्य राज्यों में ऊंट चराने, डेयरी एवं कृषि कार्य तथा पशु मेलों में ले जाना आसान होगा। अधिनियम, 2015 के लिए नए नियम के मुताबिक ऊंट के परिवहन को लेकर जिला कलेक्टर के साथ-साथ अब सक्षम अधिकारी के रूप में एसडीएम को भी अधिकृत करने पर सहमति बनी। इस बैठक में ऊंट पालन को लाभप्रद बनाने को लेकर भी चर्चा हुई।

पशुपालन मंत्री श्री जोराराम कुमावत ने बताया कि अन्य राज्यों में ऊंट ले जाने को लेकर आ रही दिक्कतों को लेकर चर्चा के बाद प्रशासनिक अनुमति देने के लिए एसडीएम को भी अधिकार देने पर सहमति व्यक्त की गई है।

इसके लिए प्रशासनिक स्वीकृति के लिए नई एसओपी भी जारी की जाएगी, ताकि ऊंट पालकों को अन्य राज्यों में ऊंट ले जाने में कानूनी पेचीदगियों का सामना न करना पड़े। इसके अलावा ऊंट पालन को और अधिक लाभप्रद बनाने के लिए आरसीडीएफ के माध्यम से ऊंटनी के दूध के विपणन को लेकर कार्ययोजना बनाने के लिए भी अधिकारियों को निर्देश दिए गए

बैठक में विधायक रतन देवासी से दूरभाष पर चर्चा कर उनके सुझाव भी लिए गए। पशुपालन विभाग के निदेशक डॉ. आनंद सेजरा भी बैठक में उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को मालवीय नगर स्थित पाथेय भवन पहुंचकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक एवं पाथेय कण के संरक्षक श्री माणकचंद जी के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने स्व. माणकचंद जी की पार्थिव देह पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया।

डेयरी बूथ आवंटन पॉलिसी में होगा संशोधन

जयपुर,27 जुलाई। राजस्थान में सरस की डेयरी बूथ आवंटन को लेकर पॉलिसी में आवश्यक संशोधन किया जाएगा। इसके लिए पांच सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। इस संबंध में शासन सचिवालय में बुधवार को पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के केबिनेट मंत्री श्री जोराराम कुमावत की अध्यक्षता में डेयरी सेवाओं के विस्तार एवं बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने के उदेश्य से आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया गया। पांच सदस्यीय कमेटी में पशुपालन, डेयरी एवं गोपालन विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा, डीएलबी के डायरेक्टर जुईकर प्रतीक चंद्रशेखर, नगर निगम आयुक्त डॉ. गौरव सैनी, आरसीडीएफ एमडी श्रीमती श्रुति भारद्वाज, दुग्ध संघ, जयपुर के एमडी मनीष फौजदार को शामिल किया गया है। यह कमेटी बैठक में आए सुझावों के आधार पर प्रस्ताव तैयार करेगी।

ये होंगे आवश्यक संशोधन

बैठक में यूडीएच मंत्री श्री झाबर सिंह खर्रा, डेयरी मंत्री श्री जोराराम कुमावत व अन्य अधिकारियों ने बूथ आवंटन नीति-2021 में संशोधन के सुझाव दिए। इनमें बूथ आवंटन हेतु आवेदन पत्र संबंधित जिला दुग्ध संघ में जमा कराने, नए डेयरी बूथों के स्थान आवंटन आरसीडीएफ/जिला दुग्ध संघ द्वारा गठित समिति द्वारा चिन्हित कर अंतिम सूचि जारी करने का सुझाव दिया गया। इसके अलावा प्रस्तावित डेयरी बूथ के लिए उसी क्षेत्र के पांच किमी. की परिधि के स्थानीय निवासी को प्राथमिकता देने,

सेवारत सेना के जवान के परिवारिक सदस्य को आवेदन के लिए पात्र मानने संबंधी प्रस्ताव को नई नीति में शामिल करने का सुझाव दिया गया।

नए सरस पार्लर खोलने की संभावनाएं तलाशेगा आरसीडीएफ

बैठक के दौरान प्रदेश में नए सरस पार्लर खोलने के लिए आरसीडीएफ को संभावनाएं तलाशने के लिए निर्देशित किया गया। इसके लिए सरकारी चिकित्सालय, मेडिकल कॉलेज, शैक्षणिक संस्थाओं, बस स्टेंड व रेलवे स्टेशन के आसपास के क्षेत्र में प्राथमिकता के आधार पर सरस पार्लर खोलने को लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। डेयरी मंत्री श्री जोराराम कुमावत ने बताया कि नए सरस पार्लर खोलने से न केवल आरसीडीएफ की आय में बढोतरी होगी, बल्कि रोजगार के अवसर भी बढेंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की मंशानुसार युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने के उदेश्य से ही बजट घोषणा 2024-25 के तहत प्रदेशभर में 2500 नए सरस बूथ खोले जा रहे हैं। इसके तहत 2000 बूथों के लिए कुल 11536 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से जांच के बाद 7861 आवेदन पत्र आरसीडीएफ द्वारा अनुमोदित कर संबंधित निकायों को प्रेषित किए गए हैं। इसके अलावा विगत वर्षों के पैंडिंग 500 बूथों का निस्तारण स्थानीय निकाय स्तर पर लंबित है। इस प्रकार कुल 8361 लंबित आवेदन पत्रों का जल्द से जल्द निस्तारण कर लॉटरी के जरिए कुल 2500 बूथों के आवंटन के लिए पांच सदस्यीय कमेटी गठित की गई है। इसके अलावा प्रदेश में मोबाइल बूथों के संचालन को लेकर स्थानीय निकाय से वेंडिग जोन निर्धारित करने के लिए नगर निकाय विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है।

इस बैठक में आरसीडीएफ के जीएम डॉ. संतोष कुमार शर्मा, डीसी (रेवेन्यू प्रथम) निधि सिंह, डॉ. निधि पटेल आदि मौजूद रहे।

न्यूज फ्लैश

पुलिस थाना सांभरलेक ने नाबालिग बालिका का अपहरण कर दुष्कर्म करने के आरोपी को मात्र 48 घण्टे में ही किया गिरफ्तार

देश का दर्पण न्यूज

श्रीमती राशि डोगरा बूडी आईपीएस पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण ने जानकारी देते हुए बताया है की परिवादी ने दिनांक 27.07.2025 को रिपोर्ट दर्ज करवाई कि आरोपी विकास ने प्रार्थी की नाबालिग पुत्री को बहला-फुसला कर अपहरण कर दुष्कर्म किया। आदि रिपोर्ट पर थाना सांभरलेक पर प्रकरण संख्या 125/2025 दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। मामला महिला अत्याचार एवं नाबालिग बालिका से संबंधित होने पर आरोपी को अतिशीघ्र गिरफ्तार करने हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू श्री शिवलाल बैरवा व पुलिस उप अधीक्षक सांभरलेक श्री अनुपम मिश्रा के सुपरविजन में तथा थानाधिकारी सांभरलेक श्री राजेन्द्र कुमार पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा आसूचना संकलन व तकनीकी सहायता द्वारा कडी मेहनत करते हुये प्रकरण में फरार वांछित आरोपी विकास पुत्र मंगलचन्द, जाति रैगर निवासी रैगर बस्ती भादरपुरा थाना सांभरलेक जिला जयपुर को मात्र 48 घण्टों में बीकानेर से डिटेन कर बाद पूछताछ जुर्म प्रमाणित पाया जाने पर गिरफ्तार किया गया है तथा आरोपी से घटना मे प्रयुक्त वाहन मोटरसाईकिल नंबर फ्ख 47 रख 1364 को जप्त करने में सफलता प्राप्त की है।

पुलिस थाना दूदू ने बिना कागजात के ट्रैक्टर खरीद कर खुर्द बुर्द कर धोखाधड़ी करने के मामले में 5000 रुपए के ईनामी वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार

देश का दर्पण न्यूज

श्रीमती राशि डोगरा बूडी आईपीएस पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण ने जानकारी देते हुए बताया है कि फरियादी श्री हरिमोहन झा पुत्र काशीकान्त जाति ब्राह्मण निवासी पम्प हाउस मौजमाबाद जिला जयपुर ने रिपोर्ट दर्ज करवायी की आरोपी बलविन्द्र सिंह उर्फ काकू ने अपने साथियों के साथ मिलकर काश्तकार से ट्रैक्टर बिना कागजात के खरीद के ले जाना व ट्रैक्टर को ले जाकर खुर्द बुर्द कर दिया। आदि रिपोर्ट पर पुलिस थाना दूदू पर अभियोग संख्या 535/2019 धारा 420,406,504 में दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। प्रकरण में अनुसंधान किया गया तो आरोपी बलविन्द्र सिंह उर्फ काकू के खिलाफ जुर्म प्रमाणित पाया गया जिस पर आरोपी की गिरफ्तारी हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू श्री शिवलाल बैरवा व वृताधिकारी दूदू श्री दीपक खण्डेलवाल के सुपरविजन में तथा थानाधिकारी दूदू श्री मुकेश कुमार पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा आसूचना संकलन व तकनीकी सहायता द्वारा कड़ी मेहनत करते हुए प्रकरण में वांछित 5000 रुपए के ईनामी आरोपी बलविन्द्र सिंह उर्फ काकू को दिनांक 29.07.2025 को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

खेतों से फव्वारे नोजल व बोरिंग में लगी केबिल की चोरी करने वाले शातिर दो मुल्जिमानों को किया गिरफ्तार

देश का दर्पण न्यूज

श्रीमती राशि डोगरा डूडी आईपीएस पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण ने जानकारी देते हुए बताया है कि दिनांक 22.07.2025 को परिवादी श्री राजेन्द्र सिंह पुत्र श्री शिम्भू सिंह जाति राजपूत उम्र 46 साल निवासी गोल थाना रायसर जिला जयपुर ने थाना रायसर पर रिपोर्ट दर्ज करवाई की दिनांक 20-21.07.2025 की रात्री को अज्ञात चोरो ने 06 जगह से सोलर प्लेट में व बोरिंग में लगी केबिल व एक झटका मशीन की बैट्री को चोरी कर ले गये हैं। आदि रिपोर्ट पर अभियोग संख्या 157/25 धारा 303 (2) भारतीय न्याय संहिता, 2023 में दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। प्रकरण में अज्ञात आरोपियों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) श्री रजनीश पूनियां व वृत्ताधिकारी जमवारामगढ श्री प्रदीप यादव के सुपरविजन में तथा थानाधिकारी रायसर श्री रघुवीर सिंह राठौड़ के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा आसूचना संकलन व तकनीकी सहायता द्वारा कड़ी मेहनत करते हुए अज्ञात आरोपियों राजू बावरिया उर्फ भूरिया व प्रकाश उर्फ कालुराम को डिटेन कर पूछताछ की तो आरोपियों ने चोरी की वारदात करना स्वीकार किया जिस पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर पीसी रिमांड प्राप्त कर कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकिल नंबर फ्ख 60 ऊ्र 3444 जप्त कर चुरायी गई 475 मीटर केबिल को बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। दौराने अनुसंधान आरोपियों ने थाना ईलाका थाना मनोहरपुर, चन्दवाजी व विराटनगर में भी कई स्थानों पर रात्रि में बोरिंगो से केबिल चोरी करना कबूल किया है।

विश्व मानव तस्करी निषेध दिवस के अवसर पर पुलिस मुख्यालय में हुआ आयोजन

देश का दर्पण न्यूज
संवाददाता सुरेन्द्र कुमार सोनी

राजस्थान के पुलिस महानिदेशक श्री राजीव कुमार शर्मा ने कहा है कि मानव तस्करी एक गंभीर विषय है और सरकार ने इसे रोकने की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। श्री शर्मा बुधवार को पुलिस मुख्यालय में विश्व मानव तस्करी निषेध दिवस के अवसर पर बच्चों की सुरक्षा विषय पर सरदार पटेल पुलिस, सुरक्षा एवं आपराधिक न्याय विश्वविद्यालय, जोधपुर के सेंटर फॉर चाइल्ड प्रोटेक्शन द्वारा आयोजित पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर श्री शर्मा ने कहा कि नए आपराधिक कानूनों में भी मानव तस्करी एवं महिला तथा बाल सुरक्षा विषय के महत्वपूर्ण प्रावधान रखे गए हैं। उन्होंने भारतीय न्याय संहिता की धारा 143 व 144 का उल्लेख करते हुए

कहा कि संगठित अपराधों में मानव तस्करी भी शामिल है। उन्होंने कहा कि मानव तस्करी में महिला व बच्चें सर्वाधिक प्रभावित होते हैं और इसमें एक राज्य से दूसरा राज्य जुड़ा होता है ऐसे में अन्तर्राज्यीय पुलिस के मध्य पोर्टल द्वारा रियल टाईम सूचना साझा करने का मैकेनिज्म विकसित किया गया है जिससे इस दिशा में प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। अपने संबोधन में पुलिस महानिदेशक श्री शर्मा ने बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए कहा कि इस विषय में किसी एक व्यक्ति व एजेंसी के स्थान पर सामूहिक जिम्मेदारी बनती है। उन्होंने राजस्थान पुलिस की प्राथमिकता व प्रतिबद्धता को बताते हुए संबंधित समस्त एजेंसियों से समन्वय स्थापित करते हुए इस दिशा में प्रभावी कार्यवाही करने की मंशा उजागर की। उन्होंने कहा कि पुलिस विश्वविद्यालय को ऐसे अपराधों पर ध्यान केन्द्रित करते हुए शोध-अध्ययन करवाना चाहिए ताकि धरातल पर परिणाम नजर आवें।

बच्चों की मुट्ठी में होती है देश की तकदीर :-त्रिपाठी

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एसपीयूपीयू के माननीय कुलपति डॉ. आलोक त्रिपाठी ने चाइल्ड ट्रैफिकिंग की रोकथाम हेतु विश्वविद्यालय की भूमिका पर प्रकाश डाला। त्रिपाठी ने कहा कि बच्चों की मुट्ठी में ही देश की तकदीर होती है ऐसे में उनकी सुरक्षा और संरक्षण की जिम्मेदारी समाज व हम सबको निभानी होगी।

05 साल से फरार वांछित स्थाई वारंटी इकराम उर्फ इकरामुद्दीन को किया गिरफ्तार

देश का दर्पण न्यूज

पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर श्री करन शर्मा आईपीएस ने बताया कि पुलिस मुख्यालय राजस्थान द्वारा दिनांक 18-07-2025 से 31-07-2025 तक चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत स्थाई वारन्टी, 299 सीआरपीसी, पीओज, 173 (8) सीआरपीसी में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतू समस्त थानाधिकारी जयपुर उत्तर को निर्देशित किया गया था जिस पर डॉ. श्री दुर्गसिंह राजपुरोहित अति. पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर प्रथम के सुपरविजन श्री हरि शंकर शर्मा सहायक पुलिस आयुक्त रामगंज जयपुर उत्तर के निर्देशन एवं थानाधिकारी श्री उदय सिंह पुलिस निरीक्षक पुलिस थाना गलतागेट जयपुर उत्तर के नेतृत्व में श्री प्रदीप सिंह हैड कानि 1229, श्री कुलदीप कानि 9158, श्री राजीव कानि 11405 की टीम गठित की गई। टीम द्वारा लगातार मेहनत कर वांछित आरोपियों पर निगरानी जारी रखी गई। गठीत टीम द्वारा वांछित स्थाई वारंटी इकराम उर्फ इकरामुद्दीन पुत्र अहमद खां जाति मुसलमान उम्र 42 साल निवासी अशरफ कालोनी लालवास बन्धा रामगड मोड पुलिस थाना आमेर जयपुर उत्तर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। उक्त स्थाई वारण्टी पिछले 05 साल से फरार चल रहा था पुलिस थाना गलतागेट जयपुर द्वारा वांछित अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु प्रयास जारी है।

हरियाली से भरपूर होगी मिहींपुरवा की नवनिर्मित तहसील, एसडीएम के नेतृत्व में तहसील परिसर में 201 पौधे लगाए गए

बहराइच से संवाददाता अहमद हुसैन की रिपोर्ट

मोतीपुर (मिहींपुरवा) की नवनिर्मित तहसील में बुधवार को सेवार्थ फाउंडेशन ट्रस्ट से जुड़े कार्यकताओं ने वृक्षारोपण का कार्य किया। ट्रस्ट के मुख्य कार्यकारी जंग हिंदुस्तानी ने बताया कि नवनिर्मित मोतीपुर तहसील के अधिकांश ग्राम वन क्षेत्र से घिरे हुए हैं ऐसे में तहसील की वीरानी अच्छी नहीं है इसमें सभी प्रकार के पौधे लगाए जाएंगे जिसमें खास तौर से वट वृक्षों की पूरी एक कतार होगी। इमारती लकड़ी के लालच में हम सभी ने प्रकृति के विरुद्ध पेड़ों की ऐसी प्रजाति खड़ी कर दी है जिससे लोगों को लाभ के बजाय नुकसान हो रहा है आवश्यकता इस बात की है कि हम परंपरागत महुआ, नीम, पीपल, बरगद, गूलर आदि के पौधों का रोपण करें और उनके देखभाल करें। वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान

तहसील परिसर में विभिन्न स्थानों पर 201 पौधें लगाए गए हैं। उपजिलाधिकारी प्रकाश सिंह के मार्गदर्शन में पूरी तहसील को हरा भरा बनाने का कार्य व्यवहार फाउंडेशन ट्रस्ट की तरफ से किया गया। एसडीएम प्रकाश सिंह व तहसीलदार धर्मेंद्र कुमार के हाथों तहसील परिसर में पाकड़ का वृक्ष लगाया गया। इसके साथ ही बिछिया, रामपुर रेतिया, सुखडी पुरवा, श्रीराम पुरवा, हल्दी प्लाट, तुलसी पुरवा व भवानीपुर गांव से पहुचे ग्रामीण राम समुज, रघुवीर, सूरजदेव, सुनील निषाद, कल्लू, दीपक यादव, नगीना, रामजन्म, दीनानाथ, श्याम बिहारी, पप्पू गौतम, मीरा, रामनरेश, मोहन, विसंभर, सोनू खान आदि ने वृक्षारोपण किया।

नाथ समाज का शक्ति प्रदर्शन राजस्थान में

जयपुर राजस्थान नाथ समाज के तत्वाधान में आगामी दिनों में समाज के आराध्य देव महायोगी श्री भर्तृहरि नाथ के धाम अलवर राजस्थान में एक विशाल महाअधिवेशन होने जा रहा हैं जिसमें केंद्र सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार एवं राजस्थान सरकार के नेतागण शिरकत करेंगे राजस्थान नाथ समाज के प्रदेशाध्यक्ष जगदीश योगी ने कहा हैं कि इस ऐतिहासिक विशाल महा अधिवेशन में सम्पूर्ण राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा व उत्तर प्रदेश से हजारों की संख्या में लोगों का आगमन होगा जिसमें भर्तृहरि नाथ के धाम के विकास एवं राजस्थान नाथ समाज की मुख्य मांगो पर केंद्र एवं राजस्थान सरकार को अवगत कराया जाएगा, नाथ समाज के सभी वरिष्ठजन, व्यापारी,प्रशासनिक अधिकारी व हजारों की संख्या में समाज बंधुओ के पहुँचने का आशंका है

आर्मी दल के रहने के लिए मैरिज होम एवं होटल किए अधिग्रहित

देश का दर्पण न्यूज,धौलपुर (धर्मेन्द्र बिधौलिया) 30 जुलाई।

जिले में लगातार हो रही वर्षा एवं चंबल नदी में पानी की अत्यधिक आवक होने के कारण उत्पन्न बाढ़ की स्थिति को देखते हुए बचाव एवं राहत कार्य के लिए जिले में 31 जुलाई को प्रातः 7 बजे आर्मी दल के आवास व्यवस्था हेतु मैरिज होम, होटल, पैलेस भवनों को मय फर्नीचर के आगामी आदेशों तक अधिग्रहित किया है। जिला कलेक्टर श्रीनिधि बी टी ने बताया कि संधु पैलेस, लवानिया मैरिज होम, दारा सिंह पैलेस, सिंघारा मैरिज होम एवं हिना पैलेस सैंपऊ रोड धौलपुर को आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 में प्रद्दत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 31 जुलाई से आगामी आदेशों तक अधिग्रहित किया गया है तथा सभी मैरिज होम, होटल, पैलेस में व्यवस्था करने के लिए तहसीलदार धौलपुर अल्का श्रीवास्तव मोबाइल नंबर 9079242005 को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है।

जिले में 31 जुलाई तक कक्षा 1 से 12 तक के समस्त विद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्र बंद

देश का दर्पण न्यूज,धौलपुर (धर्मेन्द्र बिधौलिया) 30 जुलाई। जिले में बीते दिनों से हो रही वर्षा और चंबल नदी के उफान को देखते हुए जिला प्रशासन ने सतर्कता और सुरक्षा के मद्देनजर विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों के अवकाश की अवधि बढ़ा दी है। जिला कलेक्टर एवं अध्यक्ष, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, श्रीनिधि बी.टी. द्वारा जारी नवीन आदेश के अनुसार अब 31 जुलाई गुरुवार को भी जिले में संचालित कक्षा 1 से 12 तक के समस्त सरकारी एवं गैर-सरकारी विद्यालयों और समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों में विद्यार्थियों के लिए अवकाश घोषित किया गया है।

इससे पूर्व 28 से 30 जुलाई तक अतिवृष्टि के चलते जिले में स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में अवकाश घोषित किया गया था। मौसम विभाग द्वारा जारी अलर्ट के अनुसार जिले में कई क्षेत्रों में बाढ़ जैसे हालात बन चुके हैं। विद्यार्थियों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य को सर्वोपरि मानते हुए जिला प्रशासन ने यह निर्णय लिया है।

जिला कलेक्टर ने यह स्पष्ट किया है कि यह अवकाश केवल विद्यार्थियों के लिए रहेगा। विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केंद्रों के स्टाफ को यथावत कार्य करना होगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिए हैं कि यदि कोई संस्था प्रमुख इस आदेश की अवहेलना करते हुए विद्यालय या आंगनबाड़ी केंद्र संचालित करता पाया गया, तो उसके विरुद्ध आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के तहत विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

ब्लाइंड मर्डर का 48 घण्टें में खुलासा कर हत्या के तीनों आरोपीयों को किया गिरफ्तार

देश का दर्पण न्यूज

पुलिस आयुक्त श्री बीजु जार्ज जॉसफ क्व्हर ने बताया की दिनांक 27.07.2025 को समय 8.00 एएम पर पुलिस कन्ट्रोल रूम जयपुर शहर से एक मेडिकल ईतला मिली की एक अज्ञात व्यक्ति को सांगानेर कस्बे से एम्बूलेंस की सहायता से जयपुरिया हॉस्पीटल इमरजेन्सी में इलाज हेतु लाया गया जिसकी मृत्यु हो गई है। घटना की गंभीरता को देखते हुये श्रीमान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) श्री मनीष अग्रवाल क्व्हर के निकट निर्देशन में उपायुक्त जयपुर (पूर्व), श्री संजीव नैन क्व्हर व श्री आसाराम चौधरी व सहायक पुलिस आयुक्त श्री विनोद कुमार सांगानेर, जयपुर पूर्व के प्रर्यवेक्षण में श्री मुनीन्द्र सिंह पु. नि. थानाधिकारी पुलिस थाना मालपुरा गेट के नेतृत्व में एक स्पेशल टीम का गठन किया गया। अज्ञात मृतक एवं अज्ञात आरोपियान की पहचान हेतु टीम ने संयुक्त प्रयास करते हुये सी.सी.टी.वी. कैमरों का गहनता से अवलोकन कर, आसूचना संकलन एवं तकनीकी अनुसंधान के द्वारा मृतक एवं आरोपियान की पहचान की गई। मृतक की श्री दीनदयाल बैरवा पुत्र श्री शंकर लाल बैरवा उम्र 26 वर्ष जाति बैरवा निवासी भोजपुरा तहसील फागी जिला जयपुर हाल निवासी कोहिनूर सिनेमा के पीछे सांगानेर जयपुर के रुप में हुई। जिस पर मृतक के भाई श्री राजेश कुमार बैरवा पुत्र शंकर लाल बैरवा निवासी भोजपुरा फागी जयपुर से घटना के संबंध में रिपोर्ट प्राप्त कर मुकदमा नम्बर 334/2025 धारा 103(1), 3(5) में दर्ज कर मुनीन्द्र सिंह पु.नि. द्वारा अनुसंधान आरम्भ किया गया। मृतक का पोस्टमार्टम मेडिकल वोर्ड से करवाकर

मृतक का शव परिजनों को सुपुर्द किया गया। आरोपियान की पहचान 1. हरेन्द्र सिह चौहान पुत्र स्व. श्री विजय सिह चौहान जाति राजपूत उम्र 26 साल निवासी गाँव चौरू पुलिस थाना फागी जिला जयपुर ग्रामीणा हाल मकान नम्बर सी-361 टेनबी कॉलोनी त्रिवेणी नगर गोपालपुरा बाईपास पुलिस थाना शिप्रापथ जयपुर दक्षिण हाल किरायेदार मकान नम्बर 24 मुकेश शर्मा का मकान गिरिराज नगर पत्रकार कॉलोनी नियर महिमा सर्किल के पास मानसरोवर पुलिस थाना मानसरोवर जयपुर दक्षिण 2. लाला सिह उर्फ जितेन्द्र सिह नरूका पुत्र श्री हनुमान सिह राजपूत निवासी पलाई पुलिस थाना उनियारा जिला टोक हाल किरायेदार मकान नम्बर 24 मुकेश शर्मा का मकान गिरिराज नगर पत्रकार कॉलोनी नियर महिमा सर्किल के पास मानसरोवर पुलिस थाना मानसरोवर जयपुर दक्षिण, 3. गणेश प्रजापत पुत्र श्री ज्ञान चन्द प्रजापत जाति प्रजापत उम्र 19 साल निवासी लखनउ उत्तरप्रदेश हाल दूगार्पुरा पुलिया के पास दूगार्पुरा जयपुर, मकान नम्बर 24 मुकेश शर्मा का मकान गिरिराज नगर पत्रकार कॉलोनी नियर महिमा सर्किल के पास मानसरोवर पुलिस थाना मानसरोवर जयपुर दक्षिण हाल किरायेदार डकलिग स्कूल के पास प्रताप नगर पुलिस थाना प्रताप नगर जयपुर पूर्व के रुप में होने पर आरोपियान को दस्तयाब कर प्रकरण संख्या 334/25 धारा 103(1), 3(5) बीएनएस में गिरफ्तार किया गया है। जिन्हे न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमाण्ड प्राप्त किर वारदात में प्रयुक्त मोटरसाईकिल एवं पेचकश बरामद किया जायेगा एवं मुल्जिमान से अन्य वारदातों के बारे में गहन पुछताछ की जायेगी।

पुष्कर विधानसभा क्षेत्र में औद्योगिक क्षेत्र का हो रहा बहुआयामी विकास–
जल संसाधन मंत्री के प्रयासों से रीको क्षेत्रों को मिल रहा नवसंजीवनी रूप

जयपुर, 30 जुलाई। राज्य सरकार की औद्योगिक प्रगति और क्षेत्रीय विकास को नई दिशा देने की नीति के तहत अजमेर जिले की पुष्कर विधानसभा क्षेत्र में लगातार ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। जल संसाधन मंत्री एवं पुष्कर विधायक श्री सुरेश सिंह रावत के निदेशों से रीको एरिया खोड़ा में आरसीसी नाली एवं वर्षा जल संग्रहण कार्य हेतु 632.16 रूपए लाख की राशि स्वीकृत कर दी गई है। यह कार्य शीघ्र ही प्रारंभ किया जाएगा। इससे औद्योगिक क्षेत्र की जल निकासी व्यवस्था और वर्षाजल प्रबंधन को आधुनिक स्वरूप मिलेगा।

इस महत्वपूर्ण परियोजना के साथ औद्योगिक क्षेत्र के आधारभूत ढांचे को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में एक और मील का पत्थर जुड़ गया है। यह योजना न केवल मानसून में होने वाले जलभराव की समस्या से निजात दिलाएगी बल्कि रीको क्षेत्र में सुगम परिवहन, स्वच्छता और सौंदर्यकरण को भी बढ़ावा देगी।

हाल ही में मंत्री श्री रावत के निदेशों से विभिन्न विकास कार्य पूर्ण करवाए गए हैं। इनमें रीको एरिया रूपनगढ में 149.97 लाख की लागत से डामर सड़क की रिकारपेटिंग का कार्य पूर्ण किया जा चुका है जिससे उद्योगपतियों और आमजन को बेहतर यातायात सुविधा मिली है।

रीको एरिया खोड़ा में 146.01 लाख की लागत से सड़क चौड़ाईकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य भी सफलता पूर्वक संपन्न करवाया गया जिससे क्षेत्र में भारी वाहनों की आवाजाही में अब कोई बाधा नहीं आती।

इन समग्र प्रयासों ने रीको क्षेत्रों को एक उन्नत औद्योगिक पहचान दिलाने का कार्य किया है। जल संसाधन मंत्री श्री सुरेश सिंह रावत की प्राथमिकता सदैव यह रही है कि पुष्कर विधानसभा क्षेत्र न केवल सांस्कृतिक और धार्मिक दृष्टि से समृद्ध हो बल्कि औद्योगिक विकास में भी अग्रणी बनकर उभरे।

मंत्री श्री रावत का स्पष्ट संदेश–
औद्योगिक क्षेत्र रीको का विकास केवल सड़क और नाली तक सीमित नहीं है, यह क्षेत्रीय समृद्धि, युवाओं के लिए रोजगार और राज्य की आर्थिक वृद्धि की आधारशिला है। हर योजना का उद्देश्य है कि सुविधा, संरचना और स्वावलंबन का सशक्त समागम हो।

मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर शहर का किया सघन निरीक्षण, बारिश से उत्पन्न स्थिति का लिया जायजा–

जयपुर, 30 जुलाई। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार शाम को जयपुर शहर के विभिन्न क्षेत्रों का लगभग ढाई घण्टे सघन निरीक्षण कर बारिश से उत्पन्न स्थितियों का जायजा लिया। उन्होंने बी-टू बाईपास रोड़, सांगानेर, सुमेर नगर, सूरजमल सर्किल, मुहाना मंडी, चौरडिया पेट्रोल पंप पर रुककर जलभराव, क्षतिग्रस्त सड़कों, गड्ढ़ों एवं ड्रेनेज सिस्टम से संबंधित समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए।

श्री शर्मा ने बी-टू बाईपास रोड़ के पास द्रव्यवती नदी का अवलोकन किया और घने वृक्षों की छंटाई तथा नालों के फेरो कवर की मरम्मत करने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने कच्ची बस्ती के लोगों एवं बच्चों से बातचीत की और अधिकारियों को निचले क्षेत्रों में जल निकासी तथा आपात स्थिति में वहां के निवासियों के लिए भोजन व पेयजल की व्यवस्था करने के लिए निर्देशित किया।

मुख्यमंत्री ने सांगानेर स्थित कैम्प कार्यालय में लोगों से मुलाकात की और शहर के जलभराव वाले स्थानों के संबंध में जानकारी ली। इसके बाद मुख्यमंत्री ने मुहाना मंडी चौराहे पर पहुंचकर जायजा लिया और अधिकारियों को चौराहे पर सर्कल निर्माण के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने महाराजा सूरजमल सर्किल व केसर नगर चौराहे पर क्षतिग्रस्त सड़कों के शीघ्र मरम्मत कार्यों के निर्देश दिए।

जनता को ना हो परेशानी, प्रशासन हर समय रहे अलर्ट- मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने मीडिया से बातचीत में कहा कि हमारी सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि बारिश से उत्पन्न स्थिति में जनता को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो। इसके लिए अधिकारियों को अलर्ट मोड़ पर रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में प्रभावित क्षेत्रों में लोगों के लिए भोजन, पेयजल एवं रहने की व्यवस्थाओं के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग जलभराव वाले क्षेत्रों में जाने से बचें।

श्री शर्मा ने निरीक्षण के दौरान सांगानेर क्षेत्र के विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने चौरडिया पेट्रोल पंप तिराहे पर रूककर सांगानेर थाने से चौरडिया पेट्रोल पंप और मालपुरा गेट तक बनने वाली एलिवेटेड रोड़ की प्रगति की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

ओबीसी ब्रिगेड अध्यक्ष राजेंद्र तंवर का बड़ा हमला : भाजपा सरकार कर रही है 45 प्रतिशत पिछड़े वर्ग के साथ धोखा,

कैथल (कृष्ण प्रजापति): ओबीसी ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र तंवर ने हरियाणा की भाजपा सरकार, विशेष रूप से मुख्यमंत्री नायब सैनी और मंत्री रणबीर गंगवा पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार प्रदेश के 45 प्रतिशत ओबीसी समाज को केवल "वोट बैंक" के रूप में इस्तेमाल कर रही है और लगातार उनके अधिकारों को कुचल रही है। राजेंद्र तंवर ने कहा कि क्लास-1 और क्लास-2 की नौकरियों में अब तक ओबीसी आरक्षण पूरा नहीं किया गया और न ही बैकलॉग भरे गए हैं, जिससे हजारों पिछड़ा वर्ग के बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो गया है।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि ओबीसी वर्ग के युवाओं का आर्थिक शोषण चरम पर है। राजेंद्र तंवर ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ढिंढोरा पीट रही है कि उन्होंने बीसी-ए को 8 प्रतिशत और बीसी-बी को 5 प्रतिशत आरक्षण पंचायती राज और निकाय चुनावों में दिया, लेकिन असल में उन्होंने ये आरक्षण देने की बजाय इसे छीनने का काम किया है। गुड़गांव मेयर सीट को लेकर उन्होंने बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि जो सीट बीसी-ए वर्ग की महिला के लिए आरक्षित थी, उसे एक स्वर्ण जाति की महिला को फर्जी सर्टिफिकेट दिलाकर हड़पवाया गया। उन्होंने कहा कि यह सब इसलिए संभव हो पाया क्योंकि मेयर के पति मल्होत्रा हैं, जो भाजपा से जुड़े हुए हैं।

सीईटी परीक्षा को लेकर तंवर ने कहा कि ओबीसी वर्ग के बच्चों की फैमिली इनकम गलत तरीके से फैमिली आईडी से उठाई गई, जिससे उन्हें आरक्षण का लाभ नहीं मिला। सर्टिफिकेट बनाने का

डी.एस.सी. समाज के हक की लड़ाई में मसीहा बनकर उभरे मंत्री कृष्ण बेदी: अजय बेदी ढांड

कैथल (कृष्ण प्रजापति): अखिल वाल्मीकि महापंचायत के जिलाध्यक्ष अजय बेदी ढांड ने प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी के पक्ष में खुलकर समर्थन जताते हुए कहा कि डी.एस.सी. समाज आज उन्हें अपना सच्चा नेता मान चुका है। उन्होंने कहा कि मंत्री कृष्ण बेदी के अथक प्रयासों के चलते डी.एस.सी. समाज को पहली बार उनका वास्तविक हक और सम्मान मिला है, जो वर्षों से उपेक्षित था। बातचीत के दौरान अजय बेदी ने कहा कि कुछ लोग मंत्री कृष्ण बेदी की लगातार बढ़ रही लोकप्रियता से परेशान हैं, इसलिए वे किसी न किसी बहाने उन्हें बदनाम करने की कोशिश में लगे हैं लेकिन डी.एस.सी. समाज अब जाग चुका है और वह अपने मसीहा के साथ चट्टान की तरह खड़ा है। उन्होंने कहा कि वर्षों तक डी.एस.सी. समाज की कई जातियां सरकारी नौकरियों से वंचित थीं और उन्हें दिहाड़ी मजदूरी तक सीमित रहना पड़ा लेकिन जब से मंत्री कृष्ण बेदी के प्रयासों से डी.एस.सी. वर्गीकरण हुआ, तब से इन जातियों के युवाओं को रोजगार में न्यायपूर्ण भागीदारी मिलने लगी है। अजय बेदी ने यह भी आरोप लगाया कि आज भी कुछ ओएससी वर्ग के लोग डी.एस.सी. के हक पर कब्जा जमाए हुए हैं, और वही लोग वर्गीकरण का विरोध कर रहे हैं। जबकि वास्तविकता यह है कि 10 प्रतिशत आरक्षण के भीतर एक-दो जातियां ही लाभ ले रही थीं और अन्य दो दर्जन से अधिक जातियां हाशिए पर थीं।

उन्होंने साफ तौर पर कहा कि कृष्ण बेदी ने डी.एस.सी. समाज के लिए जो ऐतिहासिक कार्य किए हैं, उसे समाज कभी नहीं भूलेगा। उन्होंने ऐसे विरोधियों को चेताते हुए कहा कि कुंठित मानसिकता से ग्रसित लोगों के मंसूबे कभी पूरे नहीं होंगे, और यदि ऐसी साजिशें बंद नहीं हुईं तो समाज को सामाजिक आंदोलन शुरू करना पड़ेगा।

ईवीएम/ वीवीपैट को जानने एवं समझने एवं मॉक पोल करने हेतु समाहरणालय परिसर अवस्थित एवं महाराजगंज अनुमंडल परिसर अवस्थित ईवीएम/वीवीपैट प्रदर्शन केंद्र में आवें-जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह-जिला पदाधिकारी

सिवान

सीवान संवाददाता मसरूर अहमद

सीवान जिला में मतदाताओं को ई०वी०एम० एवं वीवीपैट से परिचित कराने एवं उनमें जागरूकता बढ़ाने हेतु एश्ट ऊेह्णल्ल२३१३ह्णल्ल डील्लश१ (एऊ्छ) की स्थापना की गई है।

आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन, 2025 के क्रम में मतदाताओं के बीच ई०वी०एम० तथा वी०वी०पैट के संबंध में जागरूकता एवं प्रचार-प्रसार करने हेतु जिलान्तर्गत समाहरणालय परिसर एवं महाराजगंज अनुमंडल परिसर में एश्ट (की स्थापना की गई है।जहाँ पर मतदाताओं के बीच जागरूकता हेतु बी०यू०, सी०यू० एवं वी०वी०पैट उपलब्ध कराने के साथ-साथ ई०वी०एम० के जानकार कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में स्थापित इन एश्ट में मतदाताओं को ई०वी०एम० तथा वी०वी०पैट की प्रक्रिया की पूरी जानकारी दी जाती है तथा मॉक वोट डालकर उन्हें मतदान से अवगत कराया जाता है। इससे उनमें मतदान के दौरान आत्मविश्वास पैदा हो रहा है। मतदाताओं का ई०वी०एम० संबंधित भ्रांतियों / शंकाओं का भी समाधान किया जा रहा है।

कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा व सतबीर वर्मा ने मेहंदीपुर बालाजी धाम में टेका मत्था, प्रदेशवासियों के लिए मांगी सुख-समृद्धि की कामना

कैथल (कृष्ण प्रजापति): हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा एवं पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा ने आज श्रद्धा भाव से मेहंदीपुर बालाजी महाराज के पावन धाम में दर्शन कर भगवान बालाजी के चरणों में मत्था टेका और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, शांति व निरोगी जीवन की प्रार्थना की। दोनों जनप्रतिनिधियों ने बालाजी धाम में विधिपूर्वक पूजा-अर्चना कर क्षेत्र और प्रदेश की तरक्की, खुशहाली और भाईचारे के वातावरण की कामना की।

श्रद्धा के साथ सेवा भावना का प्रतीक

इस मौके पर कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा कि बालाजी महाराज से प्रार्थना की है कि प्रदेश में हर व्यक्ति सुखी और स्वस्थ रहे। हमारी सरकार सेवा, समर्पण और सबके विकास के लिए संकल्पबद्ध है।वहीं पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा ने कहा कि जब-जब जनसेवक आस्था के साथ धर्मस्थलों पर जाते हैं, तो वहाँ से सकारात्मक ऊर्जा मिलती है जो जनहित के कार्यों में लगती है। बालाजी महाराज की कृपा से समाज में समरसता और प्रगति बनी रहे।

साथ चले श्रद्धा और जनकल्याण का संदेश

मेहंदीपुर बालाजी धाम में की गई यह यात्रा सिर्फ एक धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि जनता की खुशहाली के लिए की गई एक आस्था यात्रा थी, जो दिखाती है कि धर्म और जनसेवा जब साथ चलते हैं, तो समाज की उन्नति निश्चित होती है।

गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज, सिवान में ह्लबिहार आइडिया फेस्टिवल 2025 का भव्य आयोजन

सीवान संवाददाता मसरूर अहमद
सिवान, 30 जुलाई 2025

राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय (गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज), सिवान के ऑडिटोरियम में ह्लबिहार आइडिया फेस्टिवल 2025ह्व का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्रों, युवाओं, इनोवेटर्स और स्थानीय उद्यमियों को रचनात्मक रूप से सामाजिक और आर्थिक विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी श्री आदित्य प्रकाश तथा महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र (ऊकउ) श्री विवेक कुमार उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में लगभग 600 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिनमें छात्रों, शिक्षकों, स्टार्टअप संस्थापकों और विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के स्वागत से हुई, जिसके बाद सभी विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। इसके उपरांत बिहार आइडिया फेस्टिवल पर आधारित एक प्रेरणादायक लघु फिल्म प्रस्तुत की गई, जिससे उपस्थितजनों को बिहार सरकार की इस पहल की व्यापक जानकारी प्राप्त हुई। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सूर्यकांत सिंह ने अपने संबोधन में नवाचार की आवश्यकता और स्थानीय स्तर पर उद्यमशीलता को बढ़ावा देने की दिशा में प्रेरक विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने विभिन्न स्टार्टअप्स के उदाहरणों के माध्यम से उपस्थित युवाओं को अपने आइडिया प्रस्तुत करने और उनका व्यावसायीकरण करने के लिए प्रेरित किया।

खैरथल मे बाग पंजाबी वाला कुआं पर श्री शिव हनुमान जी मंदिर के वार्षिकोत्सव पर आम भंडारे का हुआ आयोजन

खैरथल संवाददाता
अमित शर्मा

खैरथल। खैरथल में बाग पंजाबी वाला कुआं पर श्री शिव हनुमान जी मंदिर के वार्षिकोत्सव के तहत बुधवार को हवन एवं आम भंडारे का आयोजन किया गया मंदिर के महंत वीरेंद्र शर्मा ने बताया कि हवन पंडित राघव शर्मा के सानिध्य में संपन्न हुआ आरती के पश्चात 12:15 बजे आम भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भंडारे में बढ़-चढ़कर प्रसादी पाई सेवादारों ने व्यवस्थाएं संभाली एवं भंडारे में सहयोग किया

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने संगमेश्वर मंदिर में किए भगवान शिव के दर्शन, किया पौधारोपण और की विकास कार्यों पर चर्चा

कैथल (कृष्ण प्रजापति): सूबे के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अरूणाय स्थित प्राचीन संगमेश्वर मंदिर में भगवान शिव के दर्शन किए और विशेष पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-शांति व समृद्धि की कामना की।

मुख्यमंत्री के साथ इस धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम में जिला परिषद कैथल के चेयरमैन कर्मबीर कौल सहित अनेक गणमान्य कार्यकर्ता और अधिकारी मौजूद रहे।

पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश:

पूजा-अर्चना के उपरांत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंदिर परिसर में एक वृक्षारोपण भी किया, जिससे पर्यावरण संरक्षण और हरियाली का संदेश दिया गया। उन्होंने कहा कि वृक्ष जीवन का आधार हैं और हर व्यक्ति को एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी उपस्थित कार्यकताओं और जनप्रतिनिधियों के साथ विकास कार्यों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जनता के हित में लगातार कार्य कर रही है और विकास की गति को और तेज किया जाएगा। जिला परिषद चेयरमैन कर्मबीर कौल ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री का संगमेश्वर मंदिर में आगमन पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। उनका मार्गदर्शन हमें और अधिक सेवा करने की प्रेरणा देता है।

यशराज फिल्म्स इस सप्ताह रिलीज करेगा वॉर 2 का पहला गाना आवन जावन – ऋतिक रोशन और कियारा आडवाणी पर फिल्माया गया ग्रूवी, रोमांटिक सॉन्ग!

जित मुंबई:- वॉर 2 के निर्देशक अयान मुखर्जी ने आज अपने सोशल मीडिया पर खुलासा किया कि फिल्म का पहला गाना आवन जावन है, जो एक ग्रूवी, रोमांटिक सॉन्ग है और इसमें सुपरस्टार्स ऋतिक रोशन और कियारा आडवाणी पहली बार एक साथ स्क्रीन पर नजर आएंगे! यहां देखें अयान की इंस्टाग्राम पोस्ट जिसमें उन्होंने इस गाने की एक स्टिल शेयर करते हुए आवन जावन की झलक दिखाई। अयान ने यह भी खुलासा किया कि ब्रह्मास्त्र के ब्लॉकबस्टर गाने केसरिया की टीम एक बार फिर आवन जावन के लिए साथ आ रही है!

अयान ने लिखा, "प्रीतम दादा। अमिताभ (भट्टाचार्य)। अरिजीत (सिंह)। ऋतिक और कियारा की खूबसूरत एनर्जी जब वे पहली बार स्क्रीन पर साथ आए। ग्रूवी और रोमांटिक आवन जावन – इटली शूट के दौरान यह हमारा साउंडट्रैक था, और इसे बनाना वॉर 2 की सबसे खुशी भरी यादों में से एक रहा हमारे लिए! इस हफ्ते सभी को यह सुनाने का इंतजार नहीं कर पा रहा हूं। वॉर 2 14 अगस्त को हिंदी, तेलुगु और तमिल में दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।

उपायुक्त ने सिविल अस्पताल का औचक निरीक्षण किया

अमृतसर 30 जुलाई : (सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, चंद्र मोहन, साहिल रहेजा)

आज उपायुक्त श्रीमती साक्षी साहनी ने सिविल अस्पताल अमृतसर का औचक निरीक्षण किया और आपातकालीन वार्ड का निरीक्षण करते हुए मरीजों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुनते हुए डॉक्टरों को निर्देश दिए कि उनकी समस्याओं का तुरंत समाधान करें और किसी भी मरीज को कोई परेशानी न होने दें। उपायुक्त ने वहां चल रहे ऑक्सीजन प्लांट का निरीक्षण करते हुए संबंधित डॉक्टरों को निर्देश दिए कि वे समय-समय पर ऑक्सीजन प्लांट की जांच करवाते रहें ताकि किसी भी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न न हो।

स्वास्थ्य विभाग ने कोटपा अधिनियम के तहत 32 चालान काटे।

अमृतसर, 30 जुलाई : (सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, चंद्र मोहन, साहिल रहेजा)

नशे के विरुद्ध युद्ध अभियान के तहत, स्वास्थ्य विभाग अमृतसर ने सिविल सर्जन डॉ. किरणदीप कौर के निदेर्शानुसार कोटपा अधिनियम को सख्ती से लागू करने के लिए डीडीएचओ डॉ. जगनजोत कौर के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया। जिसमें जिला एमईआईओ अमरदीप सिंह, डॉ. रविंदर कौर, एसआई परमजीत सिंह, दीपक कुमार, रमेश कुमार, राजेश कुमार, रसपाल सिंह और हरदेव सिंह शामिल थे। इस टीम ने क्वींस रोड, हाल बाजार, कटरा जैमल सिंह, कटरा शेर सिंह और हाथी गेट सहित शहर के विभिन्न इलाकों में कोटपा अधिनियम का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों और सार्वजनिक स्थानों पर तंबाकू धूम्रपान करने वाले 32 लोगों के चालान काटे। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. किरणदीप कौर ने कहा कि जिले को तंबाकू मुक्त बनाने के लिए कोटपा एक्ट को सख्ती से लागू किया जा रहा है।

स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर उपायुक्त ने अधिकारियों के साथ बैठक की

अमृतसर, 30 जुलाई : (सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, चंद्र मोहन, साहिल रहेजा)

उपायुक्त श्रीमती साक्षी साहनी ने जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के सफल आयोजन हेतु की जाने वाली तैयारियों के संबंध में पहली बैठक करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि उक्त कार्यक्रम हमारा राष्ट्रीय पर्व है और इसे भव्य तरीके से आयोजित करने की व्यवस्था की जाए। उपायुक्त ने स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासनिक परिसर के मीटिंग हॉल में विभिन्न विभागों के प्रमुखों के साथ बैठक की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समारोह में भाग लेने वाले बच्चों के लिए पानी और चिकित्सा सुविधाओं की पूरी व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल 13 अगस्त को होगी और उससे पहले स्कूलों और स्टेडियमों में निरंतर अभ्यास किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को बताया कि बच्चों को स्वतंत्रता दिवस समारोहों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाए और वे स्वतंत्रता दिवस से संबंधित कोरियोग्राफी और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करें। अतिरिक्त उपायुक्त श्री रोहित गुप्ता, एडीए की अतिरिक्त मुख्य प्रशासक मैडम इनायत, सहायक प्रशिक्षणाधीन आयुक्त मैडम प्रियुषा, एडीसीपी मैडम परमिंदर कौर, जिला सामाजिक न्याय एवं संदीप मल्होत्रा, जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी श्री अमनजीत सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी श्री कंवलजीत सिंह, सचिव रेडक्रॉस सोसायटी श्री सैमसन मसीह के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

उपायुक्त ने जिले में पराली जलाने की रोकथाम और निगरानी के लिए पराली सुरक्षा बल का गठन किया

अमृतसर 30 जुलाई : (सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, चंद्र मोहन, साहिल रहेजा)

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के निदेर्शानुसार, जिले में पराली जलाने की रोकथाम और निगरानी के लिए पराली सुरक्षा बल का गठन किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए उपायुक्त श्रीमती साक्षी साहनी ने बताया कि इस पराली सुरक्षा बल में तहसीलदार/नायब तहसीलदार, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रार/निरीक्षक सहकारी समितियां, थाना प्रभारी, कृषि विकास अधिकारी/कृषि विस्तार अधिकारी और क्लस्टर अधिकारी शामिल होंगे।

उन्होंने बताया कि इस पराली सुरक्षा बल का कार्य ग्राम स्तर पर पराली जलाने की घटनाओं की निगरानी/रोकथाम करना और प्रतिदिन एसडीएम को इसकी रिपोर्ट देना होगा।

उपायुक्त ने जिले के सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वे खंड स्तर पर पराली सुरक्षा बल का गठन कर पराली में आग लगने की घटनाओं की रोकथाम सुनिश्चित करेंगे।

भारतीय कॉर्पोरेट सेक्टर ने तीन वर्षो में सीएसआर फंड में खर्च किए 92981 करोड़ रुपए:— सांसद मदन राठौड़

जयपुर, 30 जुलाई 2025। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश उद्यमिता के क्षेत्र में लगातार बढ़ता जा रहा है। निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर साल दर साल बढ़ रहे है। भारतीय कॉर्पोरेट सेक्टर को हो रहे मुनाफे से कंपनियां सामाजिक उत्तरदायित्व भी बेहतर ढंग से निर्वहन कर रही है। देश में पिछले तीन वित्तीय वर्ष में कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) फंड में करीबन 7 हजार करोड़ रूपए की बढ़ोतरी हुई है। वित्तीय वर्ष 2021—22 में जहां भारतीय कंपनियों द्वारा 27141 करोड़ रुपए कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व क्षेत्र में खर्च किए गए थे, वहीं वित्तीय वर्ष 2023—24 में इस फंड में 7 हजार करोड़ की बढ़ोतरी हुई और लगभग 34908 करोड़ रुपए कंपनियों ने समाज में शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, सामाजिक सशक्तिकरण जैसे अन्य कल्याणकारी कार्यों में खर्च किए। राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ के सवाल के जवाब में यह जानकारी कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय के राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने सदन में दी।

राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2021—22 मे 27141 करोड़, वित्तीय वर्ष 2022—23 में 30932 करोड़ और वित्तीय वर्ष 2023—24 में 34932 करोड़ रुपए भारतीय कंपनियों ने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व क्षेत्र में खर्च किए। देश में सर्वाधिक सीएसआर फंड महाराष्ट्र, कर्नाटक, गुजरात, दिल्ली, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश में खर्च किया गया। राजस्थान में इन तीन वर्षो में 3 हजार करोड़ रुपए कंपनियों ने सीएसआर निधि के तहत खर्च किए और विकास में सहयोग किया। देश में इन तीन वित्तीय वर्ष के दौरान सर्वाधिक महाराष्ट्र में 17177 करोड़ रुपए, गुजरात में 6380 करोड़, कर्नाटक में 6161 करोड और तमिलनाडु में 5046 करोड़ रुपए सीएसआर फंड से विकास कार्यों में खर्च किए गए।

राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने बताया कि भारतीय कंपनियां कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत अपने शुद्ध लाभांश का करीबन 2 प्रतिशत मुनाफा समाज में विकास कार्यों पर खर्च करते है। इन विकास कार्यों में 26 अलग—अलग श्रेणियां विभाजित है।

जानलेवा लापरवाही... बिजली की झूलती लाइने बड़े हादसे का इंतजार

देश का दर्पण. दैनिक अखबार न्यूज रिपोर्टर. राकेश कोठेनिया हलेना

डीग... जिले के नगर कस्बे में बिजली विभाग द्वारा लंबे समय से की जा रही जानलेवा लापरवाही आई सामने, प्राप्त जानकारी अनुसार नगर कस्बे में सुन्दरावली रोड पर स्थित मोक्षधाम के सामने मौजूद बिजली का पोल झुकने की वजह से बड़े हादसे को दे रहा है न्योता, काफी लंबे समय से व्याप्त इस जानलेवा समस्या पर स्थानीय प्रशासन एवं बिजली विभाग द्वारा नहीं दिया जा रहा कोई ध्यान या फिर स्थानीय प्रशासन एवं बिजली विभाग किसी बड़े हादसे का कर रहा है इंतजार, स्थानीय लोगो द्वारा उक्त मामले से अधिकारियों को कई बार कराया गया है अवगत लेकिन अधिकारियों के कान पर नहीं रेंग रही है कोई जूं।

बारिश में टायरों और चद्दर के सहारे हुआ अंतिम संस्कार,ये दृश्य ज़िला प्रशासन व सरकार के विकास की पोल खोलता

सुरज वर्मा

भीलवाड़ा जिले की बनेड़ा पंचायत समिति के माताजी का खेड़ा (भटेड़ा) गांव में विकास के दावों की पोल खोलती एक हृदय विदारक तस्वीर सामने आई। बुधवार को 80 वर्षीय चुन्नी दास वैष्णव के निधन के बाद उनके परिजन व ग्रामीण अंतिम संस्कार के लिए श्मशान घाट पहुंचे, लेकिन यहां कोई भी बुनियादी सुविधा नहीं होने से अंतिम संस्कार के लिए ग्रामीणों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। बारिश के चलते ग्रामीणों को न केवल टायरों का सहारा लेकर शव जलाना पड़ा, बल्कि चिता को बारिश से बचाने के लिए लोहे के पाइप के सहारे चद्दर पकड़कर लगभग 3 घंटे तक खड़े रहना पड़ा। यह घटना ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के अभाव को उजागर करती है। माता जी का खेड़ा (भटेड़ा) में श्मशान घाट की बदहाली ऐसी थी कि एक बुजुर्ग का अंतिम संस्कार भी सम्मानजनक तरीके से करना मुश्किल हो गया। श्मशान घाट पर अंतिम यात्रा में शामिल होने वाले लोगों के लिए बैठने की उचित व्यवस्था भी नहीं है, जिसके चलते बारिश में लोग छाता के सहारे खड़े रहकर अंतिम संस्कार किया। ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी श्मशान घाट में मूलभूत सुविधाएं या तो नदारद हैं या बेहद खराब स्थिति में हैं।

रास्ते में भी कीचड़, टीनशेड भी नहीं....

माता जी का खेड़ा (भटेड़ा) गांव से श्मशान घाट तक पहुंचने के लिए रास्ते में कीचड़ और बरसाती पानी से होकर गुजरना पड़ता है। बारिश के समय अंतिम संस्कार की सबसे बड़ी परेशानी आती है। इसके चलते स्थानीय प्रशासन के खिलाफ ग्रामीण में रोष है।

भगवान श्री मांगट देव की 23 वीं पदयात्रा का शाहपुरा में स्वागत

सुरज वर्मा

शाहपुरा 30 जुलाई/ उपखंड मुख्यालय के शाहपुरा में 23वीं पदयात्रा भगवान मांगट देव माला जी बड़ा खेड़ा की आठ दिवसीय पैदल पदयात्रा शाहपुरा पहुंची जिसका पुष्प वर्षा कर माला पहनाकर तिलक लगाकर चरण छूकर इत्र की खुशबू के साथ जमकर स्वागत किया गया।

समाज के कालू राम मोटीस बौराणी ने बताया कि मोटीस गोत्र के एवं सकल मीणा समाज के आराध्या कुल देवता भगवान श्रीमांगट देव माला जी की लगातार 23 वर्षों से 8 दिवसीय पैदल यात्रा भगवान के ध्वज एवं विमान बेवाण के साथ भजन एवं डीजे की धुन पर नाचते गाते भगवान के जयकारे लगाते हुए शाहपुरा पहुंची। मेवाड़ आम चौखला मीणा समाज एवं शाहपुरा शहर वासियों ने पुष्प वर्षा कर माला पहनाकर तिलक लगाकर केसरिया दुपट्टा पहना कर चरण छूकर इत्र की खुशबू के साथ जमकर पलक पावडे बिछा कर भगवान मांगट देव के श्रद्धालु भक्तों का भगवान स्वरूप मानकर स्वागत किया। जहाजपुर रोड सेन समाज की धर्मशाला के स्थान पर पदयात्रा का स्वागत मेवाड़ आम चौखला मीणा समाज अध्यक्ष महावीर मीणा द्वारा हुआ और परिपाटी एवं रिवाज के अनुसार शाम को भगवान की महा आरती एवं मंत्रोचार के साथ के पश्चात महाप्रसाद का वितरण हुआ एवं पद यात्रियों का शाहपुरा में रात्रि विश्राम हुआ। भगवान मांगट देव माला जी की पैदल यात्रा श्यावता से आरंभ होकर चांदनी माता देवली जहाजपुर शाहपुरा कुंडिया कला देवनारायण मालासरी समेलिया भीम बड़ा खेड़ा टॉडगढ़ रोही पर्वत होते हुए बड़ा खेड़ा भगवान मांगट देव माला जी दर्शन के साथ झंडा चढ़ाने की रस्म करते हुए यात्रा पूर्ण होगी। इस मौके पर पुजारी रामकुमार सुरेंद्र,कालूराम किशन लाल धन्ना राम रामकल्याण शिवराज कजोड़ जगदीश श्योजी लाल गोवर्धन गणपत मांगीलाल प्रभु लाल ओम जयलाल रामेश्वर लाल रामराज प्रेमचन्द मन्ना लाल डूंगर सिंह राधा देवी अम्बालाल कैलाशी देवी अलोल देवी फूली देव समिति के सदस्य एवं पदयात्री मौजूद रहे।

राजस्थान के सरकारी स्कूलों में सुरक्षा और सुधारो की मांग पर आम आदमी पार्टी ने दिया जिला कलेक्टर को ज्ञापन

जयपुर। झालावाड़ व जैसलमेर के सरकारी स्कूलों में दुखदाई घटनाओं में बच्चों की मृत्यु पर आम आदमी पार्टी ने राजस्थान के सरकारी स्कूलों मे बड़े सुधारो की मांग पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रथम विनीता सिंह को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। जयपुर उपाध्यक्ष विनीत शर्मा ने बताया कि यह बहुत दुखदाई है कि सरकारी स्कूलों में बच्चे सुरक्षित नहीं है। पार्टी ने मांग करी कि जर्जर कमरों को ढहा कर नये कमरों का निर्माण किया जाये व स्कूलों को मरम्मत, जरुरी कार्यों के लिए समय से फण्ड दिया जाये। दिल्ली की पूर्व आप सरकार व वर्तमान में पंजाब सरकार के शिक्षा मॉडल की तरह सरकारी स्कूलों को प्राइवेट स्कूल जैसे सुरक्षित, सुविधाजनक, मॉडर्न ट शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण बनाया जाये। ज्ञापन सौपने के दौरान विनीत शर्मा, धीरेश जैन, राशिद हसन, फिरोज कुरैशी, मोहसिन कुरैशी, महेश पारीक आदि मौजूद थे

ट्रेन से गिरकर युवक की दर्दनाक मौत

अमेठी। अमेठी जिले के जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत निहालगढ़ रेलवे स्टेशन के पास एक युवक का रेलवे ट्रैक के बगल में लाश पड़ी मिली। पुलिस की कड़ी मशक्कत के बाद युवक की पहचान बिहार के भोजपुरी जनपद निवासी विश्वजीत के रूप में हुई। पुलिस लाश को कब्जे में लेकर आवश्यक विधि कार्यवाही में जुटी हुई है। बुधवार की सुबह जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत निहालगढ़ रेलवे स्टेशन के पिलर नंबर 994/30 के पास ट्रेन की पटरी के बगल झाड़ियों में एक अज्ञात लाश लोगों ने देखी। इसके बाद तत्काल पुलिस को सूचित किया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर उसकी पहचान कराने में जुट गई। मृतक युवक की जेब से निकली पर्ची पर जब पुलिस ने फोन किया तब युवक की पहचान हो पाई । युवक की पहचान विश्वजीत पुत्र जयप्रकाश निवासी जनपद भोजपुर बिहार के रूप में हुई। विश्वजीत अपनी मूक बधिर बहन का इलाज कराने पीजीआई लखनऊ गया हुआ था। जहां से वापस आते समय श्रमजीवी एक्सप्रेस से पैर फिसलने के चलते वह रेलवे ट्रैक के बगल गिर गया और उसकी दर्दनाक मौत हो गई।

हत्या में वांछित दो अभियुक्त गिरफ्तार

कौशांबी। पिपरी थाने की पुलिस ने हत्या की घटना में शामिल दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि 25 जुलाई को पिपरी थाने में सूचना मिली कि ग्राम मकदूमपुर शराब के ठेके के पास एक व्यक्ति को गोली मार दी गयी है। स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए एसआरएन प्रयागराज भेजा।इलाज के दौरान घायल युवक की मृत्यु हो गया थी। तहरीर के आधार पर थाना पिपरी में मुकदमा दर्ज किया गया था। 28 जुलाई को घटना से सम्बन्धित इनामिया अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया जा चुका है। मुखबिर की सूचना पर दो अन्य वांछित अभियुक्तों शिवाकांत सिंह उर्फ कल्लू निवासी गाँजा थाना एयरपोर्ट जनपद प्रयागराज, सौरभ सिंह निवासी ग्राम नेवादा थाना सराय अकिल जनपद कौशाम्बी को गांजा मोड़ तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही की गई।

अभियुक्तों से पूछताछ में पता चला कि शिवाकान्त, रूपेश गांव गांजा का निवासी है। अभियुक्त सौरभ की ग्राम गांजा में रिश्तेदारी है, इसलिए गांव में आते-जाते इनकी आपस में दोस्ती हो गयी थी। मृतक राजू से अभियुक्त रूपेश की पुरानी रंजिश थी।

अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र का हुआ उद्घाटन।

देश का दर्पण न्यूज (बिहार वैशाली) पातेपुर संवाददाता रंजीत कुमार

पातेपुर प्रखंड क्षेत्र के बलिगांव में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य का हुआ उद्घाटन । इस स्वास्थ्य केंद्र में बलिगांव, अग्रैल खुर्द, अलीनगर लेवढन,चकजादो, बेला दरगाह, लदहो, गोविंदपुर बेला पंचायत के लोगों को स्वास्थ्य देखभाल की सुविधा मिल पाएगी।

मिली जानकारी अनुसार पातेपुर प्रखंड क्षेत्र में बुधवार को बलिगांव में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर पातेपुर विधायक लखेंद्र पासवान, मुखिया राम इकबाल चौरसिया, ने संयुक्त रूप से फीता काट कर उद्घाटन किया। इस मौके पर उमेश कुमार विभू ,इंद्रजीत सिंह राजेश कुमार , रामानंद राय ,सुंदरेश्वर राय , विंदेश्वर राय ,रविकेश आर्य समेत दर्जनों लोग मौजूद थें।

चंबल के बीहड़ों में बदलाव का नया दौर: बंजर जमीन पर फलों की मीठी खुशबू

औरैया। चंबल का बीहड़, जो कभी डकैतों की शरणस्थली के रूप में खौफ का दूसरा नाम माना जाता था, अब बदलाव की नई इबारत लिख रहा है। जिस धरती पर कभी गोलियों की गूंज सुनाई देती थी, आज वहीं फलों की मिठास घुल रही है।

पंचनद क्षेत्र के बबाइन गांव के उन्नतशील किसान अजय तिवारी ने बीहड़ की बंजर और कंटीली जमीन को हरा-भरा कर सबको चौंका दिया है। केला, अनार, नींबू, संतरा और मौसमी जैसे फलों की पैदावार कर उन्होंने यह साबित कर दिया कि जज्बा हो तो असंभव भी संभव हो जाता है। अजय तिवारी का जन्म चंबल-यमुना घाटी के सेंगनपुर गांव में हुआ। ग्रामीण परिवेश में पले-बढ़े अजय बचपन से ही नए-नए प्रयोगों के शौकीन रहे। विषम हालात और प्रतिकूल मौसम के बावजूद उन्होंने अपनी निजी भूमि पर फैली बिलायती बबूल और कंटीली झाड़ियों को साफ किया और बागवानी शुरू की। कठिन परिश्रम के बल पर उन्होंने कम समय में ही फलों की अच्छी पैदावार कर सबको चकित कर दिया। अजय तिवारी बताते हैं कि यह उनकी उम्मीदों को सफलता का मूर्त रूप है। चंबल-यमुना-सिंध-पहुज और क्वारी नदियों के संगम पर फैले बीहड़ कभी भी खेती के लिए मुफीद नहीं रहे। कठिन भौगोलिक परिस्थितियों, बंजर जमीन और पूर्व में दस्युओं के आतंक ने यहां खेती को लगभग नामुमकिन बना दिया था। आज उनकी सफलता न केवल किसानों में नई ऊर्जा भर रही है, बल्कि पलायन को भी रोकने का संदेश दे रही है। राष्ट्रीय राजमार्ग से 9 किलोमीटर दूर बबाइन के समीप बीहड़ में अजय तिवारी ने अपने जज्बे से यह साबित कर दिया कि हौसला हो तो आसमां में भी सुराख हो सकता है। यह बदलाव चंबल घाटी के लिए एक नए युग की शुरूआत है और उन किसानों के लिए प्रेरणा है जो प्रतिकूल परिस्थितियों को बहाना बनाकर खेती से किनारा कर लेते हैं।

शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

देश का दर्पण न्यूज (बिहार वैशाली) पातेपुर संवाददाता रंजीत कुमार

पातेपुर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 9लीटर अंग्रेजों शराब बरामद किया है। मौके से एक धंधेबाज को गिरफ्तार भी किया है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया

कि हरेंद्र पासवान, पिता सोनेलाल पासवान, गांव मंडईडीह वार्ड न 4, थाना पातेपुर से शराब धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया है।इसके घर के सामने रखे ईंट में सिग्नेचर पान मसाला के बैग छुपाकर रखा एम सी डॉल्स नंबर 1, 750 मिली. का 12 बोतल कुल मात्रा 9 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया है। जिसको लेकर विधिसम्मत कारवाई की जा रही है।

चोरी कर रहे युवक को भेजा जेल

देश का दर्पण न्यूज (बिहार वैशाली) पातेपुर संवाददाता रंजीत कुमार

हरलोचनपुर सुक्की थाना क्षेत्र में चोरी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जेल। मिली जानकारी अनुसार हरलोचनपुर सुक्की थाना क्षेत्र मंगलवार को दिन में चोरी कर रहे एक युवक को पुलिस ने जेल भेज दिया है। युवक गंगाचक गांव में दिनेश ठाकुर के घर में चोरी कर रहा था। घरवालों ने रंगे हाथों पकड़ पुलिस को सौंप दी। आरोपी की पहचान मुजफ्फरपुर जिला के बरियारपुर थाना क्षेत्र के बरियारपुर गांव निवासी धीरज कुमार पिता मोहन राय के रूप में किया गया है। इसके पास से चोरी के एक हजार रुपए बरामद किया गया है।

मंडल अध्यक्ष संगठन की अहम कड़ी, सरकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने में निभाए भागीदारी:— जोगाराम पटेल

जयपुर, 30 जुलाई 2025। भारतीय जनता पार्टी जयपुर शहर, जयपुर उत्तर एवं जयपुर दक्षिण के जिला अध्यक्षों के साथ तीनों जिलों के मंडल अध्यक्षों का जिला प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल ने भव्य स्वागत—अभिनंदन किया। कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल ने संगठन पदाधिकारियों से संगठनात्मक परिचर्चा की। इस अवसर पर जिला प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल ने परिचर्चा में सहभागिता कर संगठन की मजबूती, कार्यकताओं की सक्रियता एवं आगामी कार्य योजनाओं को लेकर संवाद किया।

भाजपा सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल ने बताया कि मजबूत संगठन ही मजबूत राष्ट्र का आधार है। ऐसे में हम सभी को मिलकर भाजपा को हर स्तर पर और अधिक सशक्त बनाना है। मंडल अध्यक्ष सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने में भी अपनी सहभागिता निभाए। पटेल ने कहा कि मंडल अध्यक्ष संगठन की अहम कड़ी होती हैं। मंडल अध्यक्षों के स्वागत की इस कड़ी को भविष्य में और आगे बढ़ाया जाएगा। स्वागत कार्यक्रम में जयपुर जिला अध्यक्ष अमित गोयल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में इस बार जयपुर जिले से लगभग 1100 बूथों ने सरल एप पर फोटो अपलोड की है। यह राजस्थान का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है।

मुठभेड़ में मैनपुरी का वांछित हिस्ट्रीशीटर गिफ्तार, गोली लगी

एएसपी ने बताया कि घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार के अस्पताल में भर्ती कराया है।

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद की सिरसागंज पुलिस टीम ने मंगलवार देर रात मैनपुरी जिले से वांछित अभियुक्त को मुठभेड़ में गिफ्तार किया है। वह आगरा में लूट के मामले में फरार चल रहा था। पैर में गोली लगने से घायल अभियुक्त को पुलिस टीम ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।

अपर पुलिस अधीक्षक नगर रवि शंकर प्रसाद ने बुधवार को बताया कि थाना सिरसागंज प्रभारी वैभव कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ मंगलवार देर रात क्षेत्र में गश्त पर थे। तभी सूचना मिली कि थाना भौगाँव जनपद मैनपुरी का वांछित अपराधी सोनू लूट की घटना को अंजाम देने की फिराक में थाना क्षेत्र में घूम रहा है।

सूचना पर थाना सिरसागंज पुलिस टीम ने पैंगू रोड पर किठौत मोड़ के पास चेकिंग शुरू कर दी। इस दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार संदिग्ध व्यक्ति को रोका तो उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी कार्यवाही में व्यक्ति के पैर में गोली लग गई। घायल व्यक्ति की पहचान जनपद आगरा के थाना मलपुरा क्षेत्र में हुई लूट की घटना में वांछित एवं जनपद मैनपुरी के वांछित हिस्ट्रीशीटर सोनू निवासी हाल पता गिहार कॉलोनी कस्बा थाना सिरसागंज के रूप में हुई है। उसके कब्जे से एक चोरी की मोटर साइकिल, 06 लूट के मोबाइल फोन, 5,500 रुपये, एक अवैध तमंचा 315 बोर, एक जिंदा कारतूस एवं दो खोखा कारतूस बरामद हुए है।

एएसपी ने बताया कि घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार के अस्पताल में भर्ती कराया है। उसका आपराधिक इतिहास है। उसके खिलाफ जनपद मैनपुरी, आगरा व फिरोजाबाद में दो दर्जन से अधिक लूट, चोरी, जानलेवा हमला आदि के मुकदमे दर्ज हैं।

अवैध कच्ची शराब संग एक आरोपी गिरफ्तार

प्रयागराज । थाना पूरामुफ्ती पुलिस द्वारा मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर एक अभियुक्त अमन शर्मा पुत्र स्व0 ननका शर्मा निवासी नयागंज पूरामुफ्ती थाना पूरामुफ्ती जनपद प्रयागराज को फतेहपुरघाट पंडिताइन बस्ती से टिकरी रोड़ आने वाले तिराहे पर थाना क्षेत्र पूरामुफ्ती से गिरफ्तार कर कब्जे से 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गयी ।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम

उ0नि0 निशान्त जाटव. हो0गा0 मंजीत मिश्रा थाना पूरामुफ्ती कमिश्वरेट प्रयागराज ।

पंचनद धाम महासंगम में बाढ़ का कहर, यमुना नदी खतरनाक रूप में

औरैया। विश्व में अद्वितीय पंचनद धाम तीर्थ क्षेत्र, जहां यमुना, चंबल, सिंध, पहूज और कुंवारी नदियां मिलती हैं, इस समय बाढ़ की भयावह चपेट में है। पांचों नदियों में पानी का अत्यधिक दबाव होने से महासंगम पर हालात बिगड़ते जा रहे हैं।

बाढ़ का पानी तटवर्ती इलाकों में फैलने से लोगों में दहशत का माहौल है। चंबल नदी से बड़ी संख्या में मगरमच्छ भी तटवर्ती क्षेत्रों में आ पहुंचे हैं, जिससे खतरा और बढ़ गया है। प्रशासन ने बाढ़ पर निगरानी बढ़ा दी है और पुलिस बल लगातार घाटों और पुलों पर मुस्तैद है। जुहीखा पुल पर सबसे ज्यादा नजर है क्योंकि यह पुल औरैया, इटावा, जालौन के साथ बुंदेलखंड और मध्य प्रदेश को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण मार्ग है। पुल पर बाढ़ के पानी को देखने के लिए भीड़ जुटी रही, वहीं प्रशासन ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की।

अयाना थाना प्रभारी और बबाइन चौकी प्रभारी सत्येंद्र यादव ने टीम के साथ जुहीखा पुल पर लगातार निगरानी रखी। राजस्व विभाग के लेखपाल योगेंद्र कुमार और राजकुमार व ग्राम पंचायत अधिकारी अरमान खान भी नदी किनारे

आईपीयू में एम. फार्मा प्रोग्राम की काउंसलिंग 8 अगस्त से शुरू

एजेंसी

नई दिल्ली। गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (आईपीयू) के एम. फार्मा प्रोग्राम की काउंसलिंग ऑफलाइन मोड में विश्वविद्यालय के द्वारका कैंपस स्थित सेंटर फॉर एक्सीलेंस इन फार्मास्यूटिकल साइंसेज में 8 अगस्त को आयोजित की जाएगी।

इसमें कुल 60 सीटें उपलब्ध है। इस प्रोग्राम के सभी आवेदक को काउंसलिंग के दिन विश्वविद्यालय के कुलसचिव के नाम निर्गत 96 हजार रुपये का ड्राफ्ट एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज लाने हैं। राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा ग्रेजुएट फार्मेसी एप्टीट्यूड टेस्ट (जीपैट) के उतीर्ण सभी आवेदक जिन्होंने इस प्रोग्राम में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन किया है इस प्रोग्राम की पहली काउंसलिंग में भाग ले सकते हैं। इस सेंटर के निदेशक प्रो. ए. के. नरूला के अनुसार दो वर्ष की अवधि का यह कोर्स पूरी तरह रोजगारोन्मुखी है। कोर्स की समाप्ति के बाद सरकारी एवं निजी क्षेत्र में नौकरी के बहुत सारे अवसर हैं। उन्होंने बताया कि इस संदर्भ में विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की दोनों वेबसाइट पर उपलब्ध है ।

ईश्वर चंद्र विद्यासागर की पुण्यतिथि पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अर्पित की श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शिक्षाविद एवं चिंतक ईश्वर चंद्र विद्यासागर की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि उनके विचार आज भी हम सभी को बेहतर समाज निर्माण हेतु प्रेरित करते हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि महान समाज सुधारक, शिक्षाविद और चिंतक ईश्वर चंद्र विद्यासागर की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं। रेखा गुप्ता ने कहा कि उनकी दूरदर्शिता, शिक्षा के प्रति समर्पण और सामाजिक सुधारों ने भारत को एक नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि विद्यासागर ने महिला शिक्षा को बढ़ावा देने और समाज में व्याप्त अंधविश्वास के खिलाफ सशक्त आवाज उठाई। उनका जीवन एक प्रेरणा है जो हमें यह सिखाता है कि परिवर्तन शिक्षा और सामाजिक जागरूकता से ही संभव है। उल्लेखनीय है कि ईश्वर चंद विद्यासागर का जन्म 26 सितंबर 1820 को बिरसिंघा गांव (वर्तमान में मेदिनीपुर जिला, पश्चिम बंगाल) में हुआ था। वह महान शिक्षाविद, समाज सुधारक और एक महान विद्वान थे। उनकी विद्वता के कारण ही उन्हें विद्यासागर की उपाधि दी गई थी। उन्होंने स्त्रियों की शिक्षा और विधवा विवाह कानून के लिए आवाज उठाई। उन्हीं के प्रयासों से साल 1856 में विधवा-पुनर्विवाह कानून पारित हुआ था।

दीवार गिरने से दो की मौत, दो घायल

नई दिल्ली। उत्तरी दिल्ली के सिविल लाइन इलाके में से हो रही बारिश के दौरान एक 15 फुट की दीवार गिर गयी।इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गयी जबकि दो लोग घायल हो गए। स्थानीय पुलिस के मुताबिक, मृतकों की पहचान मीरा (40) और बेटा गनपत (17) के रूप में हुई है। वहीं घायलों की पहचान दशरथ (19) और नन्हे (35) के रूप में हुई है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस के अलावा दमकल विभाग, डीडीएमए और एनडीआरएफ का दस्ता मौके पर पहुंचा। क्राइम टीम और एफएसएल को भी मौके पर बुला लिया गया। फिलहाल सिविल लाइन पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।दमकल विभाग के अनुसार मंगलवार सुबह करीब 9.53 बजे सूचना मिली कि प्लॉट नंबर एक सिविल लाइन के पास एक दीवार गिर गयी है। खबर मिलते ही तीन दमकल की गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। दमकल अधिकारी के अनुसार घटनास्थल पर पहुंचने पर पता चला कि एक 15फुट ऊंची दीवार गिरी है। घटना में चार लोग मलबे में दबे हैं। दमकल कर्मियों ने मलबे को हटाकर चारों को बाहर निकाल कर नजदीकी अस्पतालमें भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने मां-बेटों को मृत घोषित कर दिया।

घटिया राजनीति छोड़कर विपक्ष को देशहित में साथ देना चाहिए - किरेन रिजिजू

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकसभा में दिए गए भाषण पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि मेरा मानना है कि आज लोकसभा में प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन के बाद सवाल या संदेह की कोई बात नहीं बची है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सब कुछ स्पष्ट रूप से समझाया और सरकार की मंशा से अवगत कराया। उन्होंने यह भी बताया कि कैसे भारत पहले से कहीं अधिक मजबूत राष्ट्र के रूप में उभरा है। आज प्रधानमंत्री के भाषण के बाद मुझे लगता है कि विपक्ष अपनी घटिया राजनीति छोड़कर उनका और देश का साथ देगा। अगर प्रधानमंत्री के भाषण के बाद भी उनके मन में कोई सवाल है तो मैं कुछ नहीं कह सकता। मुझे बस उन पर तरस आता है। कांग्रेस द्वारा रचा गया नैरेटिव और पाकिस्तान में जो चल रहा है, दोनों बहुत मिलते-जुलते हैं। कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, प्रधानमंत्री ने सही कहा है कि संकीर्ण मानसिकता से बयान देने से कुछ हासिल नहीं होगा, सभी को राष्ट्रहित में सोचना चाहिए। अगर चिदंबरम जैसे पूर्व गृह मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता पाकिस्तान को क्लीन चिट देने की कोशिश करेंगे, तो स्वाभाविक रूप से सभी को इस पर आपत्ति होगी।

दिल्ली सरकार ने महिलाओं को दी नाइट शिफ्ट में काम करने की अनुमति

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने महिलाओं के सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए बड़ा कदम उठाया है। अब महिलाओं को दुकानों और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में नाइट शिफ्ट यानी चौबीस घंटे की पाली में भी काम करने की अनुमति दे दी गई है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आज बताया कि इस फैसले से न केवल कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी बल्कि दिल्ली को 24 घंटे चलने वाले बिजनेस हब के रूप में विकसित करने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस फैसले से व्यापार करने में आसानी (ईज ऑफ डूईंग बिजनेस) होगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि महिला कर्मचारियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कई कड़े नियम बनाए गए हैं। इनमें रात की ड्यूटी के लिए महिला की लिखित सहमति जरूरी होगी, साथ ही सुरक्षित परिवहन,

कार्यस्थल पर सीसीटीवी कैमरे, महिला सुरक्षा गार्ड, रेस्ट रूम, टॉयलेट, लॉकर जैसी सुविधाएं भी अनिवार्य होंगी। कंपनियों को कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम अधिनियम(पीओएसएच) एक्ट के तहत आंतरिक शिकायत समिति भी बनानी होगी। इसके अलावा वेतन का भुगतान बैंक या ईसीएस के जरिए करना होगा और सभी कानूनी लाभ जैसे ईएसआई, पीएफ, बोनस, साप्ताहिक अवकाश व ओवरटाइम का भुगतान भी सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने बताया कि यह बदलाव दिल्ली दुकान एवं स्थापना अधिनियम-1954 की धारा 14, 15 और 16 में दी गई पुरानी बंदिशों को हटाकर किया जा रहा है, जो महिलाओं को रात 8 या 9 बजे के बाद काम करने से रोकती थीं।

मुख्यमंत्री ने बताया कि इस प्रस्ताव को उपराज्यपाल की स्वीकृति के लिए भेजा जा रहा है और इस पर पहले ही चर्चा हो चुकी है। उन्होंने कहा कि हरियाणा, तेलंगाना, मध्य प्रदेश और तमिलनाडु जैसे राज्यों में यह सुविधा पहले से लागू है और अब दिल्ली भी उसी दिशा में आगे बढ़ रही है।

कर्मचारी ने कारोबारी के पैसे गबन के लिए रची साजिश, तीन गिरफ्तार

एजेंसी

नई दिल्ली। उत्तरी जिले के खारी बावली में कपड़ा कारोबारी के कर्मचारी ने अपने मालिक का पैसा गबन करने के लिए खुद ही लूट की कॉल कर दी। वारदात असली लगे इसलिए आरोपित ने अपने खुद के हाथ पर ब्लेड मारने के अलावा टी-शर्ट भी काट दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। कर्मचारी ने सात लाख रुपये लूटने की बात की थी।

पुलिस ने छानबीन शुरू की तो कुछ ही देर बाद लूट की साजिश से पर्दा उठ गया। पुलिस ने कारोबारी के कर्मचारी राहुल (24) और उसके साथी धर्मेंद्र उर्फ आर्यन (22) और रिशु वर्मा (26) को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से लूटे गए 6.36 लाख कैश, लूट की रकम से खरीदा गया 40 हजार का आईफोन और वारदात में इस्तेमाल बाइक बरामद की है। वारदात के बाद दो आरोपित टैक्सी में सवार होकर केदारनाथ की यात्रा के लिए रवाना हो गए थे। पुलिस ने टेक्निकल सर्विलांस की मदद से करीब सौ किलोमीटर पीछा करने के बाद आरोपितों को दबोचा है।

उत्तरी जिले के डीसीपी राजा बांठिया ने बताया कि 26 जुलाई की शाम को उनकी टीम को खारी बावली एरिया में सात लाख रुपये लूट की एक कॉल मिली थी। खबर मिलते ही लाहौरी गेट थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शिकायतकर्ता राहुल से पूछताछ की। उसने बताया कि तीन बदमाशों ने उस पर धारदार हथियार से हमला कर रकम लूटी है। जांच हुई तो पता चला कि राहुल ने खुद ही अपने हाथ पर धारदार हथियार से वार किया था। इसके अलावा उसने अपनी टी-शर्ट भी खुद ही काटी थी। सख्ती से पूछताछ करने पर वह टूट गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

दिल्ली पुलिस आयुक्त ने डीपीए की समाचार पत्रिका 'बढ़ते कदम' का किया विमोचन

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने पुलिस मुख्यालय में दिल्ली पुलिस अकादमी (डीपीए) की त्रैमासिक समाचार पत्रिका 'बढ़ते कदम' के पहले अंक का विमोचन किया। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने अकादमी की इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह समाचार पत्रिका सार्थक, जानकारी पूर्ण और प्रेरणादायक है। इससे पुलिसकर्मियों को न केवल अकादमी में चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी मिलेगी, बल्कि उन्हें अपने कौशल और ज्ञान को उन्नत करने का भी अवसर मिलेगा।इसी क्रम में विशेष पुलिस आयुक्त (प्रशिक्षण) संजय कुमार ने कहा कि यह समाचार पत्रिका न केवल अकादमी की गतिविधियों और उपलब्धियों को उजागर करेगी, बल्कि प्रशिक्षकों व प्रशिक्षुओं की रचनात्मकता और प्रेरणा का भी मंच बनेगी। उन्होंने कहा कि यह पहल प्रशिक्षण को और अधिक प्रभावी, उद्देश्यपरक और प्रासंगिक सर्वोत्तम अभ्यासों, और सफलता की कहानियों को उजागर करने वाली त्रैमासिक पत्रिका है। इसमें प्रशिक्षकों और प्रशिक्षुओं द्वारा लिखे गए लेख,

बनाएगी। पत्रिका के संपादक मोहम्मद अली ने बताया कि 'बढ़ते कदम' दिल्ली पुलिस अकादमी की गतिविधियों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, रिपोर्ट, इंटरव्यू और अनुभव साझा किए जाएंगे, जो अकादमी की कार्यप्रणाली को बेहतर ढंग से दर्शाएंगे।

दिल्ली-एनसीआर में बारिश ने दिलाई गर्मी से राहत, वायु गुणवत्ता में सुधार

एजेंसी

नई दिल्ली । दिल्ली-एनसीआर में हो रही बारिश ने लोगों को गर्मी और उमस से काफी हद तक राहत दिलाई है। मौसम विभाग के अनुसार, 1 से 4 अगस्त तक बारिश या गरज के साथ हल्की बारिश होने की संभावना बनी रहेगी। इस दौरान अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 26 डिग्री सेल्सियस तक बने रहने की संभावना है। हालांकि, मौसम विभाग की ओर से अभी तक किसी प्रकार की चेतावनी जारी नहीं की गई है। बारिश की वजह से पूरे दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में काफी ज्यादा सुधार देखा गया है। अधिकांश स्थानों पर एक्यूआई 'अति उत्तम' (0-50) से 'उत्तम' (51-100) श्रेणी में दर्ज किया गया है। दिल्ली से सटे नोएडा की बात करें तो सेक्टर-125 में एक्यूआई 49, सेक्टर-62 में 40, सेक्टर-1 में 40 और सेक्टर-116 में 37 बना हुआ है। ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क-III में एक्यूआई 57 और नॉलेज पार्क-V में 88 दर्ज किया गया है। वहीं, में 68, ओखला फेज-2 में 32, पंजाबी बाग में 66, पूसा में 70, आईजीआई एयरपोर्ट में 67, आईटीओ में 84 और मुंडका में एक्यूआई 110 बना हुआ है।बारिश

गाजियाबाद के लोनी में 59, इंदिरापुरम में 40, संजय नगर में 43 और वसुंधरा में एक्यूआई 49 बना हुआ है। राजधानी दिल्ली की अगर हम बात करें तो दिल्ली के 36 में से अधिकांश स्टेशनों पर एक्यूआई 'अति उत्तम' से 'उत्तम' श्रेणी में है, जिनमें से नॉर्थ कैंपस में 77, द्वारका के चलते नोएडा, गाजियाबाद और दिल्ली के कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बनी रही। इससे कई स्थानों पर लंबा ट्रैफिक जाम लग गया, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान और एक्यूआई के आंकड़े यह संकेत दे रहे हैं।

सलमान खान से मिलने मुंबई निकले थे तीन नाबालिग, नासिक से सकुशल बरामद

एजेंसी

नई दिल्ली। उत्तरी जिले के सदर बाजार इलाके से लापता हुए तीन नाबालिग बच्चों को दिल्ली पुलिस ने ऑपरेशन 'मिलाप' के तहत महाराष्ट्र के नासिक रेलवे स्टेशन से सकुशल बरामद कर उनके परिजनों से मिलवा दिया। तीनों बच्चे अभिनेता सलमान खान से मिलने के लिए एक ऑनलाइन दोस्त के कहने पर मुंबई की ओर रवाना हुए थे। पुलिस के मुताबिक 25 जुलाई को शिकायतकर्ता आबिदा ने थाना सदर बाजार में अपने दो बेटों- 13 वर्षीय और 9 वर्षीय के लापता होने की सूचना दी। उसी दिन मोतिया खान निवासी सुल्तान ने भी अपने 11 वर्षीय बेटे के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई। तीनों बच्चे एक ही स्कूल में पढ़ते थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना सदर बाजार पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की। जांच में पता चला कि लापता बच्चों में से एक ने एक नोट छोड़ा था, जिसमें एक वाहीद

> **पुलिस के मुताबिक 25 जुलाई को शिकायतकर्ता आबिदा ने थाना सदर बाजार में अपने दो बेटों- 13 वर्षीय और 9 वर्षीय के लापता होने की सूचना दी।**

नामक लड़के से मिलने की बात लिखी थी, जो महाराष्ट्र के जालना का निवासी है। एक बच्चे के पास मोबाइल था, लेकिन वह लगातार बंद आ रहा था। सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी निगरानी के जरिए पुलिस ने बच्चों की लोकेशन अजमेरी गेट की ओर ट्रैक की और अंदेशा जताया कि वे नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से जालना जाने वाली ट्रेन पकड़ सकते हैं। पुलिस ने ट्रेन की संभावित रूट की जांच की और मोबाइल टॉवर लोकेशन के जरिए पाया कि बच्चे सचखंड एक्सप्रेस से सफर कर रहे हैं। इसके बाद पुलिस टीम ने एक दूसरी ट्रेन से पीछा करना शुरू किया। जालना पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) से संपर्क किया गया, लेकिन वहां बच्चे नहीं मिले। बाद में तकनीकी निगरानी में पता चला कि बच्चों का मोबाइल कुछ सेकंड के लिए ऑन हुआ था। अंतिम लोकेशन नासिक रेलवे स्टेशन की मिली। जहां से पुलिस टीम ने बच्चों को सुरक्षित बरामद कर लिया। पूछताछ में बच्चों ने बताया कि वे पिछले डेढ़ साल से फ्री फायर नामक ऑनलाइन गेम खेल रहे थे। जिसके ज़रिए उनकी दोस्ती वाहीद नामक लड़के से हुई। वाहीद ने उन्हें बताया था कि वह सलमान खान से मिल चुका है, जिससे प्रभावित होकर तीनों बच्चे सलमान खान से मिलने मुंबई जाने का मन बना बैठे। जब वाहीद ने बताया कि पुलिस और परिवार वाले उन्हें ढूंढ रहे हैं और वह स्टेशन पर नहीं आ सकता, तब तीनों बच्चों ने योजना बदल दी और मुंबई की बजाय नासिक में उतर गए। वहीं से पुलिस ने उन्हें ढूंढ निकाला। सभी आवश्यक कानूनी औपचारिकताओं के बाद तीनों बच्चों को उनके परिजनों को सौंप दिया गया। बच्चों के मिलने पर उनके परिवार वालों ने राहत की सांस ली और थाना सदर बाजार की पुलिस टीम को दिल से धन्यवाद दिया।

पंजाबी बाग में कपड़ा विक्रेता की गोली मारकर हत्या

एजेंसी

नई दिल्ली। पश्चिमी दिल्ली के पंजाबी बाग थाना क्षेत्र के मादीपुर में सरेआम गोली मारकर एक कपड़ा विक्रेता की हत्या कर दी गई। हत्या का कारण बिहार के मधुबनी जिले में प्रॉपर्टी विवाद से जुड़ा है। मृतक की पहचान मोहम्मद मंजूर (45) के रूप में हुई है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए देर रात कई आरोपितों को हिरासत में लिया है। विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की जा रही है। पुलिस अधिकारी के अनुसार, मोहम्मद मंजूर राजौरी गार्डन के टीसी कैंप में परिवार के साथ रहता था। वह साप्ताहिक बाजार में कपड़ा बेचने का काम करता था। सोमवार रात करीब 9-30 बजे, जब वह मादीपुर के साप्ताहिक बाजार से घर लौट रहा था। रास्ते में पश्चिम पुरी मेन रोड पर प्रगति अपार्टमेंट के पास उस पर हमला हुआ। हमलावरों ने चार राउंड गोलियां चलाईं, जिनमें से एक मंजूर के सीने में लग गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उसे संजय गांधी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। डीसीपी विचित्र वीर ने बताया कि प्रारंभिक जांच में प्रॉपर्टी विवाद और पुरानी रंजिश हत्या का कारण सामने आया है। मंजूर मधुबनी में अपने पांच भाइयों के बीच प्रॉपर्टी विवाद में मध्यस्थता कर रहा था। हमलावरों में मंजूर का भतीजा और एक अन्य रिश्तेदार शामिल थे, जिन्होंने स्कूटी पर आकर वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस ने क्राइम सीन से साक्ष्य जुटाए और क्राइम टीम की मदद से जांच शुरू की।

दिल्ली मेट्रो ने गोल्डन लाइन पर सुरंग निर्माण में एक और उपलब्धि हासिल की

एजेंसी

नई दिल्ली । दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने फेज-4 के तहत तुगलकाबाद से एरोसिटी कॉरिडोर को जोड़ने वाली गोल्डन लाइन पर सुरंग निर्माण में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) ने तुगलकाबाद और तुगलकाबाद रेलवे कॉलोनी स्टेशन के बीच सुरंग निर्माण में महत्वपूर्ण टनल ब्रेकथ्रू पूरा किया डीएमआरसी के प्रधान कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने बताया कि यह टनल लगभग 792 मीटर लंबी है और इसको 91 मीटर लंबी टनल बोरिंग मशीन की मदद से खोदा गया है। इस अवसर पर रेलवे बोर्ड के सदस्य (इन्फ्रास्ट्रक्चर) नवीन गुलाटी और डीएमआरसी के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। अनुज दयाल के अनुसार इस सेक्शन में दो समानांतर गोल सुरंगें (अप व डाउन लाइन) बनाई जा रही हैं और इनकी औसत गहराई 18 मीटर है। इसमें अब तक 559 रिंग्स लगाए जा चुके हैं, जिनका भीतरी व्यास 5.8 मीटर है। टनल निर्माण में अर्थ प्रेशर बैलेंसिंग मेथड तकनीक का उपयोग किया गया है। टनल के लिए इस्तेमाल किए गए कंक्रीट रिंग्स मुंडका स्थित कास्टिंग यार्ड में पूरी तरह से मशीनी करण प्रणाली के माध्यम से बनाए गए थे। इन पूरे निर्माण के दौरान कहीं कोई धंसान या संरचनात्मक क्षति नहीं हुई। दयाल ने बताया कि फेज-4 के अंतर्गत कुल 40.109 किलोमीटर भूमिगत मेट्रो लाइन बनाई जा रही है, जिसमें से

कंक्रीट सेगमेंट्स को स्टीम क्योरिंग सिस्टम द्वारा जल्दी मजबूती प्रदान की गई ताकि तेजी से निर्माण पूरा किया जा सके। उन्होंने बताया कि टनल का निर्माण पहले से बसे क्षेत्रों के नीचे किया गया है। ऐसे में सुरक्षा के लिहाज से आसपास के भवनों पर अत्यंत संवेदनशील उपकरणों के जरिए ज़मीन की गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी गई। वहीं इस 19.343 किलोमीटर हिस्सा एरोसिटी से तुगलकाबाद कॉरिडोर में है। यह परियोजना दिल्ली की मेट्रो नेटवर्क को और अधिक व्यापक और सुलभ बनाएगी। उल्लेखनीय है कि टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) एक विशाल मशीन होती है, जो किसी भी प्रकार की मिट्टी या चट्टान के नीचे से गोल आकार में सुरंगें बनाने में सक्षम होती है।

हत्या की गुत्थी सुलझी, तीन आरोपित गिरफ्तार

एजेंसी

नई दिल्ली। दक्षिण-पूर्वी जिला पुलिस ने बदरपुर बस स्टैंड के पास हुई एक युवक की हत्या और लूट की वारदात को महज 72 घंटे में सुलझा लिया है। पुलिस ने इस संबंध में तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से हत्या में प्रयुक्त चाकू, लूटा गया मोबाइल और वारदात में इस्तेमाल स्कूटी बरामद की गई है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान सपेरा बस्ती मोलड़बंद निवासी हिमांशु (21), बिजनौर उप्र निवासी मोहसिन उर्फ नूर (20) और बिलासपुर कैंप बदरपुर निवासी दीपक सूर्यवंशी (18) के रूप में हुई है। हिमांशु इससे पहले भी छह आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। मोहसिन एक होटल में काम करता है दक्षिण-पूर्वी जिले के डीसीपी हेमंत तिवारी ने पुलिस मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर बताया कि घटना 26 जुलाई की सुबह करीब 5-51 बजे की है। पुलिस को सूचना मिली कि बदरपुर बस स्टैंड के पास एक युवक खून से लथपथ हालत में पड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को एम्स ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस जांच में मृतक की पहचान मीठापुर एक्सटेंशन निवासी मकबूल अकरम (25) के रूप में हुई। वह मूलत- पश्चिम चंपारण (बिहार) का रहने वाला था। उसके शरीर पर चाकू के घाव थे और मोबाइल फोन गायब था। डीसीपी के अनुसार मामले को गंभीरता से लेते हुए एडिशनल डीसीपी ऐश्वर्या शर्मा की देखरेख में जिले की एसटीएफ, एएटीएस व अन्य यूनिट को जांच का जिम्मा सौंपा गया। पुलिस टीमों ने दिल्ली और हरियाणा में एक हजार से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। जांच के दौरान पुलिस को एक सीसीटीवी में संदिग्ध स्कूटी नजर आई। जिस पर तीन युवक कई बार मौके के आसपास घूमते देखे गए। उसके बाद अर्पण विहार इलाके में लगे एक कैमरे में तीनों के चेहरे साफ नजर आए।इस बीच हेडकांस्टेबल मोहित ने स्थानीय सूचना के आधार पर स्कूटी सवार एक युवक मोहसिन उर्फ नूर को बसंतपुर (हरियाणा) स्थित एक होटल से गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपने दो साथियों दीपक और हिमांशु के नाम बताए।

करोल बाग में नकली ऑटोमोबाइल पार्ट्स का भंडाफोड़, 50 लाख के सामान के साथ 11 गिरफ्तार

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने करोल बाग इलाके में छापेमारी कर नकली ऑटोमोबाइल पार्ट्स के एक बड़े गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने अलग-अलग चार ठिकानों पर एक साथ छापे मारकर करीब 50 लाख रुपये के नकली ऑटो पार्ट्स और 19 लाख रुपये नकद जब्त किए हैं। इस दौरान 11 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक इस छापेमारी में तीन नामी अंतरराष्ट्रीय ब्रांड्स के नाम पर बिक रहे नकली ब्रेक शू, चेन सेट, शॉकर, स्पार्क प्लग, इंजन ऑयल, फिल्टर, क्लच प्लेट आदि बरामद किए गए। साथ ही ब्रांडेड पैकिंग मैटेरियल, होलोग्राम, फर्जी लेबल्स और प्रिंटिंग मशीनें भी जब्त की गईं।

पुलिस अधिकारी के अनुसार क्राइम ब्रांच को 26 जुलाई को करोल बाग के चार ठिकानों शिवाजी स्ट्रीट, गुरु नानक मार्केट, सुभाष मोहल्ला और पूसा लेन में एक साथ छापा मारा। ये सभी जगह नकली पुर्जों के स्टोर और सप्लाई हब के रूप में इस्तेमाल की जा रही थीं। पुलिस ने शिवाजी स्ट्रीट से तीन आरोपित धीरज, अमित और विक्की नागपाल को गिरफ्तार किया। यहां से पुलिस ने नकली चेन सेट, ब्रेक शू और शॉकर बरामद किए। इसी क्रम में गुरु नानक मार्केट से पुलिस ने तीन आरोपित हर्ष, रिंकू और रविंदर को दबोचा। इनके कब्जे से पुलिस ने 8.68 लाख नकद और बड़ी संख्या में नकली स्पार्क प्लग बरामद किये। वहीं क्राइम ब्रांच ने सुभाष मोहल्ला से राघवेंद्र, सचिन और विनोद को दबोचा। इनसे पुलिस ने सात लाख नकद और पैकिंग मैटेरियल बरामद किया। इसके बाद पुलिस ने पूसा लेन से अशोक मल्होत्रा उर्फ आशु और आलोक उर्फ मोंटी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इनसे 4.07 लाख नकद और बड़ी मात्रा में फर्जी पैकिंग जब्त की।

गिरफ्तार आरोपितों का प्रोफाइल

मुख्य आरोपित धीरज सिंह, उत्तम नगर का निवासी। वह कॉमर्स ग्रेजुएट है और पिछले चार वर्षों से इस धंधे में लिप्त था। अन्य आरोपित नकली पैकिंग सप्लाई, फर्जी लेबल तैयार करने, नकद लेनदेन छिपाने और मार्केट में माल सप्लाई करने जैसे कामों में शामिल थे।

कैसे करते थे फर्जीवाड़ा

गिरोह सस्ते और घटिया क्वालिटी के पुर्जे खरीदकर नामी ब्रांड्स के नकली लेबल, होलोग्राम और पैकिंग में बेचता था। ये पुर्जे दिखने में असली जैसे लगते थे। जिससे ग्राहक धोखे में आ जाते थे। इन पुर्जों की बिक्री दिल्ली-एनसीआर के अलावा ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर भी की जाती थी।

ग्राहकों की जान से खिलवाड़

पुलिस अधिकारी के अनुसार सबसे खतरनाक बात यह थी कि गिरोह नकली ब्रेक शू और ब्रेक पैड जैसे सुरक्षा से जुड़े अहम पुर्जे भी बेच रहा था, जो गाड़ी में हादसे का कारण बन सकते थे।

सरकारी योजना के नाम पर करोड़ों की ठगी करने वाले दो आरोपित गिरफ्तार

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने राष्ट्रीय ग्रामीण साक्षरता मिशन (आरजीएसएम) के नाम पर फर्जी टेंडर देकर व्यापारियों और विक्रेताओं से करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान करुणाकर उर्फ रत्नाकर उपाध्याय और अनिता उपाध्याय के रूप में हुई है। आरोपितों ने फर्जी संस्था आरजीएसएम के नाम पर सरकारी योजना का हवाला देकर स्कूल की वर्दी, बैग और मेडिकल किट की आपूर्ति के बहाने लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी की। आर्थिक अपराध शाखा की डीसीपी अमरूथा गुगुलोथ के अनुसार आर्थिक अपराध शाखा में कैप्टन शिवेंद्र सिंह बक्शी की शिकायत पर मुकदमा दर्ज हुआ था। उन्होंने शिकायत में बताया कि आरोपित अनिता उपाध्याय और अन्य ने उन्हें आरजीएसएम के तहत वेंडर रजिस्ट्रेशन और सरकारी टेंडर मिलने का झांसा दिया। स्कूल ड्रेस की आपूर्ति करवाई गई, लेकिन भुगतान नहीं किया गया। उल्टे, टेंडर आवंटन के नाम पर शिकायतकर्ता से करीब दो करोड़ रुपये की राशि वसूल ली गई। आर्थिक अपराध शाखा को अब तक ऐसे तीन और व्यापारी मिले, जिन्हेंने इसी प्रकार की ठगी की शिकायत की। डीसीपी के अनुसार मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू की गई। छानबीन में सामने आया कि रत्नाकर उपाध्याय ने आरजीएसएमके नाम से फर्जी वेबसाइट बनाई और अनिता उपाध्याय ने एक बैंक खाता खोला। शिकायतकर्ता से पैसे इस खाते में ट्रांसफर कराए गए। बैंक रिकॉर्ड से पता चला है कि 3.5 करोड़ रुपये की राशि फर्जी ट्रस्ट के खाते से निकालकर व्यक्तिगत उपयोग में लाई गई। अनिता उपाध्याय, जो इस कथित ट्रस्ट की मुखिया थी। उसे भी बड़ी राशि खाते से लाभ के रूप में मिली है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर दोनों आरोपितों को दो अलग-अलग मामलों में गिरफ्तार किया गया। डीसीपी के अनुसार जांच में पता चला है कि पकड़ा गया रत्नाकर उपाध्याय (40) पहले से उप्र और छत्तीसगढ़ में कई आपराधिक मामलों में शामिल है। दिल्ली के पहाड़गंज थाने में बलात्कार के मामले में भी वह आरोपित है। वहीं अनिता उपाध्याय (35) फर्जी ट्रस्ट आरजीएसएम की मुखिया, छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा भी पूर्व में इसी तरह के मामले में गिरफ्तार हुई है। डीसीपी ने लोगों से अपील की है कि किसी भी सरकारी योजना, टेंडर या निवेश से पहले संबंधित विभाग की अधिकृत वेबसाइट या कार्यालय से पुष्टि करें। नकद भुगतान से बचें और बैंकिंग माध्यम से भुगतान करें। इसके साथ ही रसीद अवश्य लें।

व्यापार समझौते पर अगले दौर की बातचीत 25 अगस्त को, अमेरिकी टीम आएगी भारत

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर अगले दौर की बातचीत के लिए अमेरिकी टीम 25 अगस्त को भारत आएगी। इस वार्ता में भारत के दृष्टिकोण से अतिरिक्त 26 फीसदी टैरिफ हटाने और स्टील, एल्युमीनियम तथा ऑटोमोबाइल क्षेत्र पर टैरिफ में ढील देना प्राथमिकता होगी। भारत-अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौता पर बातचीत का पिछला दौर वाशिंगटन में हुआ था, जहां भारत के मुख्य वार्ताकार राजेश अग्रवाल और दक्षिण एवं मध्य एशिया के लिए सहायक अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि ब्रेंडन लिंच ने विस्तृत चर्चा की थी। ये बातचीत ऐसे समय में हो रही है, जब दोनों पक्ष 1 अगस्त की समय सीमा से पहले अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने का प्रयास कर रहे हैं। भारत ने कृषि और डेयरी उत्पादों पर शुल्क रियायतें देने के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है, जिसकी अमेरिका सक्रिय रूप से मांग कर रहा है। घरेलू किसान संघों ने भी इस रुख को मजबूत किया है, जिन्होंने सरकार से व्यापार समझौते से कृषि संबंधी मुद्दों को बाहर रखने का आग्रह किया है। ऐसे में जैसे-जैसे समय सीमा नजदीक आ रही है, दोनों देश टैरिफ और शुल्क रियायतों से जुड़े मुद्दों को सुलझाने के लिए उत्सुक हैं।

तीन दिन की गिरावट के बाद शेयर बाजार में लौटे खरीदार, सेंसेक्स और निफ्टी की रिकवरी

नई दिल्ली। लगातार 3 कारोबारी दिन तक गिरावट का सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार आज मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा। आज के कारोबार की शुरुआत कमजोरी के साथ हुई थी। पहले सत्र में शेयर बाजार पर ज्यादातर समय दबाव बना रहा, लेकिन दोपहर 12 बजे के बाद स्थिति बदल गई। दिन के दूसरे सत्र में खरीदार पूरी तरह से बाजार पर हावी हो गए, जिसकी वजह से शेयर बाजार निचले स्तर से जोरदार रिकवरी करने में सफल रहा।पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.55 प्रतिशत और निफ्टी 0.57 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। आज दिन भर के कारोबार के दौरान हेल्थ केयर, ऑयल एंड गैस और ऑटोमोबाइल सेक्टर में जम कर खरीदारी होती रही। इसी तरह रियल्टी, एनर्जी, मेटल, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, आईटी और टेक इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.84 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.10 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

डीकैथलॉन ने 'मेड इन इंडिया' पहल को दी मजबूती, अगले पांच साल में तीन अरब डॉलर सोर्सिंग का लक्ष्य

नई दिल्ली। वैश्विक बहु-विशिष्ट खेल विक्रेता ब्रांड डीकैथलॉन ने कहा कि वह 2030 तक अपने वैश्विक परिचालन के लिए भारत से माल की आपूर्ति को बढ़ाकर 3 अरब यूएस डॉलर करने का रणनीतिक लक्ष्य रखा है। कंपनी ने भारत में उत्पादन के 25 साल पूरे होने के अवसर पर ये ऐलान किया। डीकैथलॉन इंडिया के चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर शंकर चटर्जी ने यहां के होटल ले मेरिडियन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि पिछले 25 वर्षों में भारत में उत्पादन ही कंपनी की सफलता की रीढ़ रहा है। डीकैथलॉन पिछले 25 वर्षों से भारत से सामान खरीद रहा है। उन्होंने कहा कि" अपने मेक इन इंडिया विजन और घरेलू तथा वैश्विक दोनों बाजारों में अपनी सेवाएं देने के लिए स्थानीय उत्पादन क्षमताओं पर ध्यान केंद्रित करने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। इसका लक्ष्य लोगों को खेल के चमत्कारों से परिचित कराना, उन्हें एक स्थायी और खुशहाल जीवन जीने में मदद करना है।

शैलेश जेजुरिकर पीएंडजी के सीईओ नियुक्त, एक जनवरी से संभालेंगे कार्यभार

नई दिल्ली। वैश्विक बहुराष्ट्रीय कंपनियों के शीर्ष पर बैठे भारतीयों में एक और शख्स का नाम शामिल होने वाला है। अमेरिकी दैनिक उपयोग की घरेलू वस्तुएं बनाने वाली कंपनी प्रॉक्टर एंड गैम्बल (पीएंडजी) ने मुंबई में जन्मे शैलेश जेजुरिकर अपना अगला मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि शैलेश जेजुरिकर 1 जनवरी, 2026 से इस बहुराष्ट्रीय कंपनी का नेतृत्व करेंगे। शैलेश जेजुरिकर प्रॉक्टर एंड गैम्बल के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) के रूप में जॉन मोलर का स्थान लेंगे। पीएंडजी के निदेशक मंडल ने अक्टूबर में वार्षिक शेयरधारक बैठक में निदेशक के रूप में चुनाव के लिए खड़े होने के लिए भी जेजुरिकर को नामित किया है।

पीएंडजी भारतीय बाजार में भी एक अग्रणी एफएमसीजी कंपनी है, जो एरियल, टाइड, व्हिस्पर, ओले, जिलेट, अम्बिपुर, पैम्पर्स, पैंटीन, ओरल-बी, हेड एंड शोल्डर्स और विक्स जैसे ब्रांड के साथ काम करती है। उल्लेखनीय है कि भारतीय मूल के मुरादाबाद में जन्मे सबीह खान इस महीने की शुरुआत में आईफोन विनिर्माता कंपनी एप्पल के मुख्य परिचालन अधिकारी के पद पर पदोन्नत किया गया है। सत्य नडेला माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन एवं सीईओ हैं।

स्टॉक मार्केट में जीएनजी इलेक्ट्रॉनिक्स की मजबूत एंट्री, लिस्टिंग के बाद बना बिकवाली का दबाव

एजेंसी

नई दिल्ली। लैपटॉप, डेस्कटॉप और आईसीटी डिवाइसेज की रीफर्बिशिंग सर्विसेज मुहैया कराने वाली कंपनी जीएनजी इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में जोरदार एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को खुश कर दिया। हालांकि लिस्टिंग के बाद बिकवाली शुरू हो जाने के कारण कंपनी के आईपीओ निवेशकों को मामूली झटका भी लगा। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 237 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई पर इसकी एंट्री करीब 49 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 350 रुपये के स्तर पर और एनएसई पर 355 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद बिकवाली शुरू हो जाने के कारण कुछ ही देर में कंपनी के शेयर फिसल कर 328.77 रुपये के स्तर पर पहुंच गए। इस तरह अभी तक के कारोबार में कंपनी के आईपीओ निवेशकों का मुनाफा 49 प्रतिशत से घटकर 38.72 प्रतिशत हो गया है। जीएनजी इलेक्ट्रॉनिक्स का 460.43

करोड़ रुपये का आईपीओ 23 से 25 जुलाई के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 150.21 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 266.21 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 226.44 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 47.36 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत 400 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए गए हैं। इसके अलावा 2 रुपये फेस वैल्यू वाले 25.50 लाख शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिए बेचे गए हैं। आईपीओ के तहत नए शेयरों की बिक्री से जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी अपने पुराने कर्ज को चुकाने, वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को 32.43 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 52.31 करोड़ रुपये और 2024-25 में उछल कर 69.03 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इस दौरान कंपनी का राजस्व 46 प्रतिशत वार्षिक से अधिक की चक्रवृद्धि दर (कंपाउंड एनुअल ग्रोथ रेट) से बढ़ कर 1,420.37 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।

सरकार ने निर्यात और आयात में तेजी लाने के लिए कई पहल कीं: पंकज चौधरी

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने अधिकृत आर्थिक ऑपरेटर (एईओ) फ्रेमवर्क के अंतर्गत निर्यात और आयात को तेज करने के लिए कई अहम कदम उठाए हैं। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने राज्यसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में यह जानकारी दी। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री ने सदन को बताया कि भारत सरकार के उठाए गए प्रमुख कदमों में एईओ प्रमाणपत्र धारकों के सुविधा के लिए किए गए निम्नलिखित काम में खेपों के आयात और निर्यात में उच्च स्तर की सुविधा, सीधे बंदरगाह पर डिलीवरी (डीपीडी) वाले आयात कंटेनरों और/या निर्यात कंटेनरों के लिए सीधे बंदरगाह पर प्रवेश (डीपीई) की सुविधा, कुछ प्रकार की खेपों के लिए स्वचालित निकासी और ऑन-साइट जांच, टियर-III और टियर-II एईओ प्रमाणपत्र धारकों के लिए देर से भुगतान की सुविधा, जहां भी लागू हो, बैंक गारंटी जमा करने के मानदंडों में ढील और भागीदार सरकारी एजेंसियों और अन्य हितधारकों से मान्यता शामिल

हैं। पंकज चौधरी ने सदन को बताया कि एईओ प्रमाणपत्र धारकों को उन विदेशी सीमा शुल्क प्रशासनों से व्यापार सुविधा सहायता भी मिलती है, जिनके साथ भारत ने पारस्परिक मान्यता व्यवस्था (एमआरए) पर हस्ताक्षर किए हैं, जिससे उनकी वैश्विक व्यापार दक्षता में बढ़ोतरी होती है। केंद्रीय वित्?त मंत्री ने बताया कि 30 जून, 2025 तक 5,892 एईओ प्रमाण पत्र जारी किए गए हैं।

इंडीक्यूब स्पेसेज की कमजोर लिस्टिंग से घाटे में आईपीओ निवेशक

एजेंसी

नई दिल्ली। वर्कप्लेस सॉल्यूशंस मुहैया कराने वाली कंपनी इंडिक्यूब स्पेसेज के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में कमजोर एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को निराश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 237 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज एनएसई पर इसकी एंट्री करीब 8.86 प्रतिशत डिस्काउंट के साथ 216 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद बिकवाली शुरू हो जाने के कारण कंपनी के शेयर की स्थिति में और गिरावट आ गई। सुबह 11 बजे तक का कारोबार होने के बाद इंडिक्यूब स्पेसेज के शेयर 26.90 रुपये की गिरावट के साथ 210.10 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहे थे। इस तरह अभी तक के कारोबार के बाद कंपनी के आईपीओ निवेशकों को 11.35 प्रतिशत का नुकसान हो चुका है। इंडिक्यूब स्पेसेज का 700 करोड़ रुपये का आईपीओ 23 से 25 जुलाई के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इसमें से 650 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए गए थे,



जबकि 50 करोड़ रुपये के शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिए बेचे गए थे। ये ऑफर फॉर सेल कंपनी के प्रमोटर्स और फाउंडर्स ऋषि दास और मेघना अग्रवाल की ओर से लाया गया था। आईपीओ के तहत नए शेयरों की बिक्री से जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी अपने कस्टमर्स के लिए नए वर्किंग स्पेस का इंतजाम करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी। इंडिक्यूब स्पेसेज के प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक 31 मार्च 2025 तक कंपनी के पास 15 भारतीय शहरों में 115 सेंटर्स थे, जो 8.40 मिलियन वर्ग फुट एरिया और 1,86,719 सीटिंग कैपेसिटी मैनेज करते हैं। कंपनी आने वाले समय में अपने कमर्शियल रियल एस्टेट पोर्टफोलियो को बड़े पैमाने और भौगोलिक स्तर पर विस्तार देने की योजना बना रही है।

रिजर्व बैंक ने एआईएफ योजना में बैंक के निवेश की सीमा 10 फीसदी तय की

एजेंसी

मुंबई/नई दिल्ली। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने नए नियम जारी किए हैं। आरबीआई ने बैंकों और नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल इंस्टिट्यूशन (एनबीएफसी) सहित किसी एकल विनियमित संस्था (आरई) द्वारा वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) योजना में निवेश करने की सीमा को कोष के 10 फीसदी तक तय की है। ये नियम 01 जनवरी 2026 से प्रभावी होगा। आरबीआई ने जारी एक विज्ञप्ति में बताया कि बैंक और अन्य विनियमित वित्तीय संस्थान वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) में कैसे निवेश कर सकते हैं। रिजर्व बैंक (एआईएफ में निवेश) निर्देश, 2025 के मुताबिक किसी भी एआईएफ योजना में सभी विनियमित संस्थाओं का कुल योगदान उस योजना के कोष के 20 फीसदी से ज्यादा नहीं होना चाहिए। रिजर्व बैंक के बयान के मुताबिक आरई से तात्पर्य बैंकों, एनबीएफसी और अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों

से है। रिजर्व बैंक ने जारी परिपत्र में कहा कि दिशानिर्देशों की समीक्षा उद्योग जगत की प्रतिक्रिया के साथ ही सेबी के नियमों को ध्यान में रखते हुए की गई है। आरबीआई के परिपत्र में कहा गया, ''कोई भी विनियमित इकाई व्यक्तिगत रूप से किसी एआईएफ योजना के कोष में 10 प्रतिशत से अधिक का योगदान नहीं करेगी।'' परिपत्र के मुताबिक आरबीआई सरकार के परामर्श से कुछ एआईएफ को मौजूदा परिपत्रों और संशोधित निर्देशों के दायरे से छूट दे सकता है। उल्लेखनीय है कि आरबीआई ने दिसंबर, 2023 और बाद में मार्च 2024 में एआईएफ में रिजर्व बैंक की विनियमित इकाइयों द्वारा निवेश के संबंध में नियामक दिशा-निर्देश जारी किए थे।

टीएससी इंडिया की स्टॉक मार्केट में फीकी एंट्री, शुरुआती कारोबार में घाटे में आईपीओ निवेशक

एजेंसी

नई दिल्ली। एयर टिकटिंग सर्विसेज देने वाली कंपनी टीएससी इंडिया के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में कमजोर एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को निराश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 70 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी एंट्री करीब 2.85 प्रतिशत डिस्काउंट के साथ 68 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद लिवाली शुरू हो जाने के कारण कंपनी के शेयर की स्थिति में कुछ सुधार होता हुआ नजर आने लगा। सुबह 11 बजे तक का कारोबार होने के बाद टीएससी इंडिया के शेयर 69.75 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहे थे। इस तरह लिवाली शुरू हो जाने के बावजूद कंपनी के आईपीओ निवेशक अभी तक के कारोबार के बाद 0.36 प्रतिशत के नुकसान में हैं। टीएससी इंडिया का 25.89 करोड़ रुपये का

आईपीओ 23 से 25 जुलाई के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से अच्छा रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 73.21 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 40.03 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 133.17 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 66.47 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 36.98 लाख नए शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के जरिए जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी।

कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को 1.22 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 4.72 करोड़ रुपये और 2024-25 में उछल कर 4.93 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इस दौरान कंपनी का राजस्व 63 प्रतिशत वार्षिक से अधिक की चक्रवृद्धि दर (कंपाउंड एनुअल ग्रोथ रेट) से बढ़ कर 26.32 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।

टीसीएस का मार्केट कैप दो कारोबारी सत्र में 28,148.72 करोड़ रुपये घटा

एजेंसी

नई दिल्ली। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में दो कारोबार सत्र में 28,148.72 करोड़ रुपये की गिरावट आई है। कंपनी के इस साल अपने वैश्विक कार्यबल में से 12,000 से ज्यादा कर्मचारियों की छंटनी करने की घोषणा के बाद ये गिरावट आई है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर कारोबार के दौरान कंपनी का शेयर 0.73 फीसदी की गिरावट के साथ 3,056.55 रुपये पर बंद हुआ। दिन



में कारोबार के दौरान यह 1.23 फीसदी की गिरावट के साथ 3,041 रुपये पर आ गया था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर यह 0.72 फीसदी फिसलकर 3,057 रुपये पर आ गया। इससे पहले टीसीएस के शेयर में कारोबार के दौरान लगभग दो फीसदी की गिरावट आई थी। दो कारोबारी सत्र के दौरान कंपनी के शेयर में 2.48 फीसदी की गिरावट आई है। इस तरह टीसीएस का बाजार पूंजीकरण (एम कैप) दो कारोबारी सत्र में 28,148.72 करोड़ रुपये घटकर 11,05,886.54 करोड़ रुपये रह गया है।

डॉलर की तुलना में कमजोर हुआ रुपया, 14 पैसे की गिरावट के साथ बंद हुई भारतीय मुद्रा

एजेंसी

नई दिल्ली। आयातकों की ओर से डॉलर की मांग में तेजी आने से रुपया डॉलर की तुलना में गिरावट के साथ बंद हुआ। मुद्रा बाजार में भारतीय मुद्रा आज डॉलर की तुलना में 14 पैसे फिसल कर 86.81 (अनंतिम) के स्तर पर बंद हुई। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन सोमवार को भारतीय मुद्रा 86.67 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर बंद हुई थी।रुपये ने आज के कारोबार की शुरुआत भी कमजोरी के साथ ही की थी। इंटरबैंक फॉरेन एक्सचेंज मार्केट में भारतीय मुद्रा ने आज सुबह डॉलर के मुकाबले 17 पैसे की गिरावट के साथ 86.84 रुपये के स्तर से कारोबार की शुरुआत की थी। दिन के पहले सत्र में स्टॉक मार्केट में विदेशी निवेशकों द्वारा जमकर की गई बिकवाली के कारण मुद्रा बाजार के कारोबार में भी डॉलर की मांग में तेजी आ गई, जिसकी वजह से रुपया 25 पैसे की कमजोरी के साथ 86.92 रुपये के स्तर तक पहुंच गया, लेकिन इसके बाद स्टॉक मार्केट में विदेशी निवेशकों ने वापसी करके मुद्रा बाजार में भी डॉलर की उपलब्धता बढ़ा दी, जिसकी वजह से रुपये की स्थिति मजबूत होने लगी। डॉलर की आवक बढ़ने पर रुपया निचले स्तर से 15 पैसे की रिकवरी करके 86.77 तक पहुंच गया। हालांकि, बाद में मुद्रा बाजार में एक बार फिर डॉलर की मांग बढ़ने पर रुपये की स्थिति में भी मामूली कमजोरी आई, जिसके कारण भारतीय मुद्रा ने सोमवार की तुलना में 14 पैसे की कमजोरी के साथ 86.81 के स्तर पर आज के कारोबार का अंत किया। खुराना सिक्योरिटीज एंड फाइनेंशियल सर्विसेज के सीईओ रवि चंदर खुराना का मानना है कि वैश्विक बाजार में जारी उथल पुथल और विदेशी संस्थागत निवेशकों की भारतीय शेयर बाजार से अपने पैसे की निकासी के कारण आज मुद्रा बाजार मे रुपये पर लगातार दबाव बना रहा। इसके साथ ही महीने का अंत करीब आ जाने की वजह से आयातकों की ओर से भी डॉलर की मांग में तेजी आ गई है। इस वजह से भी आज डॉलर की तुलना में रुपये की कीमत में गिरावट का रुख बन गया। आयातकों की ओर से डॉलर की मांग बढ़ने की वजह से भारतीय मुद्रा का प्रदर्शन अमेरिकी मुद्रा की तुलना में कमजोर जरूर हुआ, लेकिन रुपये ने ज्यादातर दूसरी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मुद्राओं के मुकाबले आज मजबूत प्रदर्शन किया। आज के कारोबार के बाद ब्रिटिश पौंड (जीबीपी) की तुलना में रुपया 32 पैसे की तेजी के साथ 115.91 के स्तर पर पहुंच गया। इसी तरह यूरो की तुलना में रुपया आज 61 पैसे की उछाल के साथ 100.50 के स्तर तक आ गया।

भारत में तेल और गैस अन्वेषण में नई तेजी देखी जा रही है: हरदीप सिंह पुरी

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि भारत में तेल और गैस अन्वेषण में, विशेष रूप से अपतटीय क्षेत्रों में, नए सिरे से वृद्धि देखी जा रही है, जो देश की विशाल अप्रयुक्त हाइड्रोकार्बन क्षमता को रेखांकित करता है। केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने राज्यसभा में एक तारांकित प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। पुरी ने कहा कि 2015 से अब तक 172 हाइड्रोकार्बन क्षेत्र की खोज की गई, जिनमें से 62 अपतटीय क्षेत्र में हैं। उन्?होंने कहा कि भारत के ऊर्जा अन्वेषण में अंडमान बेसिन प्रमुख क्षेत्र के रूप में उभरा है। हरदीप सिंह पुरी ने सदन को बताया कि वर्ष 2022 में लगभग दस लाख वर्ग किलोमीटर के पूर्व 'नो-गो' (निषिद्ध क्षेत्र) अपतटीय

क्षेत्रों को खोलना महत्वपूर्ण कदम रहा है। इससे खासकर अंडमान-निकोबार अपतटीय बेसिन (थाले क्षेत्र) जैसे गहरे समुद्र और सीमांत क्षेत्रों में महत्वपूर्ण अन्वेषण सीमाएं खुल गई हैं और अपतटीय अन्वेषण गतिविधि में तेजी आई है। पेट्रोलियम मंत्री ने कहा कि वर्ष 2015 से भारत में कार्यरत अन्वेषण और उत्पादन कंपनियों ने 172 हाइड्रोकार्बन क्षेत्र खोजे हैं, जिनमें 62 अपतटीय क्षेत्रों में हैं। हरदीप पुरी ने बंगाल-अराकान तलछट प्रणाली के अंतर्गत अंडमान और निकोबार अपतटीय बेसिन के भूवैज्ञानिक महत्व का उल्लेख किया जो इस बेसिन के जंक्शन पर स्थित है। हरदीप सिंह पुरी ने अब तक के अन्वेषण परिणामों का अवलोकन प्रस्तुत करते हुए बताया कि ओएनजीसी ने 20 ब्लॉक में हाइड्रोकार्बन खोजें की हैं, जिनमें अनुमानित 75 मिलियन मीट्रिक टन तेल समतुल्य एमएमटीओई भंडार है। ऑयल इंडिया लिमिटेड ने पिछले चार वर्षों में सात तेल और गैस स्त्रोतों की खोज की है।

क्रिप्टो निवेश में दिल्ली-एनसीआर की बादशाहत कायम

नई दिल्ली। क्रिप्टो ट्रेडिंग प्लेटफ़ॉर्म क्वाइनस्विच ने कहा कि दिल्ली-एनसीआर देश के क्रिप्टो निवेश परिदृश्य में लगातार अग्रणी बना हुआ है। क्वाइनस्विच की यहाँ जारी रिपोर्ट 'इंडिया क्रिप्टो पोर्टफोलियो- हाउ इंडिया इन्वेस्ट्स' के 2025 की दूसरी तिमाही के संस्करण में कहा गया है कि क्रिप्टो निवेश के मामले में दिल्ली-एनसीआर देश में शीर्ष पर बना हुआ है। इसके बाद क्रमशः बेंगलुरु और मुंबई का स्थान है। देश के कुल क्रिप्टो निवेश का 26.6 प्रतिशत इन्हीं तीनों महानगरों से आता है। क्वाइनस्विच के उपाध्यक्ष बालाजी श्रीहरि ने कहा, साल 2025 की दूसरी तिमाही क्रिप्टो के लिए वैश्विक स्तर पर विशेष रही, और भारत भी इससे अछूता नहीं है। बिटकॉइन का 1,23,000 डॉलर से ऊपर जाना, पश्चिमी देशों में नीति परिवर्तन और निवेशकों का बढ़ता विश्वास, इन सबसे भागीदारी में जबरदस्त उछाल लाया है। भारत में क्रिप्टो अब स्पष्ट रूप से मुख्यधारा में आ चुका है, और अधिकांश निवेशक वॉलेट्स का लाभ में होना इस प्रणाली की मजबूती को दर्शाता है। भारतीय निवेशक बिटक्वाइन (बीटीसी) और एथेरियम (ईटीएच) जैसे ब्लू-चिप एसेट्स से लेकर मीम और गेमिंग टोकन जैसे साहसिक निवेशों तक संतुलित पोर्टफोलियो बना रहे हैं। यह रफ्तार वास्तविक है, क्रिप्टो को अपनाने की गहराई बढ़ रही है, और यही देश को दुनिया के सबसे गतिशील क्रिप्टो बाजारों में से एक बना रहा है।

शुरुआती कारोबार में उतार-चढ़ाव के बीच शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स और निफ्टी में मामूली बढ़त

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान उतार-चढ़ाव के बीच मामूली तेजी का रुख बना हुआ है। आज के कारोबार की शुरुआत भी मजबूती के साथ हुई थी। हालांकि बाजार खुलते ही लिवालों और बिकवालों के बीच खींचतान शुरू हो गई, जिसकी वजह से शेयर बाजार की चाल में भी लगातार उतार-चढ़ाव होने लगा। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने बिकवाली के दबाव में कुछ देर के लिए लाल निशान में भी गोता लगाया। वहीं, खरीदारी का सपोर्ट मिलते ही दोनों सूचकांकों ने रिकवरी करके हरे निशान में अपनी जगह बना ली। सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.06 प्रतिशत और निफ्टी 0.09 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।

सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से लार्सन एंड टूब्रो, जेएसडब्ल्यू स्टील, एशियन पेंट्स, एनटीपीसी और टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के शेयर 4.20 प्रतिशत से लेकर 0.79 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर टाटा मोटर्स, डॉ रेड्डीज लेबोरेट्रीज,

हिंदुस्तान यूनिलीवर, कोल इंडिया और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर 3.37 प्रतिशत से लेकर 0.36 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभीतक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,366 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,495 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 871 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 10 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 20 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 30 शेयर हरे निशान में और 20 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 256.57 अंक की मजबूती के साथ 81,594.52 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही तेजड़ियों और मंदड़ियों के बीच एक-दूसरे पर हावी होने की कोशिश शुरू हो गई। बिकवाली के दबाव में सेंसेक्स लाल निशान में 81,307.27 अंक तक गिर गया। इसके थोड़ी देर बाद ही खरीदारी शुरू हो जाने की वजह से इस सूचकांक ने दोबारा हरे निशान में अपनी जगह बना ली। बाजार में सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 51.94 अंक की बढ़त के साथ 81,389.89 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह एनएसई के निफ्टी ने आज 69.30 अंक उछल कर 24,890.40 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही लिवालों और बिकवालों के बीच खींचतान शुरू हो जाने के कारण इस सूचकांक की चाल में उतार-चढ़ाव होने लगा। बिकवाली के दबाव में ये सूचकांक लाल निशान में 24,813.90 अंक तक गिर गया। वहीं, खरीदारी का सपोर्ट मिलने पर इसने 24,892.05 अंक तक की छलांग भी लगाई। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद निफ्टी 21.30 अंक की मजबूती के साथ 24,842.40 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

सब जूनियर पुरुष हॉकी राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में दूसरे दिन जम्मू-कश्मीर, बिहार, उत्तराखंड, बंगाल, गुजरात और केरल की जीत

एजेंसी

चेन्नई। 15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2025 के दूसरे दिन कई रोमांचक और एकतरफा मुकाबले खेले गए। दिन भर चले मुकाबलों में जम्मू-कश्मीर, हॉकी एसोसिएशन ऑफ बिहार, हॉकी उत्तराखंड, हॉकी बंगाल, हॉकी गुजरात और केरल हॉकी ने अपने-अपने मैचों में शानदार जीत दर्ज की।

डिवीजन 'सी' के मुकाबले: दिन की शुरुआत में जम्मू-कश्मीर ने ले पुडुचेरी हॉकी को कड़े मुकाबले में 1-0 से मात दी। पूल ए के इस मैच में कप्तान प्रभवीर सिंह बाली ने 53वें मिनट में निर्णायक गोल दागा। इसके बाद हुए मुकाबले में हॉकी एसोसिएशन ऑफ बिहार ने त्रिपुरा के खिलाफ सबसे बड़ी जीत दर्ज की। बिहार ने त्रिपुरा को 19-0 के बड़े अंतर से हराकर अपनी ताकत का अहसास कराया। इस मैच में सत्यंम कुमार पांडे (5', 40', 60') और अमृतांशु पांडे (36', 42', 43', 47') ने हैट्रिक लगाई। इनके अलावा राज पांडे (8', 13', 33'), निखिल नवीन कुमार (8', 26'), लक्ष कुमार (16'), सुमन कुमार (29', 58', 60'), दीपू विश्वकर्मा (3'), छोटू कुमार (49') और रंजन आशीष (50') ने भी स्कोरशीट पर अपना नाम दर्ज कराया।

मैरा मांदरेया क्रिकेट क्लब के नाम रहा फाइनल, बच्चे अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए करें निरंतर प्रयास : सुरेश शर्मा

अखनूर। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं जिला विकास परिषद के सदस्य पंडित सुरेश शर्मा विधानसभा छंब के ब्लॉक मैरा मांदरेया में चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस क्रिकेट प्रतियोगिता में आठ टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मैच मैरा मांदरेया क्रिकेट टीम और ताचड़वा क्रिकेट टीम के बीच हुआ। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मैरा मांदरेया क्रिकेट टीम ने जीत के लिए 152 रन का लक्ष्य रखा। परिणामस्वरूप ताचडवा क्रिकेट टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए मात्र 76 रन पर सिमट गई और मैरा मांदरेया की टीम ने फाइनल मैच अपने नाम कर लिया। इसमें संजीव सिंह मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ़ द टूर्नामेंट अभिनंदन शर्मा रहे।सुरेश शर्मा ने दोनों टीमों को अच्छे खेल के लिए शुभकामनाएं दी और पुरस्कार वितरण किए। इसके अलावा सुरेश शर्मा ने वहां पर उपस्थित सभी खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल में हार जीत लगी रहती है। हार जाओ तो हारने का कारण ढूंढ कर उससे सीख लो ताकि अगली बार जीत सको। सुरेश शर्मा ने टूर्नामेंट आयोजकों को क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी और कहा इसी तरह से आगे भी ऐसी प्रतियोगिताएं होनी चाहिए जिससे क्षेत्र में बच्चों का उत्साह बढ़ता है और शारीरिक व मानसिक संतुलन बना रहता है।

राष्ट्रीय स्तर की कबड्डी प्रतियोगिता के लिए केन्द्रीय विद्यालय हरदोई की टीम घोषित

हरदोई। बेंगलुरु में होने वाली राष्ट्रीय स्तर की कबड्डी प्रतियोगिता के लिए हरदोई के केंद्रीय विद्यालय की टीम का चयन हो गया है।यह प्रतियोगिता 2 अगस्त से 6 अगस्त 2025 तक आयोजित होगी। इस टीम में देव मिश्रा, स्वतंत्र पाल, प्रणव पांडे, मोहम्मद अब्दुल्ला, सोमल, हर्षित वर्मा, अंश शर्मा, शिवेंद्र कुमार, उत्कर्ष सिंह, आयुषी पाल, अभय पाल और आर्य सिंह छात्रों का चयन किया गया है। केन्द्रीय विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहम्मद राशिद ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता की तैयारी के लिए 10 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय, हरदोई में लगाया गया था। इस कैंप में वरिष्ठ कोच देवेश मिश्रा ने खिलाड़ियों को प्रतिदिन कबड्डी के नियम, रणनीतियां और तकनीकी कौशल सिखाए। इसके साथ ही अभ्यास के माध्यम से खिलाड़ियों की कमियों की पहचान कर उन्हें सुधारने पर विशेष ध्यान दिया गया। उन्होंने बताया कि शिविर के संचालन में विद्यालय के मुख्य शारीरिक एवं स्वास्थ्य शिक्षक तथा कोच नवींद्र की अहम भूमिका रही। कोच नवींद्र के नेतृत्व में चयनित टीम बेंगलुरु जाएगी। इस प्रशिक्षण में विद्यालय के सीनियर अंडर-17 कबड्डी खिलाड़ी विशाल यादव और उत्कर्ष यादव ने भी सक्रिय सहयोग दिया।

एएफसी महिला एशियाई कप 2026: भारत, जापान, वियतनाम और चीनी ताइपे के साथ ग्रुप सी में

नई दिल्ली। भारतीय महिला फुटबॉल टीम को एएफसी महिला एशियन कप 2026 के ग्रुप सी में जापान, वियतनाम और चाइनीज ताइपे के साथ रखा गया है। यह ग्रुपिंग सिडनी टाउन हॉल में आयोजित आधिकारिक ड्रा समारोह में तय की गई। यह पहली बार है, जब भारतीय महिला टीम ने एशियन कप के लिए प्रदर्शन के आधार पर क्वालीफाई किया है। पिछली बार भारत को मेज़बान देश होने के नाते सीधे एंट्री मिली थी। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के 21वें संस्करण के लिए आठ टीमों ने 23 जून से 19 जुलाई के बीच खेले गए क्वालिफायर मुकाबलों के ज़रिए स्थान सुनिश्चित किया। भारत ने रैंकिंग में ऊँचे स्थान पर काबिज थाईलैंड को हराकर ऐतिहासिक जीत के साथ टूर्नामेंट का टिकट हासिल किया।

सीएएफए नेशंस कप 2025: भारत लेगा मलेशिया की जगह, ईरान, ताजिकिस्तान जैसी टीमों से होगी भिड़ंत

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय फुटबॉल टीम अब सेंट्रल एशियन फुटबॉल एसोसिएशन(सीएएफए) नेशंस कप 2025 में भाग लेगी, जहां वह मलेशिया की जगह लेगी, जिसने लॉजिस्टिक कारणों से टूर्नामेंट से अपना नाम वापस ले लिया है। सीएएफए ने एक आधिकारिक बयान में कहा, मलेशिया की भागीदारी पहले ही तय हो गई थी और उन्हें टूर्नामेंट की तारीखों (29 अगस्त से 8 सितंबर) की पूरी जानकारी थी, जो कभी बदली नहीं गयी, लेकिन इस देर से हुए नाम वापसी ने आयोजन की तैयारियों को प्रभावित किया है, क्योंकि योजनाएं पहले ही उन्नत चरण में थीं।अब भारत 'हरिमाउ मलाया' (मलेशिया की टीम) की जगह लेगा। यह टूर्नामेंट भारतीय टीम के लिए एक नए युग की शुरुआत भी होगा, क्योंकि हाल ही में मैनोलो मार्केज़ के साथ पारस्परिक सहमति से करार खत्म हो गया था। भारत को जिन टीमों के साथ ग्रुप में

रखा गया है, वे ईरान (डिफेंडिंग चैंपियन), ताजिकिस्तान (2023 एशियन कप क्वार्टरफाइनलिस्ट) और अफगानिस्तान हैं। इस टूर्नामेंट में भारत के पास ईरान और ताजिकिस्तान जैसी ऊंची रैंकिंग वाली टीमों को हराकर मूल्यवान रैंकिंग अंक अर्जित करने का सुनहरा अवसर होगा। टूर्नामेंट फॉर्मेट के अनुसार, हर ग्रुप की शीर्ष दो टीमें प्लेऑफ स्टेज में पहुंचेंगी। 8 सितंबर को दो मुकाबले खेले जाएंगे, तीसरे स्थान के लिए मुकाबला (ग्रुप रनर-अप के बीच)दुशांबे में और फाइनल मुकाबला (ग्रुप विजेताओं के बीच) ताशकंद में होगा।

भारत का संभावित कार्यक्रम:

भारत बनाम ताजिकिस्तान - 29 अगस्त

भारत बनाम ईरान - 1 सितंबर

भारत बनाम अफगानिस्तान - 4 सितंबर

भारतीय फुटबॉल टीम पिछले 16 महीनों में किसी भी प्रतिस्पर्धात्मक मैच में जीत दर्ज करने में असफल रही है। 2024 एशियन कप में ग्रुप स्टेज से ही बाहर होने के बाद पहले इगोर स्टिमैक और फिर मैनोलो मार्केज़ को कोच पद से हटाया गया। वर्तमान में भारत की फीफा रैंकिंग 133 है, जो पिछले एक दशक में सबसे निचला स्तर है। अब टीम एक नई शुरुआत की ओर देख रही है, और 1 अगस्त को नया मुख्य कोच नियुक्त किया जाना तय है। संभावित उम्मीदवारों में खालिद जमील, स्टीफन कॉन्स्टेंटाइन, और स्टेफ़न टार्कोविक के नाम शामिल हैं।

महिला कोपा अमेरिका 2025: ब्राजील ने उरुग्वे को 5-1 से रौंदा, फाइनल में किया प्रवेश

एजेंसी

क्विटो। कोपा अमेरिका महिला फुटबॉल टूर्नामेंट 2025 के सेमीफाइनल में ब्राजील ने उरुग्वे को 5-1 से करारी शिकस्त देकर फाइनल में प्रवेश किया। इस जीत के साथ ही ब्राजील ने 2028 लॉस एंजेलिस ओलंपिक के लिए भी क्वालिफाई कर लिया है। मैच में ब्राजील की ओर से अमांडा गुटिरेस ने दो गोल दागे और शानदार प्रदर्शन किया। होने वाले फाइनल में ब्राजील का मुकाबला कोलंबिया से होगा। यह 2022 के फाइनल की पुनरावृत्ति होगी, जिसमें ब्राजील ने जीत दर्ज कर अपना आठवां खिताब हासिल किया था। 24 वर्षीय गुटिरेस ने कहा, हम बहुत खुश हैं, यह मेरा पहला फाइनल है। यह हमारे कोच के साथ की गई कड़ी मेहनत का नतीजा है। कोलंबिया एक मजबूत टीम है, लेकिन हम ट्रॉफी जीतने के लिए पूरी मेहनत कर रहे हैं। गुटिरेस ने मैच की शुरुआत में 11वें मिनट में मार्ता की शानदार क्रॉस पर हेडर के जरिए पहला गोल किया। दो मिनट बाद ही जिओ गारबेलिनी ने ढीली पड़ी गेंद को नेट में डालते हुए ब्राजील की बढ़त 2-0 कर दी।

ई-स्पोर्ट्स वर्ल्ड कप 2025: अर्जुन एरिगैसी शतरंज इवेंट के क्वार्टरफाइनल में पहुंचे

एजेंसी

नई दिल्ली। रियाद (सऊदी अरब) में चल रहे ई-स्पोर्ट्स वर्ल्ड कप 2025के शतरंज इवेंट में भारत के ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी ने क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली। एरिगैसी (ग्रुप बी) के साथ अन्य ग्रुप विजेता लेवोन अरोनियन (ग्रुप ए), अलीरेज़ा फिरोज़ा (ग्रुप सी) और मैग्नस कार्लसन (ग्रुप डी) भी अंतिम आठ में पहुंचे हैं। कुल 16 खिलाड़ियों की इस प्रतियोगिता में कुल इनामी राशि 15 लाख अमेरिकी डॉलर है। क्वार्टरफाइनल के शेष चार स्थान 'लूजर्स ब्रैकेट' के विजेताओं को मिलेंगे। ग्रुप ए में इयान नेपोमनियाची, व्लादिस्लाव अर्तेमिएव और आंद्रे एसिपेंको शामिल हैं। ग्रुप बी में अनीश गिरी, निहाल सरीन और मैक्सीम वाचिए-लाग्राव हैं। ग्रुप सी में जावोखिर सिंदारोव, वेई यी और हिकारू नाकामुरा जबकि ग्रुप डी में नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव, फाबियानो करूआना और जान-क्रिज़टोफ डूडा शामिल हैं। हर मुकाबले का

टाइम कंट्रोल 10 मिनट का है जिसमें कोई इनक्रिमेंट नहीं है। प्रत्येक मुक़ाबला दो गेम की श्रृंखला होती है, जिसमें आवश्यकता पड़ने पर आर्मगेडन टाईब्रेकर भी खेला जाता है।एरिगैसी ने अपने अभियान की शुरुआत हमवतन निहाल सरीन पर 2-0 की जीत से की। ग्रुप बी के एक अन्य मैच में मैक्सीम वाचिए-लाग्राव ने अनीश गिरी को 1.5-0.5 से हराया। ग्रुप विजेता तय करने वाले मुकाबले में एरिगैसी ने काले मोहरों से पहला गेम जीता, हालांकि वाचिए-लाग्राव ने वापसी करते हुए दूसरा गेम जीत लिया और मुकाबला आर्मगेडन तक पहुंच गया। निर्णायक आर्मगेडन गेम में भारतीय ग्रैंडमास्टर ने सफेद मोहरों से जीत दर्ज कर ग्रुप टॉप करते हुए क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। लूजर्स ब्रैकेट के सेमीफाइनल में निहाल सरीन का मुकाबला अब अनीश गिरी से होगा, जिसमें जीतने वाला खिलाड़ी क्वार्टरफाइनल के लिए वाचिए-लाग्राव से भिड़ेगा।

कनाडियन ओपन 2025: एक महीने बाद कोर्ट पर लौटे अलेक्जेंडर ज्वेरेव की विजयी वापसी

एजेंस

टोरंटो। कनाडियन ओपन 2025 (एटीपी टोरंटो मास्टर्स) में टॉप सीड जर्मन खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने एक महीने बाद कोर्ट पर वापसी करते हुए शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने खेले गए मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के एडम वॉल्टन को 7-6 (8/6), 6-3 से हराकर तीसरे दौर में जगह बना ली।विंबलडन के पहले दौर में हारने के बाद ज्वेरेव ने मानसिक थकावट के कारण खेल से ब्रेक लिया था। इस दौरान उन्होंने राफेल नडाल की मल्लोर्का अकादमी का दौरा भी किया, जहां उन्होंने सलाह और करियर से जुड़े विचार-विमर्श किए। पहले सेट के टाईब्रेकर में वह 4-1 से पीछे थे, लेकिन शानदार वापसी करते हुए सेट अपने नाम किया। मैच के दौरान उन्होंने एक 52 शॉट्स की लंबी रैली भी खेली। जीत के बाद अब उनके करियर में कुल 499 मैच जीत हो चुकी हैं। ज्वेरेव ने मैच के बाद कहा, कभी-कभी केवल जीत ही मायने रखती है। यह सबसे सुंदर मैच नहीं था, लेकिन जीत

जरूरी थी। अब उनका सामना इटली के माटेओ अर्नाल्डी से होगा, जिन्होंने त्रिस्टन स्कूलकेट को 6-3, 3-6, 6-3 से हराया। अन्य मुकाबलों में तीसरे वरीय लोरेन्जो मुसेत्ती और पांचवें वरीय होल्गर रून ने भी सीधे सेटों में जीत दर्ज की। मुसेत्ती ने ऑस्ट्रेलियाई क्वालिफायर जेम्स डकवर्थ को 7-5, 6-1 से हराया। रून ने फ्रांस के जियोवानी म्पेत्शी पेरिकरड को 7-6 (9/7), 6-3 से मात दी। आठवें वरीय कैस्पर रूड ने रोमन सफियुल्लिन को 6-3, 6-3 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया। पूर्व चैंपियन और 10वें वरीय दानील मेदवेदेव ने डलिबोर स्विर्सना को 7-6 (7/3), 6-4 से हराया। स्विर्सना ने इस मैच में 40 से अधिक अनफोर्स्ड एरर्स किए। 11वें वरीय कारेन खाचानोव ने अर्जेंटीना के जुआन पाब्लो फिकोविच को 6-4, 6-2 से हराया। कनाडाई खिलाड़ी डेनिस शापोवालोव की घरेलू टूर्नामेंट में खराब फॉर्म जारी रही। उन्हें अमेरिका के लर्नर टिएन के खिलाफ 7-6 (7/4), 7-5 से हार का सामना करना पड़ा। शापोवालोव की यह घरेलू धरती पर लगातार हार का सिलसिला 2019 से जारी है।

डुरंड कप : सानन मोहम्मद के गोल से जमशेदपुर एफसी ने इंडियन आर्मी एफटी को 1-0 से हराया

एजेंसी

जमशेदपुर। सानन मोहम्मद के दूसरे हाफ में किए गए शानदार गोल की बदौलत जमशेदपुर एफसी ने इंडियन आर्मी एफटी को 1-0 से हराते हुए 134वें इंडियन ऑयल डुरंड कप के ग्रुप सी में लगातार दूसरी जीत दर्ज की। जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले गए इस मुकाबले में मिली जीत के साथ रेड माइनर्स अब दो मैचों में छह अंकों के साथ ग्रुप में शीर्ष पर पहुंच गई है और नॉकआउट चरण की ओर मजबूती से बढ़ रही है। जमशेदपुर एफसी के कोच खालिद जमील ने इस मुकाबले के लिए अपनी शुरुआती एकादश में दो बदलाव किए, जहां कार्तिक चौधरी और सौरव दास को शामिल किया गया। वहीं, इंडियन आर्मी के कोच मनीष वाहे ने 4-3-3 फॉर्मेशन में अनुभवी खिलाड़ियों के साथ उतरने का फैसला लिया। इंडियन आर्मी ने मैच की शुरुआत से ही आक्रामक रवैया अपनाया और पहले

15 मिनट में ही दो अच्छे मौके बनाए। समीर मुर्मू और समनंदा सिंह के प्रयास गोल में तब्दील नहीं हो सके। मिडफील्ड में लेताओलेन खोंगसाई और पी. क्रिस्टोफर कामेई की जोड़ी ने जमशेदपुर को दबाव में रखा। वहीं, गोलकीपर अमृत गोपे ने कई मौकों पर बेहतरीन बचाव करते हुए अपनी टीम को पहले हाफ में बराबरी पर बनाए रखा। दूसरे हाफ की शुरुआत में कोच खालिद जमील ने वी.पी. सुहैर और निखिल बारला को मैदान में उतारकर आक्रमण को नई दिशा दी। 52वें मिनट में कार्तिक चौधरी के हेडर को सानन मोहम्मद ने सीने से नियंत्रण में लेते हुए बेहतरीन फिनिश के साथ गोल में तब्दील किया, जो आर्मी के गोलकीपर सय्यद बिन अब्दुल कादिर को पार करता चला गया। हालांकि इंडियन आर्मी ने मुकाबले में वापसी की भरपूर कोशिश की। लिटन शील का लॉन्ग रेंज शॉट क्रॉसबार से टकराया और बराबरी से चूक गया। अंतिम क्षणों में ड्रामा तब और बढ़ा जब गोलकीपर कादिर को जयेश राणे पर बॉक्स के बाहर फाउल करने के लिए रेड कार्ड दिखाया गया। इसके बाद समनंदा सिंह ने शेष मैच में गोलकीपिंग की जिम्मेदारी निभाई। अंत में, जमशेदपुर एफसी ने विपक्षी हमलों को सफलतापूर्वक रोका और तीन अंक हासिल कर ग्रुप 'सी' में शीर्ष पर जगह बना ली।

हरदीप ने रचा इतिहास, अंडर-17 ग्रीको-रोमन कुश्ती के 110 किग्रा वर्ग में बने विश्व चैंपियन

एजेंसी

नई दिल्ली। एथेंस (ग्रीस) में आयोजित अंडर-17 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में भारत के हरदीप ने 110 किलोग्राम ग्रीको-रोमन वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया। फाइनल मुकाबले में हरदीप ने ईरान के यज़दान रज़ा डेलरूज़ को कड़े मुकाबले में क्लाइटेरिया के आधार पर हराया, क्योंकि मैच 3-3 की बराबरी पर खत्म हुआ था। हरदीप ने क्वालिफिकेशन राउंड में कजाखस्तान के बाकतुर सोवेतखान को 2-0 से हराया। राउंड ऑफ 16 में उन्होंने पोलैंड के माटेउस

यारोस्लाव टोमेल्का को 4-2 से मात दी। इसके बाद क्वार्टरफाइनल में यूक्रेन के अनातोली नोवाचेंको को 9-0 से पराजित किया। सेमीफाइनल में हरदीप ने तुर्किए के एमरुल्लाह कापकान को 4-2 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया और अंततः ऐतिहासिक स्वर्ण पदक अपने नाम किया। हरदीप की यह जीत भारत के युवा कुश्ती प्रतिभाओं के लिए एक प्रेरणा है।

खो-खो को एआईईएससीबी के खेल कैलेंडर में मिली आधिकारिक मान्यता, पारंपरिक भारतीय खेल के लिए नया स्वर्ण युग शुरू

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय पारंपरिक खेल खो-खो ने खेल जगत में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज करते हुए अखिल भारतीय विद्युत क्रीड़ा नियंत्रण बोर्ड (एआईईएससीबी) के वार्षिक खेल कैलेंडर में अपनी आधिकारिक जगह बना ली है। यह निर्णय एआईईएससीबी की मुंबई में आयोजित वार्षिक आम सभा बैठक में लिया गया, जहां खो-खो को क्रिकेट, फुटबॉल, हॉकी, कबड्डी, बैडमिंटन और टेनिस जैसे अन्य 16 प्रमुख खेलों के समकक्ष स्थान दिया गया।एआईईएससीबी भारत में ऊर्जा और विद्युत क्षेत्रों से जुड़े विभागों की प्रमुख खेल संस्था है, जो वर्षों से विभिन्न खेलों को बढ़ावा देने में सक्रिय भूमिका निभा रही है। अब एआईईएससीबी की मान्यता मिलने के बाद, खो-खो खिलाड़ियों को न केवल प्रतिस्पर्धात्मक मंच मिलेगा,

बल्कि उन्हें खेल कोटे के माध्यम से करियर के स्थायी अवसर भी मिल सकेंगे। इससे पहले सेनाएं (सर्विसेज) और भारतीय रेल (रेलवे) जैसे संस्थागत निकाय भी खो-खो को अपने आधिकारिक खेल कैलेंडरों में शामिल कर चुके हैं। खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने इस अवसर को केवल प्रतीकात्मक मान्यता नहीं, बल्कि खेल की बढ़ती राष्ट्रीय प्रासंगिकता की पुष्टि बताया। उन्होंने कहा, हम देख रहे हैं कि कैसे एक परंपरागत भारतीय खेल अब शीर्ष संस्थागत मंचों तक पहुंच रहा है। यह बदलाव ग्रामीण और अर्ध-शहरी भारत के युवाओं को खो-खो को एक व्यावसायिक करियर विकल्प के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित करेगा।उन्होंने कहा कि यह विकास खो-खो के उस पेशेवर कायांतरण को रेखांकित करता है, जिसमें अब यह खेल रोजगार, सम्मान और भविष्य का माध्यम बनता जा रहा है। सरकारी विभागों में खो-खो टीमों के गठन और खिलाड़ियों को नियुक्ति में प्राथमिकता मिलने से इस दिशा में ठोस आधार बनता जा रहा है। इस महीने की शुरुआत में, भारत के उच्चतम न्यायालय के वार्षिक खेल महोत्सव में पहली बार खो-खो को शामिल किया गया, जिसने इस खेल की प्रतिष्ठा को और बढ़ाया। ऐसे प्रतिष्ठित मंचों पर खो-खो की भागीदारी यह दर्शाती है कि अब यह केवल गांवों के मैदानों तक सीमित खेल नहीं रहा, बल्कि राष्ट्रीय और संस्थागत पहचान पाने में सफल रहा है।

एवर्टन ने युवा मोरक्कन डिफेंडर आदम अजनोउ से किया करार

एजेंसी

लंदन। इंग्लिश फुटबॉल क्लब एवर्टन ने 19 वर्षीय मोरक्कन अंतरराष्ट्रीय डिफेंडर आदम अजनोउ को बायर्न म्यूनिख से साइन कर लिया है। बाएं फ्लैंक पर खेलने वाले अजनोउ ने क्लब के साथ चार साल का करार किया है। हालांकि ट्रांसफर फीस का आधिकारिक खुलासा नहीं किया गया है, लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह राशि लगभग 8 मिलियन पाउंड (लगभग 10.7 मिलियन अमेरिकी डॉलर) मानी जा रही है।

एवर्टन के कोच डेविड मोयेस ने रविवार को अमेरिका में खेले गए प्री-सीजन फ्रेंडली मुकाबले में बर्नमाउथ से हारने के बाद अजनोउ में रुचि होने की पुष्टि की थी। पिछले सीजन में अजनोउ ने बायर्न म्यूनिख की सीनियर टीम के लिए चार मुकाबले खेले थे, इसके बाद वह सीजन के दूसरे भाग में ला लीगा क्लब वायाडोलिड को लोन पर भेजे गए थे, जहां उन्होंने 13 मैचों में हिस्सा लिया। एवर्टन की आधिकारिक वेबसाइट पर अजनोउ ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, मैं यहां आकर बेहद खुश हूं और इस टीम का हिस्सा बनकर गर्व महसूस कर रहा हूं। जो प्रोजेक्ट मुझे दिया गया वह शानदार है। प्रीमियर लीग दुनिया की सबसे बेहतरीन लीग है और मैं इसे शुरू करने को लेकर बेहद उत्साहित हूं। नए एवर्टन स्टेडियम को लेकर उन्होंने कहा, यह स्टेडियम बेहद खूबसूरत है।

यह एक अच्छा अहसास देता है और हमारे फैंस के लिए भी यह शानदार है। यह हमारे लिए एकदम परफेक्ट है। कोच डेविड मोयेस ने यह भी कहा कि नई प्रीमियर लीग सीजन की तैयारी के लिए क्लब को अभी करीब पांच और खिलाड़ियों की जरूरत है।

महिला शक्ति का जूडो में जलवा: बरेली जोन की टीम ने 13 गोल्ड समेत 25 पदकों पर जमाया कब्जा

एजेंसी

बरेली। यूपी पुलिस की 50वीं वार्षिक जूडो क्लस्टर प्रतियोगिता में बरेली जोन की महिला पुलिस टीम ने अपनी धाक जमा दी। वाराणसी के भुल्लनपुर स्थित 34वीं वाहिनी पीएसी में 15 से 18 जुलाई तक चली प्रतियोगिता में प्रदेश के 14 जोनों की टीमें उतरीं, लेकिन सबसे ज्यादा तालियां बरेली की बहादुर बेटियों ने बटोरीं। टीम ने कुल 25 पदक अपने नाम किए, जिनमें 13 स्वर्ण, 7 रजत और 5 कांस्य शामिल हैं। ताइक्वांडो और पैचक सिलाट महिला वर्ग में बरेली जोन की टीम ने पहला स्थान हासिल कर बाजी मारी। वहीं कराटे और वुशु में उपविजेता बनकर अपने जुझारूपन का लोहा मनवाया। शानदार प्रदर्शन पर एडीजी बरेली जोन रमित शर्मा ने पूरी टीम को बधाई दी और कहा कि ÷ये जीत सिर्फ पदकों की नहीं, बल्कि बरेली की मेहनत, अनुशासन और नारी शक्ति की पहचान है। ताइक्वांडो महिला वर्ग में हेड कांस्टेबल नईम अहमद की कोचिंग में बरेली और मुरादाबाद की महिला पुलिसकर्मियों ने मैदान मार लिया। पैचक सिलाट महिला वर्ग में हेड कांस्टेबल राहुल आनंद की अगुवाई में बरेली की आरती देवी, मुरादाबाद की बबीता और आशा ने गोल्ड मेडल जीतकर झंडा गाड़ा। कराटे महिला वर्ग में दरोगा मधु कश्यप की निगरानी में बदायूं की प्रतिभा और मुरादाबाद के गौरव ने स्वर्ण पदक जीते।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मिचेल ओवेन को पहली बार वनडे टीम में जगह, लाबुशेन बरकरार

एजेंसी

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले जाने वाले वनडे और टी20 श्रृंखला के लिए अपनी टीम घोषित कर दी है। युवा ऑलराउंडर मिचेल ओवेन को पहली बार वनडे टीम में मौका मिला है, वहीं तेज गेंदबाज लांस मॉरिस की 50 ओवर प्रारूप में वापसी हुई है। टी20 में वेस्टइंडीज के खिलाफ प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद मिचेल ओवेन को वनडे टीम में शामिल किया गया है। उन्होंने उस सीरीज़ में 192.30 के स्ट्राइक रेट से 125 रन बनाए थे, जिसमें जमैका में पदार्पण मैच में अर्धशतक भी शामिल है। इसके अलावा उन्होंने पिछले वनडे कप सीजन में तस्मानिया की ओर से साउथ ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 69 गेंदों में 149 रन की धमाकेदार पारी खेली थी। वेस्टइंडीज दौरे पर टेस्ट टीम से बाहर किए गए मार्नस लाबुशेन को वनडे टीम में बरकरार रखा गया है।

स्टीव स्मिथ और ग्लेन मैक्सवेल के वनडे से संन्यास लेने के बाद यह टीम पहले बड़े बदलावों के दौर से गुजर रही है। स्पेंसर जॉनसन चोट के कारण बाहर हैं, जबकि जेक फ्रेजर-मैकगर्क, कूपर कोनॉली, एरॉन हार्डी, टैनीवर संगा, और सीन एबॉट को टीम से बाहर कर दिया गया है।

हेड और हेज़लवुड की वापसी, कमिंस-स्टार्क को आराम

ट्रैविस हेड और जोश हेज़लवुड की टी20 और वनडे दोनों में वापसी हुई है। वहीं पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क को घरेलू समर सीज़न से पहले आराम दिया गया है। मिचेल मार्श दोनों प्रारूपों में कप्तानी की ज़िम्मेदारी संभालेंगे। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा,वेस्टइंडीज सीरीज़ में लचीलापन और गहराई का जो परिचय मिला, वह नतीजों से परे एक सकारात्मक संकेत था। बल्लेबाजी क्रम की लचीलापन और गेंदबाजों की विविधता विशेष रूप से प्रभावशाली रही। उन्होंने आगे कहा, लांस मॉरिस को सावधानी से प्रबंधित किया गया है, लेकिन हमें भरोसा है कि वे तीनों प्रारूपों में प्रभावी हो सकते हैं।

कार्यक्रम

टी20 मैचः 10 और 12 अगस्त को डार्विन में, 16 अगस्त को केर्न्स में

वनडे सीरीजः 19 अगस्त (केर्न्स), 22 और 24 अगस्त (मैकाय)

ऑस्ट्रेलिया टी20 टीम बनाम दक्षिण अफ्रीका

मिचेल मार्श (कप्तान), सीन एबॉट, टिम डेविड, बेन द्वार्शुइस, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, जोश हेज़लवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, मैट कुनेमैन, ग्लेन मैक्सवेल, मिचेल ओवेन, मैथ्यू शॉर्ट, एडम जांपा।

ऑस्ट्रेलिया वनडे टीम बनाम दक्षिण अफ्रीका

मिचेल मार्श (कप्तान), जेवियर बार्टलेट, एलेक्स कैरी, बेन द्वार्शुइस, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, जोश हेज़लवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, मार्नस लाबुशेन, लांस मॉरिस, मिचेल ओवेन, मैथ्यू शॉर्ट, एडम एडम जांपा।